**सच, सिर्फ सच**

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 11 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 334, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 275 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए और सेंसेक्स 275 अंक गिर गया। } 14

## ओमान-न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता अंतिम चरण में

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि ओमान और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए बातचीत अपने अंतिम चरण में है। } 16



## बाराबंकी में भीषण सड़क हादसा, 5 की मौत

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर खड़ी कार में दूसरी कार ने मारी टक्कर, धूं-धूं कर जली कारें

जिला संवाददाता



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर स्थित ग्राम डीह के निकट आज बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

हादसे के समय दोनों कारों में कुल नौ लोग सवार थे। पुलिस के मुताबिक, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार को ग्राम डीह के निकट खड़ी वैगन आर कार में पीछे से तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन धू-धूकर जल उठे। हादसे में महिला एवं किशोरी समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना में मरने वालों की पहचान गुलिस्ता (49), समरीन (22), इलमा खान (12), इश्मा खान (6) और जियान (10) के रूप में हुई है। इस घटना में चार अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत बेहद नाजुक है। उन्होंने बताया कि दोनों वाहनो में कुल नौ लोग सवार थे। पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में भर्ती करवाया है। ग्रामीणों के अनुसार एक्सप्रेसवे पर खड़ी एक वैगन आर में पीछे से ब्रेजा कार ने टक्कर मार दी, जिससे वैगन आर में आग लग गई और दोनों वाहन जलने लगे।

## नशाखोरी और स्मार्टफोन की लत से दूर रहें युवा : योगी

### महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह के ग्रैंड फिनाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दिया संबोधन

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नशाखोरी और स्मार्टफोन की लत को आज के युवाओं के लिये सबसे बड़ा खतरा करार देते हुए बुधवार को कहा कि युवाओं से अपने और देश के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए इन दोनों बीमारियों से दूर रहने की जरूरत है।

महायोगी गोरखनाथ यूनिवर्सिटी में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह के ग्रैंड फिनाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे की लत में फंसा युवा परिवार, समाज या देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियां नहीं निभा सकता। आज के युवाओं के सामने दो सबसे बड़े खतरे हैं, जिनमें नशाखोरी और स्मार्टफोन की लत शामिल है। उन्हें अपने और अपने देश के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए इन दोनों से दूर रहना चाहिए। आदित्यनाथ ने इस मौके पर उत्तराखंड के गवर्नर लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (रिटायर्ड) का



चीफ गेस्ट के तौर पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को आगाह किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

### यूनेस्को की सूची में दीपावली को शामिल करना गर्व की बात: सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में सम्मिलित किए जाने को गर्व का पल बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय उस उत्सव की वैश्विक पहचान है, जो अंधकार पर प्रकाश की विजय और नए आरंभ के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति व परंपरा की महत्ता को विश्वपटल पर और अधिक मजबूती प्रदान करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स के माध्यम से विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के दृष्टिकोण से इस उपलब्धि के महत्व को रेखांकित किया। एक बयान के मुताबिक उन्होंने कहा कि यह सम्मान उत्तर प्रदेश के लिए इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अयोध्या प्रभु श्रीराम की पावन भूमि ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

### हिंसक झड़प में 10 बच्चों समेत कई लोगों की मौत

सैन जुआन। हैती की राजधानी पोर्ट-ओ-प्रिंस में एक शक्तिशाली गिरोह के भीतर हुई हिंसक झड़पों में कई लोगों की मौत हो गई है, जिनमें 10 बच्चे भी शामिल हैं। एक स्थानीय मानवाधिकार समूह ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शांति एवं विकास समिति के अनुसार, मृतकों में राजधानी के बेल-एयर बस्ती में गिरोह के शीर्ष सदस्यों में शुमार डेड़े भी शामिल है, जिसका सिर कलम कर दिया गया। वहीं, गिरोह का प्रभावशाली सदस्य और पूर्व पुलिस अधिकारी केम्पेस सानोन घायल हुआ है। यह स्पष्ट नहीं है कि उसकी चोटें कितनी गंभीर हैं, लेकिन आशंका है कि हालिया झड़पें शहर में और अधिक हिंसा फैला सकती हैं, जो पहले से 90 प्रतिशत तक गिरोहों के नियंत्रण में है।यह हिंसा इसलिए भी असामान्य है क्योंकि सितंबर 2023 में कई गिरोह विव अंसाम नामक गठबंधन बनाकर आपसी लड़ाई रोकने पर सहमत हुए थे। सानोन और उसका गिरोह इसी गठबंधन का हिस्सा है, जिसे अमेरिका विदेशी आतंकवादी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### इमारत ढहने से 19 लोगों की मौत

फेज (मोरक्को)। मोरक्को के फेज शहर में रात में दो बहुमंजिला इमारतों के ढहने से 19 लोगों की मौत हो गई। इस साल यहां इमारतों के ढहने की यह दूसरी घातक घटना है। प्राधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मोरक्को की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, प्रभावित आवासीय इमारतों में आठ परिवार रहते थे। हादसे में 16 लोग घायल हो गए और उन्हें नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि पूरे इलाके को खाली करा लिया गया है और खोज एवं बचाव अभियान जारी है। बुधवार सुबह तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया था कि इमारत के ढहने का कारण क्या था या कितने लोग लापता थे। फेज मोरक्को का दूसरा सबसे बड़ा शहर है और इस महीने होने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# घुसपैठिये नहीं तय करेंगे कौन बनेगा पीएम-सीएम

### लोकसभा में एसआईआर को लेकर विपक्ष पर बरसे गृहमंत्री अमित शाह, सदन से विपक्ष का वॉकआउट

एजेंसी

नयी दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को आरोप लगाया कि घुसपैठिये यह तय नहीं करेंगे कि भारत का प्रधानमंत्री और राज्यों का मुख्यमंत्री कौन होगा। कांग्रेस समेत विपक्ष के पास विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करने का कोई उचित कारण नहीं है और उनके विरोध का मूल मुद्दा अवैध घुसपैठियों को मतदाता सूची में बनाये रखने का है।

चुनाव सुधारों पर लोकसभा में चर्चा करते हुए शाह ने यह भी कहा कि हमारी नीति घुसपैठियों को खोजने, मतदाता सूची से उनका नाम हटाने और देश से निकालने की है, जबकि कांग्रेस समेत विपक्ष की नीति घुसपैठियों को मान्यता प्रदान कर मतदाता सूची में डालने की है। शाह के बयान पर विरोध जताते हुए कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया।

गृह मंत्री ने अपने करीब डेढ़ घंटे के भाषण में कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मैंने अपने भाषण में नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी पर भी सवाल किए तब इन्होंने बहिष्कार नहीं किया। घुसपैठियों के सवाल पर भाग गए। विपक्ष कितनी भी बार बहिष्कार करे ले, हम एक भी घुसपैठिये को देश में नहीं रहने देंगे। विदेशी नागरिकों को भारत में मतदान करने का अधिकार नहीं दिया जा



सकता। शाह ने कहा कि जनसांख्यिकी में यह बदलाव बहुत बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष देश में घुसपैठ के लिए केंद्र से सवाल करता है। सरकार ने कई सीमावर्ती राज्यों में घुसपैठ रोकने के लिए बाड़ लगाने और सीमा को मजबूत करने का काम पूरा कर लिया है, केवल पश्चिम बंगाल अधूरा रह गया है क्योंकि वहां की सरकार बाड़बंदी नहीं होने दे रही। उन्होंने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें बताना चाहता हूं कि घुसपैठियों को बचाओगे तो भाजपा की जीत तय है। आप केंद्र पर सवाल कर रहे हो। आपकी कोई जिम्मेदारी नहीं है? ये देश के भविष्य और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बिहार की जनता ने (चुनाव में) महान फैसला दे दिया है और बंगाल भी यह करने जा रहा है। शाह ने विपक्ष पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर झूठ फैलाने और पूरी दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि चुनावों में कांग्रेस की हार की वजह ईवीएम एवं मतदाता सूची नहीं, बल्कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नेतृत्व है। उन्होंने विपक्षी सदस्यों की टोका-टोकी के बीच कहा कि एक दिन कांग्रेस के कार्यकर्ता उनसे हार का हिसाब मांगेंगे। शाह ने कहा कि संविधान निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची बनाने का पूर्ण अधिकार देता है तथा एसआईआर मतदाता सूची के शुद्धीकरण की प्रक्रिया है। उन्होंने विपक्ष पर एसआईआर पर चार महीने से एक तरफा झूठ फैलाने और जनता को गुमराह करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। गृहमंत्री ने कहा कि देश का लोकतांत्रिक इतिहास 1952 में शुरू हुआ और तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के समय 1953 में पहले एसआईआर से लेकर 2003 तक कई बार यह कवायद देश में हुई। 2010 में एक चुनाव आयुक्त ने निर्णय किया कि रिटर्निंग ऑफिसर किसी मतदाता का नाम सूची से नहीं काट सकते, इसलिए जिन लोगों की मृत्यु हो गई, जिनका स्थानांतरण हुआ, उनके नाम काटे नहीं गए। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने संवाददाता सम्मेलनों में मतदाता सूचियों में त्रुटियों की बात करते रहे हैं और निर्वाचन आयोग ऐसी गड़बड़ियों को दूर कर शुद्धीकरण के लिए ही तो एसआईआर कर रहा है। शाह ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आपका पैसा, आपका अधिकार अभियान में हिस्सा लें: प्रधानमंत्री

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आपका धन, आपका अधिकार अभियान में हिस्सा लेने का बुधवार को आग्रह किया। इसके तहत पिछले दो महीनों में 2,000 करोड़ रुपये की बिना दावे वाली संपत्तियां उनके असली मालिकों को सफलतापूर्वक लौटाई गई हैं। सरकार ने चार अक्टूबर को आपका पैसा, आपका अधिकार राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया था। इसका उद्देश्य बैंक जमा, बीमा, लाभांश, शेयर, म्यूचुअल फंड और पेंशन सहित लावारिस पड़ी वित्तीय संपत्तियों को उनके वैध दावेदारों तक पहुंचाने में मदद करना है।

मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, सभी हितधारकों खासतौर पर सरकार, नियामक निकायों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के समन्वित प्रयासों से करीब 2,000 करोड़ रुपये पहले ही उनके सही मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। अक्टूबर से पांच दिसंबर 2025 तक 477 जिलों में शिविर आयोजित किए गए। इनमें जन प्रतिनिधियों, जिला प्रशासनों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री लोगों से आपका पैसा, आपका अधिकार आंदोलन में हिस्सा लेने का आग्रह करते हुए कहा, हम आने वाले दिनों में इस आंदोलन को और व्यापक बनाना चाहते हैं। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय बैंकों में हमारे ही नागरिकों का बिना दावे का 78,000 करोड़ रुपये पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियों के पास करीब 14,000 करोड़ रुपये की राशि बिना दावे के पड़ी है। साथ ही म्यूचुअल फंड कंपनियों के पास करीब 3,000 करोड़ रुपये और 9,000 करोड़ रुपये की ऐसी लाभांश राशि रखी है।

## धामी मंत्रिमंडल ने 19 प्रस्तावों को दी मंजूरी

### 'जन विश्वास एक्ट' के तहत छोटे अपराधों में सजा की जगह बढ़ा आर्थिक दंड

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में 19 प्रस्तावों पर मंत्रिमंडल ने अपनी मुहर लगाई।

जिसमें ऊर्जा विभाग, वित्त विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग कृषि विभाग, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा नियोजन विभाग और तकनीकी विभाग से संबंधित प्रस्ताव शामिल थे। धामी कैबिनेट ने नियोजन विभाग के प्रस्ताव पर एक नए एक्ट जन विश्वास एक्ट को मंजूरी दी है। इसके साथ ही उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में रिवर्स पलायन को बढ़ाने के लिए सरकार ने अब कृषि भूमि में रिजॉर्ट बनाने के लिए लैंड यूज बदले बिना रिसोर्ट बनाने



संबंधी प्रस्ताव को हरी झंडी दी है। जिसके तहत पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में भूमि की सीमा को भी घटा दिया है। वहीं उच्च शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा के तहत मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना मंत्रिमंडल की सहमति बनी है। जिसके तहत अब कंपटीशन की तैयारी करने वाले राज्य की संस्थाओं में पढ़ रहे छात्रों को फ्री कोचिंग की सुविधा दी जाएगी। जिसमें पूरा पाठ्यक्रम डाउनलोड करने की भी व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री सचिव शैलेश बगौली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। इस दौरान प्रमुख सचिव आवास मीनाक्षी सुंदरम, अपर सचिव मीनाक्षी सुंदरम व महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी भी मौजूद रहे। ऊर्जा विभाग ने मुआवजा राशि में इजाफा किया, 2024 के लिए पिटकूल में बनने वाले टावर और एक मीटर एरिया में दोगुना मुआवजा मिलेगा, लाइन के नीचे खेत की मुआवजा राशि में भी इजाफा किया गया। प्लानिंग विभाग के तहत 7 एक्ट को आईडेंटिफाई करते हुए खत्म किया गया और एक नाम दिया गया है जिसका नाम है जन विश्वास एक्ट है, जिसका लिए अब छोटे-छोटे अपराधों में जेल नहीं भेजा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अवमानना की शक्ति न्यायाधीशों की ढाल-तलवार नहीं

### आपराधिक अवमानना के मामले में महिला को दी गयी सजा को सुप्रीम कोर्ट ने किया माफ

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि अवमानना की शक्ति का प्रयोग करते समय न्यायालयों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यह शक्ति न तो न्यायाधीशों के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा कवच है और न ही आलोचना को दबाने की तलवार है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने की। बंबई उच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए आपराधिक अवमानना के मामले में एक महिला को दी गई एक सप्ताह की सजा को पीठ ने माफ कर दिया।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि दया न्यायिक विवेक का अभिन्न अंग बनी रहनी चाहिए, और अवमानना करने वाले व्यक्ति द्वारा अपनी गलती को ईमानदारी से स्वीकार करने और उसके लिए प्रायश्चित करने की इच्छा व्यक्त करने पर दया दिखाई जानी चाहिए। न्यायालय ने कहा कि दंड देने की शक्ति में क्षमा करने की शक्ति भी निहित है, बशर्ते न्यायालय के



समक्ष उपस्थित व्यक्ति अपने उस कृत्य के लिए वास्तविक पश्चाताप प्रदर्शित करे जिसके कारण वह इस स्थिति में पहुंचा है। इसलिए अवमानना के अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते समय न्यायालयों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यह शक्ति न तो न्यायाधीशों के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा कवच है और न ही आलोचना को दबाने की तलवार है। आखिरकार, अपनी गलती के लिए पश्चाताप के लिए साहस की आवश्यकता होती है और गलती करने वाले को क्षमा करने के लिए उससे भी बड़े सदगुण की आवश्यकता होती है। उच्च न्यायालय के 23 अप्रैल के उस आदेश के विरुद्ध दायर अपील पर पीठ ने अपना फैसला सुनाया, जिसमें अपीलकर्ता को आपराधिक अवमानना का दोषी ठहराया गया था। उच्च न्यायालय ने उन्हें एक सप्ताह के साधारण कारावास की सजा सुनाई थी और उन पर 2 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। उच्च न्यायालय ने गौर किया कि अपीलकर्ता कल्चरल ऑफ सीवुड्स एस्टेट्स लिमिटेड हाउसिंग कॉम्प्लेक्स की पूर्व निदेशक थीं। अदालत ने यह भी गौर किया कि पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के नियम 20 की वैधता को चुनौती देने वाली एक लंबित याचिका में, एक हस्तक्षेपकर्ता ने हलफनामा दायर कर कहा था कि अपीलकर्ता ने जनवरी 2025 में एक परिपत्र जारी किया था जिसमें कथित कुत्ता माफिया के बारे में टिप्पणियां थीं। उच्च न्यायालय ने परिपत्र को अपमानजनक पाया था और बाद में अपीलकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 24.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 10.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में शीर्ष स्थान पर यूपी (पृष्ठ-02)
- यूपी बना स्टार्टअप और आईटी निवेशकों की पहली पसंद (पृष्ठ-02)
- एडीबी ने भारत के वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया (पृष्ठ-14)
- पाकिस्तान पर अब भी भारी कर्ज बोझ: आईएमएफ (पृष्ठ-14)
- रुपया नौ पैसे टूटकर 89.96 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ को आज पेश होने का दिया निर्देश

# इंडिगो संकट: डीजीसीए ने आठ सदस्यीय दल का किया गठन

एजेंसी

मुंबई। राहुल भाटिया के नियंत्रण वाली एयरलाइन इंडिगो पर निगरानी कड़ी करते हुए विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने चालक दल की कमी के कारण बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने के बाद आठ सदस्यीय निगरानी दल का गठन किया है। डीजीसीए द्वारा बुधवार को जारी आदेश के अनुसार, इस दल में एक उपमुख्य उड़ान संचालन निरीक्षक, वरिष्ठ उड़ान संचालन निरीक्षक और दो अन्य उड़ान संचालन निरीक्षक शामिल होंगे।

आदेश के मुताबिक, इनमें से दो सदस्य रोजाना इंडिगो के मुख्य कार्यालय में तैनात रहेंगे। विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने संकटग्रस्त इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स को बृहस्पतिवार को उनके कार्यालय में उपस्थित होने और हालिया परिचालन व्यवधानों से संबंधित व्यापक एवं अद्यतन जानकारी से लैस




एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। बुधवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई। एल्बर्स को बृहस्पतिवार को दोपहर तीन बजे डीजीसीए कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। डीजीसीए ने कहा कि सीईओ को सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। नियामक के आदेशानुसार, विमानन कंपनी को उड़ानें बहाल करने, पायलटों तथा चालक दल की भर्ती योजना, पायलट व चालक दल की अद्यतन संख्या, रद्द की गई उड़ानों की संख्या और रिफंड आदि से संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। इंडिगो ने बड़े पैमाने पर व्यवधान के बाद हजारों उड़ानें रद्द, विलंबिता पुनर्निर्धारित की हैं। डीजीसीए ने संयुक्त महानिदेशक संजय ब्राह्मणे, उप महानिदेशक अमित गुप्ता, वरिष्ठ उड़ान परिचालन निरीक्षक (एफओआई) कपिल मांगलिक और एफओआई लोकेश रामपाल वाली चार सदस्यीय समिति को इंडिगो की उड़ानों के परिचालन में व्यापक व्यवधानों के मूल कारणों का पता लगाने का काम सौंपा है। उन्हें एयरलाइन के पूरे बेड़े, औसत उड़ान दूरी, कुल पायलटों की संख्या, नेटवर्क विवरण, चालक दल के सेवा के घंटे, प्रशिक्षण में लगे चालक दल और अन्य संबंधित मामलों की निगरानी करनी होगी। डीजीसीए के आदेश में कहा गया कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर गिरफ्तार

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गये जेल

विशेष संवाददाता

लखनऊ/देवरिया। लखनऊ पुलिस ने बुधवार को पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईपीएस) अधिकारी अमिताभ ठाकुर को 1999 में देवरिया जिले में एक भूखंड के आवंटन से जुड़े जालसाजी के कथित मामले में गिरफ्तार कर लिया है। चर्चित पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को देवरिया सीजेएम न्यायालय ने 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में बुधवार को जेल भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक ठाकुर ने 1999 में देवरिया के पुलिस अधीक्षक



(एसपी) के तौर पर अपने पद का दुरुपयोग कर जाली दस्तावेज और गलत पहचान का इस्तेमाल करके जिला उद्योग केंद्र द्वारा एक औद्योगिक भूखंड का आवंटन अपनी पत्नी नूतन ठाकुर के नाम पर करवाया। बाद में उन्होंने भूखंड ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K



**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# विवाहिता ने ससुराल वालों के खिलाफ सीएम को लिखा पत्र

## गले पर चाकू रखकर जान से मारने की धमकी,गाली गलौज और मारपीट करने का लगाया आरोप

संवाददाता

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र निवासी विवाहिता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ससुराल वालों पर मारपीट, जान से मारने की धमकी, गाली गलौज और बाल पकड़ कर जमीन पर गिरा कर चाकू से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया।

बिजनौर थाना क्षेत्र के भक्ति खेड़ा निवासी शिल्पी का कहना है कि उसकी शादी2 मई 2023 को बिजनौर थाना क्षेत्र के गढ़ी मोहल्ला निवासी संतराम उर्फ संत कुमार से हुई थी। विवाहिता का कहना है कि उसके परिवार वालों ने हैसियत के अनुसार दान दहेज भी शादी में दिया था। विवाह के एक हफ्ते बाद से ही सास, ससुर, देवर और ननद ने दहेज को लेकर तानें मारने शुरू कर दिए और मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की भी धमकी देने लगे। विवाहिता का कहना है कि उसकी एक वर्ष की एक पुत्री भी है। पीडिता का कहना है कि 16जून 2025 को सायं 6:00 बजे उसके पति, सास, ससुर, ननद, देवर सहित चार पांच अन्य लोग घर में आए और नशे की हालत में बाल पकड़ कर उसे जमीन पर गिरा दिए।

गले पर चाकू रख कर जान से मारने की कोशिश करने लगे तभी शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग इकट्ठे हो गए तो वह लोग वहां से भाग निकले। भागते हुए धमकी दी कि इस बार तो यह बच गई है। अगली बार इसको जान से मार दिया जाएगा। पीडिता का कहना है कि वह लोग भाई पिता और मां को भी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। पीडिता का कहना है कि ससुराल में 10 दुकानें हैं, खेती है जिससे करोड़ों रुपए आते है और वह लोग जो चाहते हैं। पैसे के दम पर कर लेते हैं। पीडिता का कहना है कि उसके पिता ने शादी में 15 लाख रुपए खर्च किए थे। जिसमें 10 लाख रूपए नगद दिए थे पांच लाख रुपए में समान और दहेज दिया था। इसके बाद भी वह लोग आए दिन और पाँच लाख रुपए दहेज के रूप में मांगते रहते हैं, जबकि उसकी पांच बहने हैं वह सब अपने ससुराल में राजी खुशी से रह रही हैं।

पीडिता का कहना है कि ससुराल वाले उसकी एक वर्षीय पुत्री को भी जान से मारने की कोशिश किए थे और उसके कपड़े जेवर सब अपने पास रखवा लिए थे। पीडिता का कहना है कि उसका पति उससे शराब पीकर आए दिन मायके में आकर गली गलौजऔरमारपीट करने का प्रयास करता है। जिससे वह सामाजिक आर्थिक शारीरिक और मानसिक रूप से बहुत परेशान हो गई हैं। पीडिता ने आरोप लगाया कि1090, 112पर वह चार बार कॉल कि थी लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई पीड़िता ने इससे परेशान होकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की सिफारिश किया। बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही हैं।

### पति सहित ससुरालियों पर विवाहिता ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**आलमबाग,** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक विवाहिता ने पति सहित ससुरालीजन पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित मधुबन नगर निवासिनी पारूल अरोड़ा, पुत्री शिव कुमार अरोड़ा व पत्नी हिमांशु खुराना विवाह बीते 28 जून वर्ष 23 को रीति रिवाज के अनुसार हिमांशु खुराना पुत्र स्व कैलाश खुराना बंधन अपार्टमेन्ट, मटियाला एक्सटेंशन, निकट तिरंगा चौक नई दिल्ली निवासी के साथ हुआ था। आरोप है कि उसके विवाह के उपरांत उसके पति और ससुराल वालों ने उसे कम दहेज लाने का ताना उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे और अतिरिक्त दहेज के लिए उसके मायके से पैसे लाने का दबाव बनाने लगे। वही पीडिता का कहना था बीते 28 जुलाई वर्ष24 को उसके पति ने उसे मात्र पहने हुए कपड़ों में दिल्ली से भगा दिया, जिसके बाद वह अपने मायके लखनऊ आ गई और उसने 26 फरवरी वर्ष 25 को एक पुत्री को जन्म दिया, लेकिन उसके पति ने उसकी पुत्री की सूचना सुनकर गालियां देते हुए कहा कि उसका उससे और उसकी पुत्री से कोई रिश्ता नहीं है। जिसके चलते उसने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से पति हिमांशु खुराना सहित नंद अंजना, नंदोई गौरव शर्मा, देवर वरून खन्ना, देवरानी विविया वैरी पर दहेज प्रताडना का आरोप लगा नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित विवाहिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

- पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

# ठाकुरगंज से 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ब्राउन शुगर की तस्करी में एसटीएफ ने 50 हजार की इनामी गिरोह की सरगना बादाम उर्फ नसरीन बानो को एसटीएफ ने ठाकुरगंज के फरीदीपुर से गिरफ्तार कर लिया है। वह दो महीने से फरार चल रही थी। बहराइच की देहात कोतवाली में उसके खिलाफ एनडीपीएस के मुकदमें दर्ज हैं। इसके अलावा कई अन्य जनपदों के थाने में भी मुकदमे हैं। बहराइच पुलिस ने नसरीन के खिलाफ 50 हजार का इनाम घोषित किया था। उसे बहराइच पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक नसरीन बानो उर्फ बादाम खदरा बड़ी पकरिया मोहल्ले की रहने वाली है। उसे फरीदीपुर से बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। कई अन्य ठिकाने भी उसने बना रखे थे। फिर गिरोह की मदद से और खुद उसकी सप्लाई लखनऊ, बहराइच, गोंडा और नेपाल बार्डर तक करती थी। गिरोह के एक अन्य सदस्य को 17 अक्टूबर को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था। नसरीन मणिपुर से कच्चा माल मंगाकर ब्राउन शुगर तैयार करती थी। तैयार माल लखनऊ, बहराइच से नेपाल बार्डर तक बेचती थी। मणिपुर से मंगाती थी कच्चा माल नसरीन ने बताया कि वह मणिपुर से कच्चा माल मंगाती थी। इसके बाद उसे घर पर तैयार करती थी।

- नसरीन को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था
- नसरीन मणिपुर से कच्चा माल मंगाकर ब्राउन शुगर तैयार करती थी

# ढाई सौ केवीए ट्रांसफार्मर का तेल और कॉपर चोरी

**लखनऊ।** बंथरा इलाके में बेखौफ चोरों ने मंगलवार की रात बंथरा के नीवा बाजार में लगे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर का तेल और अंदर लगे उसके कापर को चोरी कर लिया। रात्रि ड्यूटी पर लगे संविदा कर्मी अशोक रावत को सुबह करीब साढ़े आठ बजे जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने फौरन ही इसकी सूचना जे ?ई विनय कुमार को दी। इसके बाद जे ?ई मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने इसकी लिखित शिकायत थाने पर की और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। जेई विनय कुमार के मुताबिक उक्त ट्रांसफार्मर नीवा बाजार में लगा था। जहां विद्युत उपकेंद्र बनी से बिजली की आपूर्ति होती है। इस ट्रांसफार्मर से करीब तीन दर्जन कनेक्शन थे। मंगलवार की रात चोरों ने किसी तरह आपूर्ति बंद कर दी। इसके बाद वह उसे ठीहे से नीचे उतारकर उसका तेल और अंदर लगा कापर चोरी कर ले गए। सुबह करीब साढ़े आठ बजे संविदा कर्मी अशोक रावत पेट्रोलिंग करते हुए उधर पहुंचा तो उसे इसकी जानकारी हुई। इसके बाद उसने सूचना दी तो मौके पर जाकर देखा गया। ट्रांसफार्मर का ढांचा पड़ा हुआ था और उसके अंदर का तेल और कॉपर सब गायब था। इसके बाद मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। जेई ने बताया कि वारदात को अंजाम किन लोगों ने दिया है इसका पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद ली गई। हालांकि सही दिशा और अंधेरा होने की वजह से कुछ पता नहीं चल पाया। अब पुलिस अपने स्तर से जांच कर चोरों का पता लगाएगी। हालांकि इस घटना के बाद उन सभी घरों में करीब बारह घंटे तक बिजली संकट था जो इस ट्रांसफार्मर पर निर्भर थे। ट्रांसफार्मर से तेल और कापर चोरी का यह मामला पहला नहीं है। इससे पहले भी ऐसी वारदातें हो चुकी है।



**कार्यालय ग्राम पंचायत कलुआपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 10.12.2025

**अल्पकालीन निविदा**

राज्य वित्त/15 वां वित्त /आई.सी.डी.एस./मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कलुआपुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 17.12.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | गिट्टी | सीमेन्ट बैग | मौरंग | सरिया |
| 1 | ग्राम पंचायत कलुवापुर में उचित दर दुकान एवं जन सुविधा केन्द्र निर्माण कार्य। | 5.64 घन मी. | 17450 नग | 7.68 घन मी. | 17.30 घन मी. | 249 बैग | 21.58 घन मी. | 15.16 कुं. |

**नियम शर्तें :-**

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत कलुआपुर के कार्यालय में 11.12.2025 से 17.12.2025 तक रुपये मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत कलुआपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 11.12.2025 से दिनांक 17.12.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत कलुआपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 17.12.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**आमिना**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत कलुआपुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**धीरज**
**ग्रा.वि. अधिकारी**
**ग्राम पंचायत कलुआपुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**कार्यालय ग्राम पंचायत हसनापुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 10.12.2025

**अति अल्पकालीन निविदा**

राज्य वित्त/15 वां वित्त /आई.सी.डी.एस./मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हसनापुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 17.12.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | इण्टर लाकिंग टायल्स | सीमेन्ट बैग | मौरंग | सरिया |
| 1 | ग्राम पंचायत हसनापुर में उचित दर दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5.64 घन मी. | 17450 नग | 7.68 घन मी. | - | 249 बैग | 21.58 घन मी. | 15.16 कुं. |
| 2 | रामू की दुकान से प्रदीप के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 24.51 घन मी. | 10855 नग | 49.02 घन मी. | 16732 नग | 170 बैग | 7.38 घन मी. | - |

**नियम शर्तें :-**

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत हसनापुर के कार्यालय में 11.12.2025 से 17.12.2025 तक रुपये मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत हसनापुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 11.12.2025 से दिनांक 17.12.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत हसनापुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 17.12.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**शिवप्रसाद**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत हसनापुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**धीरज**
**ग्रा.वि. अधिकारी**
**ग्राम पंचायत हसनापुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**



# 20 दिन में 2 कदम भी नहीं बढ़ी पूर्व प्रधान के बेटे की हत्या की जांच

शैलेन्द्र सिंह

गोसाईगंज लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के सुरियामऊ गांव में बीते 20 नवंबर को सुबह पूर्व प्रधान के बड़े बेटे का शव उन्ही के सरसों के खेत में फेक दिया गया। गले मे निशान और कान से निकले खून और मुह के अंदर घुसी उसी की जैकट को देखकर पुलिस भी हत्या किये जाने की बात दो कदम भी नही बढ़ सकी। पुलिस अधिकारी जल्द खुलासे के लाख दावा कर ले लेकिन उनकी तफ्तीश दो कदम भी नही बढ़ सकी।

गोसाईगंज पुलिस ने इस मामले के खुलासे के लिये कई लोगो से पूछताछ के साथ सीसीटीवी फुटेज खंगालने का काम किया लेकिन कोई सफलता नही मिली। पिता द्वारा दी गई अज्ञात में हत्या किये जाने की तहरीर पुलिस कमिश्नर के आदेश पर गोसाईगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिग आने के कारण गोसाईगंज पुलिस हत्या का मुकदमा पहले दर्ज नही कर रही थी। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया। बता दे कि गोसाईगंज के सुरियामऊ गांव के पूर्व प्रधान योगेश सिंह उर्फ बब्लू सिंह के बड़े बेटे राज प्रताप सिंह उर्फ बाबू सिंह (23) का शव बीते 20 नवम्बर को उनके पैतृक गांव में उन्ही के खेत मे पड़ा मिला। पिता योगेश ने बताया कि वह पिछले कई वर्षो से वह परिवार सहित गोसाईगंज कस्बे में रहते हैं। मृतक के पिता के अनुसार वह 18 नवम्बर की शाम को घर से निकला था। उसके घर से निकलने के दो घंटे बाद ही फोन स्वीच आफ हो गया।19 नवम्बर की सुबह मोबाइल खुलने का मैसेज आया तो फोन किया। दो बार घंटी जाने के बाद मोबाइल फिर बंद हो गया। फिर मोबाइल नही खुला। 20 नवम्बर की सुबह घर से लगभग 8 किलोमीटर दूर पैतृक गांव सुरियामऊ में स्थित अपने ही सरसों के खेत में शव पड़ा मिला था।

- कमिश्नर के आदेश पर दर्ज हुई थी प्रधान के बेटे की हत्या की रिपोर्ट
- सरसो के खेत मिला था शव, गले मे निशान व कान से निकला था खून मुख के अंदर घुसेड़ी गई थी जैकेट
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हैंगिग आने से उलझ गई तफ्तीश

को ध्यान में रखते हुए तफ्तीश में लगी थी। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिग आने से पुलिस की तफ्तीश बदल गई। पुलिस अब हत्या या आत्महत्या की तफ्तीश के साथ मृतक का शव खेत कैसे पहुंचा इस पर मंथन कर रही है। घटना के 30 दिन बाद पुलिस की जांच



मृतक के गले मे किसी पतली वस्तु रस्सी व तार आदि से गला के निशान के साथ कान से खून निकलने के निशान मिले। इसके साथ ही मृतक की जैकेट मुख मे अंदर घुसी थी। घटना के दूसरे दिन यानी 21 नवम्बर को मामले की जांच के लिए क्राइम ब्रांच की टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने 21 नवंबर को गोसाईगंज से लेकर सुरियामऊ तक कई जगहों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले है। जिसमे पुलिस ने दो से तीन वाहनों पर संदिग्धता जाहिर कर उनकी डिटेल निकालकर पूछताछ की, लेकिन जांच आगे नही बढ़ सकी। पीड़ित पिता योगेश सिंह उर्फ बबलू सिंह ने बेटे की अज्ञात लोगों द्वारा हत्या किए जाने की बात कहते हुये गोसाईगंज पुलिस को लिखित तहरीर दी लेकिन पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज करने से कतराती रही। बीते एक दिसंबर तक जब बेटे की हत्या किए जाने की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। बेटे की हत्या होने के 12 दिन बाद भी जब गोसाईगंज पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो 2 दिसंबर को पिता ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर घटना क्रम को बताया और पूरी घटना का लिखित प्रार्थना पत्र दिया तब गोसाईगंज पुलिस को मामला दर्ज करने का आदेश दिया गया। तब जाकर गोसाईगंज पुलिस ने हत्या का मामला अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया।

इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर पूर्व प्रधान के बेटे ने अगर सुसाइट किया तो खेत मे शव कैसे पहुंचा ? मरने के बाद किसी ने सरसो के खेत मे लाकर फेका होगा। मुख मे घुसी जैकेट कान से खून किस वजह से निकला ? लाश अपने आप चल कर तो खेत मे नही पहुंचेगी ? क्या रीजन है जो पुलिस मामला दिखाई नही पड़ा। पीड़ित प्रधान व मृतक के पिता योगेश सिंह ने बातचीत के दौरान बताया कि यदि बेटे की हत्या के मामले में न्याय न मिला तो जांच ट्रांसफर एसटीएफ व क्राइम ब्रांच से कराने के लिए पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर प्रार्थना पत्र देगें जिससे बेटे की मौत का राज व हत्या में शामिल लोगों पर कार्यवाई हो सके।

एडीसीपी साउथ जोन रल्लापल्ली वसंथा कुमार ने बताया पूर्व प्रधान के बेटे की जांच के मामले में गोसाईगंज व सर्विलांस टीम जांच कर रही है। जल्द ही मामले में संलिप्त दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# बाहरी दोस्तों को बुला किशोर छात्र ने सहपाठी छात्र को पीटा

**आलमबाग।** मानक नगर थाना इलाके मे संचालित केंद्रीय विद्यालय मे पढ़ने वाले कक्षा नौ के किशोर छात्र पर उसके सहपाठी छात्र के पिता ने बाहरी दोस्तो को बुला बेटे संग मारपीट का आरोप लगा कर एफआईआर दर्ज कराया है। मानक नगर थाना इलाके स्थित मेंहदी खेड़ा निवासी पुत्र प्रभु दयाल ने बताया ने बताया उनका किशोर पुत्र केंद्रीय विद्यालय आरडीएसओ में कक्षा 9 का छात्र है। आरोप है कि मंगलवार दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद उनके पुत्र के कक्षा में ही पढ़ने वाला सहपाठी किशोर छात्र योजना बना अपने पांच छ बाहरी दोस्तो को बुला स्कूल गेट के बाहर उनके पुत्र की बेरहमी से पिटाई करने के साथ बेटे को धमकी दे फरार हो गया। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने आरोपित किशोर छात्र और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ स्थानीय मानक नगर थाने मे पुलिस से शिकायत की है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि छात्र के पिता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है दोनों किशोर स्कूली छात्र है।

- पिता ने दर्ज कराई एफआईआर

# माघ मेला: 7 सेक्टर्स और 7 पॉन्टून पुल 7 ऊर्जा चक्रों के रंगों से सजेंगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन के बाद अब राज्य सरकार माघ मेला-2026 को भी अभूतपूर्व, व्यवस्थित और सौंदर्यपूर्ण स्वरूप देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में माघ मेले की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। अभी हाल ही में मुख्य सचिव के समक्ष प्रतीक चिन्ह का अनावरण, सेक्टरवार रंग योजना और अवसंरचनात्मक सुधारों पर विशेष चर्चा हुई थी। इस बार अनुमानित है कि प्रयागराज में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालु संगम पर पवित्र स्नान करेंगे, जिनमें प्रतिदिन आने वाले लाखों कल्पवासी भी शामिल होंगे।

पूरा मेला क्षेत्र रंग-समन्वित थीम पर आधारित होगा। हर सेक्टर एकरूपता का अनुभव कराएगा। मेले को सुसंगत और आकर्षक रूप देने के लिए, सातों सेक्टर्स और सात पॉन्टून पुलों को स्सात ऊर्जा चक्रों के अनुरूप रंगों से सजाया जाएगा। हर सेक्टर की चहारदीवारी पर 3 फुट चौड़ी सीमांकन पट्टी बनाई जाएगी, जिससे मेले का आकार दृष्टिगत रूप से स्पष्ट, व्यवस्थित और सुंदर दिखाई देगा। सभी सेक्टर्स में उत्तर प्रदेश सरकार और माघ मेला-2026 का प्रतीक चिन्ह अंकित होगा। विभिन्न घाटों पर उपलब्ध चेंजिंग रूम भी सेक्टरवार रंग योजना के अनुरूप तैयार किए जाएंगे। पहले की तुलना में दोगुनी क्षमता, रंग योजनाओं से मेल खाते हुए होंगे। अब 2 यूनिट में 2 के स्थान पर 4 लोग एक साथ सुविधा का उपयोग कर सकेंगे। इससे भीड़ प्रबंधन अधिक सुचारू और सुविधाजनक होगा तथा मेले की एकरूपता कायम रहेगी। सातों पॉन्टून पुलों को इंद्रधनुषी सात रंगों से सजाया जाएगा। पुलों पर लगे लाइट, पोलों पर एलईडी लाइटें धार्मिक चिन्हों के साथ प्रदर्शित होंगी, जो दिन और रात दोनों समय आकर्षण का केंद्र रहेंगी। हर पुल पर रंग अनुरूप झंडे लगाए जाएंगे। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलों पर कैनोपी का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि माघ मेला-2026 न केवल धार्मिक भावना का प्रतीक हो, बल्कि साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा सुविधाओं और आधुनिक अवसंरचना के मामले में भी देशभर के मेले आयोजनों के लिए एक आदर्श बने। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में मेला प्रशासन श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित, व्यवस्थित, आध्यात्मिक और विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करने में जुट गया है।



- मुख्य सचिव ने प्रतीक चिन्ह के अनावरण, सेक्टरवार रंग योजना और अवसंरचनात्मक सुधारों पर बैठक में की चर्चा
- हर क्षेत्र में माघ मेला का प्रतीक चिन्ह किया जायेगा अंकित

# लोको पायलेट की हार्ट अटैक से मौत

आलमबाग। उत्तर रेलवे आलमबाग मण्डल अस्पताल से बुधवार सुबह पुलिस को एक लोको पायलेट मृत अवस्था में लाए जाने की सूचना प्राप्त हुई। जिसपर अस्पताल पहुंची स्थानीय आलमबाग पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चंद्र सरोज ने बताया कि मूलरूप से ग्राम पोस्ट महुला थाना रौनापार जिला आजमगढ़ के रहने वाले 38 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र स्व इंद्रपति मौर्य जनपद गोंडा में लोको पायलेट पद पर कार्यरत थे, गोंडा से ड्यूटी कर मंगलवार रात्रि आलमबाग स्थित रेलवे कर्मचारियों के रेस्ट हाउस में अपने साथी के साथ रुके थे सुबह जब साथी उठा और दिनेश को जगाया तो वह नहीं उठे जिसकी जानकारी उसने अपने अन्य सहकर्मियों को दे अचेत अवस्था में नजदीकी उत्तर रेलवे मण्डल अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने लोको पायलेट को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार लोको पायलेट की मौत कार्डियक अटैक से हुई है फिलहाल परिजनों को सूचना दे मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के भाई अवधेश के अनुसार उसके भाई दिनेश के परिवार मे पत्नी मुन्नी एक बेटी एक बेटा है।

# हटौली माइनर से मीठे नगर टेल तक नहर जर्जर

संवाददाता

**लखनऊ मलिहाबाद।** शारदा खंड हरदोई नहर की हटौली माइनर से मीठे नगर टेल तक की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले 13 वर्षों से नहर की न तो उचित सफाई हुई है और न ही पानी आया है, जिससे किसान गंभीर रूप से प्रभावित हैं। किसानों और ग्राम प्रधान ने एक वर्ष पूर्व नहर विभाग को शिकायत दी थी। शिकायत के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन नहर की पटरी और किनारों पर फैले अवैध कब्जों को हटाने में असफल रहे। अधिकारियों ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक अतिक्रमण जस का तस बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ किसानों ने नहर काटकर अपने खेतों में मिला ली है। कई लोगों ने नहर पर ही मकान और दीवारें बना दी हैं। विभाग द्वारा दिया गया समय बीतने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिससे



सफाई आधी ही पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि अधूरी सफाई और अव्यवस्था के कारण रोज हादसे हो रहे हैं। रास्ता भी बाधित है और कई लोग व जानवर घायल हो रहे हैं।

गेहूं, सरसों और मटर की फसल में सिंचाई का समय चल रहा है, लेकिन नहर में पानी न आने से किसानों को महंगे ट्यूबवेल से पानी देना पड़ रहा है, जिससे लागत कई गुना बढ़ गई है।

मामले पर एसडीओ ने कहा कि नहर की पूरी सफाई कराई जाएगी और अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई होगी। वहीं जेई ने कहा कि वह मौके पर नहीं पहुंचे थे और सफाई का काम मुंशी द्वारा कराया गया था। एकता संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक सुरेश ने आरोप लगाया कि नहर विभाग के मुंशी और ठेकेदारों ने बिना किसी नोटिस के स्कूल का ?8,000 कीमत वाला बोर्ड तोड़ दिया। प्रबंधक ने कसमंडी चौकी में तहरीर दी है। जेई ने कहा संभव है मुंशी ने तुड़वाया हो, मैं मौके पर नहीं गया था। ग्रामीणों ने रमेश मौर्या, स्व. नन्हा, राहुल मौर्या पुत्र रमेश और निर्मल पुत्र स्व. शहाबुद्दीन पर नहर पर अवैध निर्माण करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि मिलीभगत के कारण अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने नहर को अवैध कब्जों से मुक्त कराकर तुरंत सफाई और जल प्रवाह बहाल करने की मांग की है। एसडीओ ने कहा कि जल्द कार्रवाई की जाएगी।



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T23 Date - 08.12.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है।

कार्य का नाम : इज्जतनगर डिवीजन के विभिन्न खंडो में आरजीएम साइडिंग की विद्युतीकरण से सम्बंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T23, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 1,29,66,609.27, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 2,14,800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 01.01.2026, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि : 18 माह ● खुली ई-निविदा दिनांक 01.01.2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/**
**मुजाधि/विद्युत -205 इज्जतनगर**

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा., पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है :

**क्र.सं. : 1, निविदा सं.** : वमंविइ-लजं.-38-2025, **कार्य का विवरण** : बीआरके और एनएनपी रेलवे कॉलोनी में भूमिगत केबल द्वारा ओवरहेड लाइन के प्रतिस्थापन द्वारा विद्युत आपूर्ति के विस्तार के संबंध में विद्युत कार्य, **अनुमानित लागत** : रु. 52,15,571.32, **बयाना राशि** : रु. 1,04,300.00, **निविदा मूल्य** : रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि** : 06 माह। **क्र.सं. : 2, निविदा सं.** : वमंविइ-लजं.-39-2025, **कार्य का विवरण** : लखनऊ सिटी रेलवे स्टेशन पर विद्युत आपूर्ति प्रणाली के संवर्धन और सुरक्षात्मक उपकरणों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य, एबीएसएस के तहत एलजेएन-डीआईवी के बीएनजेड में बादशाहनगर मेट्रो स्टेशन को रेलवे स्टेशन एफओबी से जोड़ने वाला स्काई वॉक, **अनुमानित लागत** : रु. 81,13,448.29, **बयाना राशि** : रु. 1,62,300.00, **निविदा मूल्य** : रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि** : 06 माह। **क्र.सं. : 3, निविदा सं.** : वमंविइ-लजं.-40-2025, **कार्य का विवरण** : बीएसटी पावर डिपो के अंतर्गत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर विद्युत आपूर्ति/प्रकाश व्यवस्था में सुधार के संबंध में विद्युत कार्य, **अनुमानित लागत** : रु. 1,23,57,442.40, **बयाना राशि** : रु. 2,11,800.00, **निविदा मूल्य** : रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि** : 06 माह। **क्र.सं. : 4, निविदा सं.** : वमंविइ-लजं.-41-2025, **कार्य का विवरण** : ए.एन.डी.एन. डिपो के अंतर्गत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर पुरानी एवं दोषपूर्ण विद्युत प्रणाली के स्थान पर केबल जंक्शन बॉक्स, स्टेशन नाम बोर्ड एवं अष्टकोणीय पोल लगाने के संबंध में विद्युत कार्य, **अनुमानित लागत** : रु. 79,62,955.64, **बयाना राशि** : रु. 1,59,300.00, **निविदा मूल्य** : रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि** : 06 माह। **क्र.सं. : 5, निविदा सं.** : वमंविइ-लजं.-42-2025, **कार्य का विवरण** : एलजेएन-डीवीजन पर गोला गोकर्णनाथ में विद्युत आपूर्ति प्रणाली के संवर्धन और सुरक्षात्मक उपकरणों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य, **अनुमानित लागत** : रु. 1,35,38,479.74, **बयाना राशि** : रु. 2,17,700.00, **निविदा मूल्य** : रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि** : 06 माह। **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय : 31.12.2025 को 15.00 बजे।**

**नोट :- 1.** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वैबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य,**
**मुजाधि/विद्युत-206 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

# ख्याल, तराना, ध्रुपद, धमार, ठुमरी व दादरा गायन में दिखा युवाओं का दम

## यूपीएसएनए की प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता : ख्याल-तराना वर्ग में वाराणसी की डालिया मुखर्जी, ठुमरी-दादरा वर्ग में वाराणसी की वैदेही निमगांवकर और ध्रुपद-धमार वर्ग में कानपुर के खुशाल द्विवेदी अव्वल












वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता का दूसरा चरण 08 से 11 दिसम्बर तक अकादमी के संत गाडगे जी ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। बुधवार 10 दिसम्बर को ख्याल, तराना, ध्रुपद, धमार, ठुमरी, दादरा, की युवा वर्ग की प्रतियोगिताएं हुईं। इस क्रम में गुरुवार 11 दिसम्बर को सुगम संगीत की प्रतियोगिताएं होंगी।

ख्याल तराना वर्ग में वाराणसी की डालिया मुखर्जी प्रथम, गोरखपुर के सत्यम मिश्रा द्वितीय, वाराणसी के मोहित परौहा तृतीय रहे। ठुमरी दादरा वर्ग में वाराणसी की वैदेही निमगांवकर प्रथम, मेरठ की आलिया खान द्वितीय, गोरखपुर के सत्यम मिश्रा तृतीय रहे जबकि ध्रुपद धमार वर्ग में कानपुर के खुशाल द्विवेदी प्रथम, सहारनपुर के कुश कुमार धीमान द्वितीय और हाथरस के योगेश शर्मा तृतीय रहे।

यह प्रतियोगिता अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह एवं निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर के मार्गदर्शन सहित आमंत्रित निर्णायक, खंडवा के रोमिल जैन, ग्रेटर नोएडा की नबनिता चौधरी और दिल्ली के पंडित राधा गोविंद दास की उपस्थिति में हुई। रेनू श्रीवास्तव और डॉ. पवन तिवारी के संयोजन में हो रही इस प्रतियोगिता का मंच संचालन सुनील शुक्ला ने कुशलता के साथ किया।

युवा के ख्याल तराना वर्ग की शुरूआत लखनऊ के रोहित शर्मा से हुई। उन्होंने राग जोग में तीन ताल में निबद्ध रचना कैसे के धरु धीर सुनायी। आलापचारी में जहां राग स्वरूप निखरकर आया वहीं स्वरों का आरोह और अवरोह सुनते ही बना। सरगम भी उन्होंने दक्षता के साथ सुनाकर प्रशंसा हासिल की। इस क्रम में वाराणसी के मोहित परौहा ने राग यमन में सुमिरन तोरा तू करीम तू रहीम, गोरखपुर के शिखर मिश्र ने राग पूर्वी में पिया नवेलरा पाया सुनाकर अपनी दावेदारी पेश की। इसके साथ ही प्रयागराज की दिव्यांशी मालवीय ने राग मधुवंती में पया घर नाही, गाजियाबाद की प्रज्ञा ने शुद्ध सारंग में अब मोरी बात मान ले, बरेली के निर्मल विष्ट ने राग यमन में धन मेरो भाग जागे आज, मेरठ की ज्योति कुमार अग्रवाल ने राग आसावरी में सांची कहो तुम श्याम, झांसी के शिवम सेन ने राग बिहाग में कैसे सुख सोवे और वाराणसी की डालिया मुखर्जी ने पूरिया कल्याण में होवन लागी सांझ सुनाकर निर्णायक मंडल को अपने कंठ स्वरों के प्रति आकर्षित किया। आगरा की मुन्नी रणेजा ने राग मधुकौंस में ए री का से कहूं ख्याल रचना सुनायी।

राग मधुकौंस अपेक्षाकृत नया हिंदुस्तानी शास्त्रीय राग है, जो रात्रि के दूसरे प्रहर गाया जाता है और विरह रस के लिए उपयुक्त होता है। युवा के ठुमरी दादरा वर्ग में वाराणसी की वैदेही नीमगांवकर ने राग खमाज में ठुमरी अब ना बजाओ श्याम बांसुरिया को प्रभावी कंठ स्वरों में सजाया।

युवा के ध्रुपद धमार वर्ग में कानपुर के खुशहाल द्विवेदी ने राग रागेश्री में ह्लसाधो सुर नाद ब्रह्मह्व और सहारनपुर के कुश कुमार धीमान ने राग भीम पलासी में तू है करुणा निधान बंदिश चौताल में सुनायी। इसके साथ ही हाथरस के योगेश शर्मा ने राग बिहाग में सुंदर मुख कमल नयन रचना चौताल में गायी।

अकादमी द्वारा वर्ष 2024-25 में सम्भागीय शास्त्रीय प्रतियोगिता का स्वर्ण जयन्ती वर्ष था, जिसमें शास्त्रीय संगीत के साथ सुगम संगीत-गजल और भजन, को भी शामिल करते हुए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के 18 सम्भाग के 21 केन्द्रों पर लगभग 900 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। वर्ष 2025-26 में आयोजित सम्भागीय शास्त्रीय एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता के 18 सम्भाग के 23 केन्द्रों में लगभग 1100 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों के उत्साह को देखते हुए इस साल दो नये केन्द्र लखीमपुर और फरुर्खाबाद को जोड़ा गया है।

# सोने की चिड़िया को फिर से पंख लगाने आया हूं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



● लविवि के गांधी प्रतिमा पार्क में समता भाव मंजरी काव्य संगोष्ठी आयोजित

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय कला मंच की लखनऊ विश्वविद्यालय की इकाई द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के गाँधी प्रतिमा पार्क में 'समता भाव मंजरी' काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बाबा साहब भीम राव राम जी अम्बेडकर जी का सजीव चित्रांकन किया गया तथा भारतीय संस्कृति, लोक-आस्था, समरसता और काव्य परंपरा पर केंद्रित संगोष्ठी संपन्न हुई।

कार्यक्रम में युवा कवियों ने अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ करते हुए भारतीय परंपरा, सांस्कृतिक गौरव एवं सामाजिक चेतना एवं समरसता के भावों को अभिव्यक्त किया।

वक्ताओं ने कहा कि ह्यसमता भाव मंजरी जैसे आयोजन नवपीढ़ी में साहित्यिक चेतना जगाने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा देते हैं। राष्ट्रीय कला मंच की कार्यकर्ता एवं विश्वविद्यालय की ललित कला विभाग के विद्यार्थी शिवम, मानसी, विवेकानंद, रूद्र और संजीव ने अम्बेडकर जी का सजीव चित्रांकन किया तथा कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कला मंच अवध प्रान्त के प्रान्त सह संयोजक आशुतोष श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम का आरम्भ संस्कृत विभाग के छात्र हर्षित द्वारा संस्कृत मंत्रोच्चरण से हुआ। कविता पाठ के क्रम में प्रखर ने अपनी कविता ह्लमेरे जीवन के अंधकार का, क्या कोई उपचार करोगे!

क्या तुम नइया पार करोगे! का पाठ किया। अविरल शुक्ल ने अपनी कविता मोहब्बत करने वालों देख लो कितनी मिसालें हैं, जिसे हम चाहते पाना वही अक्सर नहीं मिलते! कविता का पाठ किया। सूर्यांश ने पढ़ा 'भारत के टूटे सपनों की व्यथा सुनाने आया हूँ! सोने की चिड़िया को फिर से पँख लगाने आया हूँ!'

रोहित ने पढ़ा 'मृत्यु देखी मौन हो गये, खुद मृत्यु को लिक्खा क्या? जिसने भी मृत्यु लिक्खी है, क्या उसने महसूस किया!' हिन्दी विभाग के शोधार्थी नवनीत कुमार ने पढ़ा अगर कृष्णा चाहें, तो सब छोड़ दूँगा!' इसके अतिरिक्त दिव्यांश, शोभित, अनिल, उदय, मुकेश एवं राम लखन ने अपनी स्वरचित कविताओं से श्रोताओं को भावविभोर किया।

इसके बाद सभी कवियों और कला-साधक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अंशिका ने मनमोहक गिटार वादन द्वारा भजन की प्रस्तुति कर वातावरण को मधुर और भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय संयोजक (छात्र शक्ति-पत्रिका) विकास तिवारी, राष्ट्रीय कला मंच की प्रान्त सह संयोजक हर्षिका, लखनऊ उत्तर के जिला संयोजक अभिषेक, लखनऊ विश्वविद्यालय के इकाई अध्यक्ष प्रत्यूष, जतिन शुक्ल, सुभांश एवं निर्जला सहित तमाम विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आत्मबोध से विश्वबोध विषयक शोधार्थी संगोष्ठी सम्पन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद के युवा शोध आयाम द्वारा आज लखनऊ विश्वविद्यालय के उमा हरीकृष्ण अवस्थी सभागार में आत्मबोध से विश्वबोध थीम के अंतर्गत भारतीय साहित्य, संस्कृति और ज्ञान-परंपरा का वैश्विक पटल पर पुनर्स्थापन विषय पर शोधार्थी संवाद-संगोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. पवनपुत्र बादल ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत अध्यक्ष डॉ. विजय त्रिपाठी उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. सौरभ मालवीय ने भारतीय ज्ञान-परंपरा के विश्वकल्याणकारी दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता राजनीति शास्त्र विभाग के डॉ. अमित कुशवाहा ने भारतीय एवं पाश्चात्य चिंतन की मूलभूत भिन्नताओं को स्पष्ट किया। कार्यक्रम का संचालन शोध आयाम के राष्ट्रीय प्रमुख आदर्श सिंह ने किया। राजनीति शास्त्र, इतिहास, हिंदी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा अंग्रेजी सहित विभिन्न विभागों के सौ से अधिक शोधार्थियों ने सहभागिता की। सत्र के उपरांत शोधार्थियों ने डॉ. पवनपुत्र बादल के मार्गदर्शन में टैगोर लाइब्रेरी का भ्रमण किया और भारतीय ज्ञान-परंपरा से संबंधित संदर्भ-सामग्री का अवलोकन किया।

# कालाष्टमी व्रत आज, होगी कालभैरव की पूजा



**लखनऊ।** सनातन धर्म में कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि का खास महत्व है। इस दिन कालाष्टमी और मासिक कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाती है। कालाष्टमी पर्व काल भैरव देव को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर काल भैरव देव की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही विशेष कामों में सफलता पाने के लिए कालाष्टमी का व्रत रखा जाता है। धार्मिक मत है कि कालाष्टमी के दिन काल भैरव देव की पूजा करने से काल, कष्ट, दुख और संकट दूर हो जाते हैं। साथ ही सुख और सौभाग्य में भी वृद्धि होती है। दिसबंर में 11 को कालाष्टमी व्रत रखा जायेगा।

## कालाष्टमी व्रत का महत्व

कालाष्टमी व्रत जीवन के सभी कष्ट दूर करता है। यह व्रत प्रत्येक माह कृष्ण पक्ष की अष्टमी को देवाधिदेव भगवान शिव के अवतार भगवान भैरव को समर्पित है। इस पवित्र व्रत के फल से व्रती को किसी प्रकार की नकारात्मक शक्ति का प्रभाव नहीं पड़ता है। मान्यता है कि इस व्रत में की गई साधना कभी व्यर्थ नहीं जाती है। इस दिन व्रत रखकर विधि-विधान से काल भैरव की आराधना करने से सारे कष्ट मिट जाते हैं। यह व्रत रोग-व्याधियों को दूर करता है और प्रत्येक कार्य में सफलता दिलाता है। भगवान भैरव, भगवान शिव के रौद्र रूप माने जाते हैं। इनकी उपासना से सारे भय दूर हो जाते हैं और अदम्य साहस की प्राप्ति होती है। भगवान भैरव की उत्पत्ति भगवान शिव के क्रोध से हुई। इसलिए उन्हें रुद्रांश या शिवांश भी कहा जाता हैं। भगवान काल भैरव मां दुर्गा के पुजारी हैं। कालाष्टमी के दिन कालभैरव और मां दुर्गा की पूजा अवश्य करनी चाहिए। इस रात मां काली की उपासना करने वालों को अर्द्धरात्रि के बाद मां की उसी प्रकार से पूजा करनी चाहिए, जिस प्रकार दुर्गा पूजा में मां कालरात्रि की पूजा का विधान है। इस व्रत में रात्रि में माता पार्वती और भगवान शिव की कथा सुनकर जागरण करना चाहिए। इस दिन श्वान को भोजन कराना शुभ माना जाता है।

## कालाष्टमी का दान

- इस दिन कच्चा दूध भैरव मंदिर में दान करना चाहिए। इस दिन जरूरतमंद को काला और सफेद दोरंगा (दो रंग का) कंबल दान करें। कुत्तों को रोटी खिलाएं। गाय को जौ, गुड़ और घी के साथ रोटी खिलाएं। इस दिन सरसों का तेल, काले कपड़े, खाने की तली हुई चीजें, घी, जूते-चप्पल, कांसे के बर्तन और जरूरतमंद लोगों से जुड़ी किसी भी चीज का दान करें।

## काल भैरव की पूजा विधि

इस दिन सुबह ब्रह्ममुहूर्त में उठ कर नित्य-क्रिया आदि कर स्वच्छ हो जाएं। एक लकड़ी के पाट पर सबसे पहले शिव और पार्वतीजी के चित्र को स्थापित करें। फिर काल भैरव के चित्र को स्थापित करें। जल का छिड़काव करने के बाद सभी को गुलाब के फूलों का हार पहनाएं या फूल चढ़ाएं। अब चौमुखी दीपक जलाएं और साथ ही गुग्गल की धूप जलाएं। कंकू, हल्दी से सभी को तिलक लगाकर हाथ में गंगा जल लेकर अब व्रत करने का संकल्प लें। अब शिव और पार्वतीजी का पूजन करें और उनकी आरती उतारें। फिर भगवान भैरव का पूजन करें और उनकी आरती उतारें। इस दौरान शिव चालीसा और भैरव चालीसा पढ़ें। ह्रीं उन्मत्त भैरवाय नमः का जाप करें। इसके उपरान्त काल भैरव की आराधना करें। अब पितरों को याद करें और उनका श्राद्ध करें। व्रत के सम्पूर्ण होने के बाद काले कुत्ते को मीठी रोटियां खिलाएं या कच्चा दूध पिलाएं। अंत में श्वान का पूजन भी किया जाता है। अर्धरात्रि में धूप, काले तिल, दीपक, उड़द और सरसों के तेल से काल भैरव की पूजा करें। इस दिन लोग व्रत रखकर रात्रि में भजनों के जरिए उनकी महिमा भी गाते हैं।

# महिला सशक्तीकरण ही समाज की असली ताकत : अमित

## मानव अधिकार दिवस पर महिला अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**लखनऊ।** महिलाओं के अधिकारों और हिंसा के खिलाफ चलाए जा रहे 16 दिवसीय अभियान के समापन अवसर पर तथा मानव अधिकार दिवस के विशेष अवसर पर, इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया द्वारा ग्राम पंचायत मुबारक, चिलौली, ब्लाक काकोरी, लखनऊ में महिलाओं व लड़कियों के अधिकारों पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में 55 महिलाएं, किशोरियां और ग्रामीण समुदाय के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया के निदेशक अमित ने कहा कि यह 16 दिवसीय अभियान महिलाओं के अधिकारों को समाज के हर स्तर तक पहुंचाने का एक मजबूत प्रयास रहा है। हमें इस जागरूकता को एक दिन तक सीमित नहीं रखना चाहिए। संस्था की बोर्साड मेंबर और माजिक कार्यकर्ता पूजा ने कहा कि जब तक हर लड़की सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर नहीं होगी, तब तक हमारा समाज वास्तव में आगे नहीं बढ़ सकता। ग्राम सभा मुबारक चिलौली के ग्राम प्रधान श्री लेखराम ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना हमारी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है और हम आगे से इस पर विशेष ध्यान देंगे?। कम्युनिटी मोबिलाइजर ने कहा सुश्री हेमा ने कहा कि समुदाय के स्तर पर इस तरह के संवाद कार्यक्रम बदलाव की सबसे सशक्त नींव रखते हैं। हम गांव में बदलाव हेतु निरंतर प्रयास करते रहेंगे। नेहा (वॉलंटियर) ने कहा हर लड़की को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर आवाज उठाने का साहस भी।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्राम सचिव अमित, वैभवी, हिना, पूजा, नेहा, सोनी, ममता, ख्वाहिश, सुरेश, आलोक, आनंद सहित सभी ने महिलाओं और लड़कियों के सम्मान, समानता और सुरक्षा को बढ़ावा देने का सामूहिक संकल्प लिया।

# दिनभर चाहे जहां रहियो हमार पिया पर श्रोता मंत्रमुग्ध




**लखनऊ।** स्मृति उपवन में चल रहे माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सदस्य विधान परिषद, वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश अरविंद त्रिपाठी 'गुड्डू' एवं आयोजक अरुण प्रताप सिंह, रणवीर सिंह, गुंजन वर्मा और हेमू चौरसिया ने सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में संस्कृति विभाग द्वारा सुरेश प्रसाद कुशवाहा भोजपुरी लोकगीत की प्रस्तुति ने समां बांधा। सर्वप्रथम देवी भजन कब ले रहिया आवे माई के रहिया.... की प्रस्तुति से श्रोता भक्ति भाव से विभोर हुए। का करें बुढ़िया बेचारी, पतोहिया जब खिलाड़ी निकलल.... से दर्शकों को आकर्षित किया। पटना से बैठा बुला दा .... दिनभर चाहें जहां रहियो हमार पिया हो.....जया ने भोजपुरी लोकगीत सुनाकर दर्शकों का मन मोहा। ढोलक पर सुंदर कश्यप पैड पर सूरज कुमार आर्गन पर समर्पित बैंजो पर शीलू मिश्रा ने संगत दी। इस प्रस्तुति के बाद मधुलिका हांबी क्लासेस की जोरदार प्रस्तुति रही जिसमें अविका सिंह, महक सिंह, कृतिका, समृद्धि, शैली, खुशी, गौरी मिश्रा, वर्तिका आदि ने अपनी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीता मेरे नैना सावन भादों... गीत से भाव्या तिवारी ने मनमोहक प्रस्तुति दिया बताते चलें कि भाव्या तिवारी आंखों से देख नहीं सकती पर श्रोताओं का दिल जीत लिया और तालिया से उनका स्वागत किया गया। मधुलिका शर्मा के संयोजन में यह प्रस्तुति हुई उपस्थिति में अनुराग शाह, शशिकांत शुक्ला एवं आकांक्षा अवस्थी रही। अगले क्रम में आर डी एस डांस अकैडमी - शेखर रघुवंशी के संयोजन में कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें गणेश वंदना सर्वप्रथम अनुज तान्या अंजलि शिवानी आदि ने प्रस्तुत किया। नचले नचले.... दिव्या ने बहुत मनमोहक प्रस्तुति दी। हरमीत देवराज और तस्वीर का फातिमा ने गीत की प्रस्तुति दी वही रिशु अग्रहरि एवं अवंतिका कश्यप ने नृत्य प्रस्तुति दी। इस अवसर पर महोत्सव समिति के रोली सिंह चौहान, मोनालिसा, मनोज सिंह चौहान, रोली जयसवाल आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदीप शुक्ला द्वारा किया गया।

# शिरडी से आज पहुंचेगी श्री साईं चरण पादुका

**लखनऊ।** गुरुवार, शुक्रवार 11, 12 दिसम्बर को द गोल्डेन सेलिब्रेशन, कपूरथला चौराहे से छन्नी लाल चौराहा के मध्य में महानगर-लखनऊ को दो दिवसीय श्री साईं चरण पादुका भक्तों के दर्शन के लिए पहुंच रही हैं कार्यक्रम आयोजक राजेश अरोड़ा ने बताया कि श्री सांई चरण पादुका भक्तों के दर्शन के लिए लखनऊ लायी जा रही है गुरुवार 11 दिसम्बर 2025, सायं 06:30 बजे, साई भजन सम्राट सक्सेना बन्धु व राधा राठौर सायं 07:00 बजे आयोजित किया जाएगा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांकः 665/न.पा.परि.सुल./2025-26 दिनांकः 09 दिसम्बर, 2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि मद के अन्तर्गत इलेक्ट्रिक वर्क एवं अधिष्ठापन का कार्य कराये जाने हेतु ठेकेदारों/फर्मों से दिनांक- 16.12.2025 को सायं 3:00 बजे तक सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन ठेकेदारों की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में 3.30 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य का भुगतान कर नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के प्रकाश विभाग कार्यालय में दिनांक 15.12.2025 तक प्राप्त किये जा सकते है। प्रत्येक निविदा के साथ अलग-अलग धरोहर धनराशि एन.एस.सी./ डी.डी.आर./एफ.डी.आर. जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र साफ-साफ शब्दों एवं अंको में कार्य की कुल लागत पर प्रतिशत दर ठेकेदार के स्वयं के हस्ताक्षर सहित अंकित किया हुआ ही मान्य होगा। कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, अन्यथा बिना नोटिस दिये जमानत धनराशि जब्त करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। निविदा / निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारियाँ किसी भी कार्यालय दिवस में पालिका के प्रकाश विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | आगणन धनराशि (लाख में) जी.एस.टी. सहित | धरोहर धनराशि | टेण्डर प्रपत्र का मूल्य+जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पन्त स्टेडियम में इलेक्ट्रिक वर्क कार्य। | 3,50,064.00 | 4,13,076.00 | 35,000.00 | 500+90 | 01 माह |
| 2. | वार्ड नरायनपुर मो. सौरमऊमें नवनिर्मित सरोवर के पास हाईमास्ट लाइट कनेक्शन के लिए केबिल 4x16 sq mm लगाये जाने का कार्य। | 2,43,750.00 | 2,87,625.00 | 24,300.00 | 500+90 | 01 माह |

(लाल चन्द्र सरोज)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर।

(प्रवीन कुमार अग्रवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर।

# 5,868 रेलवे स्टेशनों पर दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्हीलचेयर सुविधा उपलब्ध

## रेलवे ने दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों और बीमार यात्रियों के लिए बढ़ायीं सुविधाएं, लोअर बर्थ से लेकर बैटरी वाहनों तक बेहतर प्रावधान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** देशभर के 5,868 रेलवे स्टेशनों पर दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई हैं। रेलवे द्वारा ये व्हीलचेयर निःशुल्क प्रदान की जाती हैं और इन्हें दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक आदि को ट्रेन तक ले जाने और लाने के लिए उनके सहायकों को दिया जाता है। जहां सहायक उपलब्ध नहीं होते, वहां लाइसेंसधारी कुली (सहायक/सहायाक) को नाममात्र शुल्क पर इस कार्य के लिए नियुक्त किया जा सकता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन परिसर के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित की जाती है।

वृद्ध, दिव्यांग और बीमार यात्रियों के लिए सुविधाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है। कंप्यूटरीकृत पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) में वरिष्ठ नागरिकों और 45 वर्ष से अधिक आयु की महिला यात्रियों को स्वचालित रूप से निचली बर्थ दी जाती है, यदि बुकिंग के समय यह उपलब्ध हो। इसके अतिरिक्त, स्लीपर, एसी 3-टियर और एसी 2-टियर कोचों में इन श्रेणियों के यात्रियों तथा गर्भवती महिलाओं के लिए संयुक्त रूप से निचली बर्थ का एक निर्धारित कोटा रखा गया है। उपनगरीय ट्रेनों में प्रथम और अंतिम द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बों में भी वरिष्ठ नागरिकों के लिए कम से कम सात सीटें आरक्षित की गई हैं।

ट्रेन के प्रस्थान के बाद यदि निचली बर्थ खाली हों, तो दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक या गर्भवती महिला, जिन्हें ऊपरी या मध्यम बर्थ मिली हो, ऑन-बोर्ड टिकट चेकिंग स्टाफ से निचली बर्थ प्राप्त कर सकते हैं। सभी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों, जिनमें राजधानी और शताब्दी भी शामिल हैं, में दिव्यांगजन के लिए स्लीपर, 3एकोनॉमी/3एसी तथा गरीब रथ के रएसएलआरडी कोच में विशेष कोटा निर्धारित किया गया है। दूसरी बैठने (2एस) और एसी चेयर कार (सीसी) में भी, जहां इन कोचों की संख्या दो से अधिक होती है, उनके लिए सीटें आरक्षित की जाती हैं। अधिकांश मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में एसएलआरडी कोच को दिव्यांगजन के अनारक्षित उपयोग हेतु रखा जाता है, जबकि गरीब रथ तथा पूर्णतः आरक्षित ट्रेनों में ये कोच हैंडिकैप्ड कंसेशन पर यात्रा करने वाले दिव्यांग यात्रियों के आरक्षण के लिए सुरक्षित रहते हैं।

ढफ्र प्रणाली के माध्यम से टिकट जारी करते समय, दिव्यांगजन के लिए यथासंभव निचली बर्थ और उनके साथ यात्रा करने वाले सहायक के लिए निकट की मध्यम या ऊपरी बर्थ आवंटित की जाती है। ट्रेन चलने के बाद भी यदि खाली निचली बर्थ उपलब्ध हों, तो टीटीई आवश्यकता अनुसार दिव्यांगजन को आवंटित कर सकते हैं। पीआरएसअकेंद्रों पर दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, पूर्व सांसद/विधायक, मान्यता प्राप्त पत्रकार और स्वतंत्रता सेनानियों के लिए अलग काउंटर भी उनकी मांग के अनुसार निर्धारित किए जाते हैं। इसके अलावा, फोटो पहचान पत्र के आधार पर दिव्यांगजन और विशेष बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए ऑनलाइन रियायती टिकट बुकिंग सुविधा उपलब्ध है, और उनके साथ यात्रा करने वाले एक सहायक को भी समान रियायत दी जाती है।

मुख्य रेलवे स्टेशनों पर बैटरी चालित वाहन बीओबी भी उपलब्ध कराए गए हैं, जो पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होते हैं और दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, बीमार और गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है। कुल 196 बीओबीएस अभी 79 स्टेशनों पर कार्यरत हैं, जिनमें से कुछ निःशुल्क सीआरएस विज्ञापन के माध्यम से प्रदान किए जाते हैं, जबकि अधिकांश सेवा शुल्क पर उपलब्ध हैं। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि दिव्यांगजन, बीमार और बुजुर्ग यात्रियों के लिए सुविधाओं का उन्नयन एक निरंतर और सतत प्रक्रिया है।

यह जानकारी लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रदान की गई।

## छह रेलगाड़ियों के रैक में किया जायेगा परिवर्तन



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं परिचालिनिक सुगमता हेतु निम्नलिखित 13137/13738 कोलकाता-आजमगढ़-कोलकाता एक्सप्रेस, 13121/13122 कोलकाता-गाजीपुर सिटी-कोलकाता एक्सप्रेस, 22323/22324 कोलकाता-गाजीपुर सिटी-कोलकाता एक्सप्रेस गाड़ियों का मानकीकरण किया जायेगा।

मानकीकरण के फलस्वरूप इन गाड़ियों की रेक संरचना में परिवर्तन किया जायेगा। 13137/13738 कोलकाता-आजमगढ़-कोलकाता में कोलकाता से 09 फरवरी से तथा आजमगढ़ से 10 फरवरी से संशोधित संरचना के अनुसार शयनयान श्रेणी के 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनामी के 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, एलएसएलआरडी का 01 तथा जनरेटर सह लगेजयान के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। 13121/13122 कोलकाता-गाजीपुर सिटी-कोलकाता में कोलकाता से 08 फरवरी से तथा गाजीपुर सिटी से 09 फरवरी से संशोधित संरचना के अनुसार शयनयान श्रेणी के 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनामी के 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, एलएसएलआरडी का 01 तथा जनरेटर सह लगेजयान के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। 22323/22324 कोलकाता-गाजीपुर सिटी-कोलकाता में कोलकाता से 12 फरवरी से तथा गाजीपुर सिटी से 13 फरवरी से संशोधित संरचना के अनुसार शयनयान श्रेणी के 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनामी के 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, एलएसएलआरडी का 01 तथा जनरेटर सह लगेजयान के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

# अंतर-शाखा स्पेल बी प्रतियोगिता में प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

**लखनऊ।** अवध कॉलेजिएट की सभी शाखाओं के छात्रों ने प्राथमिक, जूनियर और सीनियर वर्ग में प्रतिष्ठित स्पेल बी चैंप्स के खिताब के लिए शानदार प्रतिस्पर्धा की। बहुप्रतीक्षित अंतर-शाखा स्पेल बी प्रतियोगिता में उत्साही प्रतिभागियों, सहयोगी शिक्षकों और ऊर्जा से भरे दर्शकों ने उत्साहवर्धन किया।



कार्यक्रम में संस्थापक प्रबंधक सर्वजीत सिंह, संस्थापक निर्देशिका जतिंदर वालिया, संयुक्त निदेशिका डॉ. ब्रह्मजोत कौर तथा सभी शाखाओं की प्रधानाचार्य मौजूद रहे। प्रबंधक व निर्देशिका ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए यह संदेश दिया कि निष्पक्ष प्रतियोगिता, सच्चा प्रयास और पूरे मन से भागीदारी किसी भी परिणाम से अधिक महत्वपूर्ण है। उनके प्रेरक शब्दों ने छात्रों में आत्मविश्वास और ईमानदारी के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देने का उत्साह जगाया। इसके बाद शुरू हुआ शब्दों का रोमांचक मुकाबला, जहां सभी शाखाओं के प्रतिभागियों ने चक्र प्रति चक्र अपनी तेज स्मरणशक्ति, उपस्थिति बुद्धि और उत्कृष्ट स्पेलिंग कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्राथमिक, जूनियर और सीनियर—हर स्तर पर बच्चों ने प्रेरणादायक प्रदर्शन दिया, जो छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह था, जिसमें विजेताओं को स्पेल बी चैंप्स की उपाधि से सम्मानित किया गया। गणमान्यों ने स्वयं मंच पर जाकर विजेताओं को बधाई दी और उनकी मेहनत व भाषा-कौशल की सराहना की। अंतर-शाखा स्पेल बी प्रतियोगिता ने न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का उत्सव मनाया, बल्कि शाखाओं के बीच सहयोग, खेलभावना और सीखने के प्रति प्रेम को भी मजबूत किया।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल के नन्हें सितारों ने बिखेरी चमक

## रंगारंग प्रस्तुतियों और दिल को छू लेने वाली प्रतिभा ने अंसल शाखा के कार्यक्रम में समां बांधा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्साह और मनमोहक प्रस्तुतियों से भरे माहौल में लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) की अंसल शाखा ने अपनी शानदार केजी टैलेंट झांकी-एक कक्षा प्रस्तुति का आयोजन सेक्टर आई शाखा में किया। इसमें स्कूल के सबसे कम उम्र प्री प्राइमरी के बच्चों ने मंच पर अपनी धमाकेदार प्रस्तुतियों से प्रतिभा और रचनात्मकता को उजागर किया। एक दिल को छू लेने वाला और उत्सवपूर्ण वातावरण बना, जिसमें रंगीन वेशभूषा में सजे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम में बच्चों ने विविध प्रस्तुतियां दीं। छात्रों ने संस्कृत श्लोकों और कविताओं का पाठ किया, एलकेजी के बच्चों ने आकर्षक स्वर गीत की प्रस्तुति दी और यूकेजी के बच्चों ने अंग्रेजी कविता टू शाइनी आइज टू लुक अराउंड सुनाकर सभी का दिल जीत लिया। साथ ही बच्चों ने शेयरिंग या नॉट शेयरिंग और मोबाइल गेम्स या आउटडोर गेम्स जैसे सामयिक विषयों पर अपने विचार भी रखे। एक चिड़िया अनेक चिड़िया डांस, गॉड्स लव इज सो वंडरफुल समूह गीत और हिंदी कविता अपना प्यारा प्यारा घर जैसी प्रस्तुतियों से मंच जीवंत हो उठा। कार्यक्रम का समापन ईस्ट ऑर वेस्ट, इंडिया इज द बेस्ट डांस फिनाले से हुआ, जिसमें छोटे बच्चों ने पंजाब, कश्मीर सहित देश के कई प्रांतों की संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।

इस अवसर पर होनहार बच्चों को सम्मानित भी किया गया। पलक रावत (नर्सरी ए) को नियमित और समयबद्ध उपस्थिति के लिए प्रमाण पत्र दिया और अन्वी सिंह (एलकेजी बी) को जलसंरक्षण के बारे में जागरूक करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माता-पिता बच्चों की प्रस्तुतियों की गुणवत्ता से अभिभूत हो उठे। उन्होंने इसके लिए शिक्षकों के अथक प्रयासों की सराहना भी की। इस अवसर पर बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए स्कूल निदेशक डॉ. रश्मि पाठक ने कहा, हमारे सबसे छोटे छात्रों द्वारा प्रदर्शित असीम प्रतिभा और आत्मविश्वास को देखना वास्तव में हृदयस्पर्शी है। लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) उन्हें ऐसा मंच देता रहेगा जहां वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

## न्याय दिवस मनायेंगे सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स कल्याण संघ

**लखनऊ।** सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स कल्याण संघ, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पूर्ण प्रदेश में समस्त मंडलो तथा जिलों से आठवें वेतन आयोग के विचारार्थ विषयों मे पेन्शनरों का हित चिंतन पूर्व की भांति रखने तथा अन्य समस्याओं की तरफ ध्यानाकर्षण के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करने का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष इं आरके भाटिया ने बताया कि पूर्ण प्रदेश में मंडल तथा जिला शाखाओं द्वारा मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है कि उनके माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा। इं आरके भाटिया ने बताया कि लखनऊ में 11:30 बजे पूर्वाह्न स्वर्गीय बीएन सिंह, प्रतिमा स्थल, केडी सिंह बाबू स्टेडियम हजरतगंज लखनऊ पर लखनऊ के सदस्य एकत्र हो ज्ञापन कार्यक्रम सम्पन्न करायेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष इं दिवाकर राय के अनुसार अगर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती तो अगले चरण के संघर्ष कार्यक्रम की घोषणा की जायेगी।

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में नैना को बेस्ट पोस्टर अवॉर्ड



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित ड्रग डिस्कवरी, डेवलपमेंट एंड ड्रग डिलीवरी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में लखनऊ विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। लखनऊ विश्वविद्यालय के औषधि विज्ञान विभाग की शोधार्थी नैना श्रीवास्तवा को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बेस्ट पोस्टर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वह प्रो. पुष्पेन्द्र के. त्रिपाठी के निर्देशन में शोध कार्य कर रही हैं। नैना ने अपने शोध कार्य हेपैटोसेलुलर कार्सिनोमा थेरेपी हेतु कैम्प्फेरोल का नैनो-लिपोसोमल वितरण की प्रस्तुति की। यह अध्ययन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश (सीएसटीयूपी) द्वारा प्रायोजित परियोजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य हेपैटोसेलुलर कार्सिनोमा के उपचार की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए उन्नत नैनो-आधारित ड्रग डिलीवरी प्रणाली विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान भाषा विवि के कुलपति प्रो. अजय तनेजा द्वारा नैना श्रीवास्तवा को सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल ने उनके शोध की वैज्ञानिक प्रासंगिकता, प्रस्तुत आंकड़ों की गुणवत्ता तथा प्रभावशाली प्रस्तुति की सराहना की। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों व शोध समुदाय ने नैना की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है और उनकी यह उपलब्धि युवा शोधार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

## कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं का किया निरीक्षण



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रही विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के अंतर्गत बुधवार को प्रातःकालीन पाली की परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने किया। उन्होंने वाणिज्य संकाय एवं पीजी ब्लॉक का दौरा कर परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रोक्टर एवं उनकी टीम के सदस्य भी उनके साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने परीक्षा कक्षों में जाकर छात्रों की उपस्थिति, प्रश्नपत्र वितरण की प्रक्रिया, अनुशासन व्यवस्था तथा पर्यवेक्षकों की भूमिका को देखा। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो रही है। कुलपति ने कुछ छात्रों से संवाद भी किया और उनकी तैयारी तथा परीक्षा अनुभव के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रोक्टर टीम ने कुलपति को सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश नियंत्रण तथा अनुशासनात्मक निगरानी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# मातृशक्ति का सशक्तीकरण ही भारत के विकास का वास्तविक आधार

## सरोजनी नगर में मातृशक्ति का नवजागरण : डॉ. राजेश्वर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

● ताराशक्ति केंद्रों से डिजिटल लाइब्रेरी तक: सरोजनीनगर में महिलाओं का आत्मनिर्भर भारत मॉडल



**लखनऊ।** 'मातृशक्ति का उत्थान = भारत का उत्थान', इसी भाव के साथ सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक सशक्त संदेश जारी किया। अपने संदेश मेंडॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि जब मातृशक्ति आगे बढ़ती है, तो भारत उठ खड़ा होता है।

विश्व बैंक के अनुसार, यदि भारत में पुरुषों जितनी महिलाएँ कार्यक्षेत्र में आएँ, तो ज में 27 % की वृद्धि संभव है। फिर भी आज केवल 41 % मातृशक्ति कार्यबल में सक्रिय है। मातृशक्ति का जागरण ही भारत की प्रगति का सबसे बड़ा इंजन है।

क्छड रिपोर्ट के अनुसार, जब कोई महिला कमाती है तो परिवार की शिक्षा पर 90 % तक अधिक खर्च होता है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि कामकाजी माताएँ न केवल अपने परिवार को संभालती हैं, बल्कि राष्ट्र की सामाजिक पूँजी का निर्माण करती हैं।

डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में सरोजनीनगर ने महिलाओं के आत्मनिर्भरता मॉडल को जन आंदोलन बना दिया है 160 ताराशक्ति केंद्रों पर हजारों महिलाएँ सिलाई, कढ़ाई, डिजाइनिंग और उद्यम से आत्मनिर्भर हो रही हैं। 14 RBS Digital Empowerment Centres में बेटियाँ AI, Coding और English CommunicÔtion सीख रही हैं।

Sarojini Nagar Sports League ने नारी शक्ति में आत्मविश्वास की नई लहर लाई है । केवल विकास नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण है। राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं से बालिकाओं को नई दिशा मिली है । छात्रवृत्तियाँ और साइकिल वितरण से लाखों बालिकाएँ विद्यालय पहुँच रही हैं।सरोजनीनगर में 700 से अधिक मेधावी बालिकाओं को लैपटॉप और साइकिलें प्रदान की गईं, यह संदेश देते हुए कि मेहनत ही सम्मान है।एआई के युग में यदि हमारी बेटियाँ डिजिटल लीडर बन गईं, तो भारत दुनिया को नेतृत्व देगा। महिला श्रम भागीदारी दरः 23.3 % (2017) ? 41.7 % (2023) ग्रामीण क्षेत्र में वृद्धिः 24.6 % व 47.6 % (PLFS), स्वरोजगार से जुड़ी महिलाएँः 51.9 फीसद 67.4 % ये आँकड़े दिखाते हैं कि नारी शक्ति अब सीमाएँ नहीं, इतिहास बदल रही है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, अब समय है अनुमति से भागीदारीकी ओर बढ़ने का। हर पंचायत, हर कार्यालय और हर संस्थान में मातृशक्ति की समान उपस्थिति Atmanirbhar Bharat, Viksit Bharat AüSX Digital Bharat का सच्चा अर्थ है।

भारत विश्व की सबसे युवा जनसंख्या वाला देश है। यदि हर बेटी को शिक्षा, रोजगार और उद्यम के अवसर मिलें, तो भारत 2047 तक Viksit Bharat AüSX Vishva Guru Bharat दोनों बन सकता है।

जब आधी आबादी आधी ज़िम्मेदारी उठाती है, तो भारत पूरी उड़ान भरता है। सरोजनी नगर आज यह संदेश दे रहा है, जब मातृशक्ति काम करती है, तो परिवार उठता है; जब लाखों मातृशक्तियाँ काम करती हैं, तो भारत विश्व में सिर ऊँचा उठाता है।

# नॉर्थ-जोन इंटर-यूनिवर्सिटी महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप की शुरुआत

**लखनऊ।** इंटेग्रल यूनिवर्सिटी को नॉर्थ-जोन इंटर-यूनिवर्सिटी महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025-26 की मेजबानी का अवसर मिला है। यह आयोजन एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (अक्व), नई दिल्ली के तत्वावधान में किया जा रहा है। इसका उद्घाटन समारोह बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में हुआ, जिसमें उत्तर भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आई 40 से अधिक महिला टीमें भाग ले रही हैं। यह प्रतियोगिता 10 से 14 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के चांसलर एवं संस्थापक प्रो. सैयद वसीम अख्तर ने की। उन्होंने खेलों की भावना को सर्वोपरि बताते हुए सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं और प्रतियोगिता को औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध खिलाड़ी एवं अर्जुन पुरस्कार प्राप्त रणवीर सिंह (पूर्व कप्तान, भारतीय वॉलीबॉल टीम) रहे।

प्रो चांसलर डॉ. सैयद नदीम अख्तर, एडिशनल प्रो. चांसलर्स सैयद फौजान अख्तर, सैयद अदनान अख्तर और डॉ. निदा फातिमा, वाइस चांसलर प्रो. जावेद मुसर्रत, चांसलर के मुख्य सलाहकार प्रो. फुरकान कमर, पर्यवेक्षक (एआईयू) राजेश ढाका, निदेशक एचआरडीसी प्रो. सैयद अकील अहमद, अतिरिक्त निदेशक (डायरेक्टरेट ऑफ एडमिशन) डॉ. आतिफ सिद्दीकी, कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. अब्दुल रहमान खान और इंटेग्रल यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक डॉ. मोहम्मद जफर सहित अन्य गणमान्य अतिथि इस अवसर पर उपस्थित रहे। स्वागत भाषण विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद हारिस सिद्दीकी ने दिया।

# पीडब्ल्यूडी में ब्लैक लिस्टेड फर्म के कूटरचित दस्तावेजों में बड़े खुलासे आये सामने

## विभाग के पोर्टल चाणक्य और प्रहरी में अलग-अलग दस्तावेज लगाने की बात आयी सामने, शिकायतकर्ता ने सीएम को पत्र लिखकर गहनता से जांच कराने की उठायी मांग

विशेष संवाददाता (vol)

● फर्म संचालक ब्लैक लिस्टेड फर्म को पुनर्जीवित करने के लिए विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर लगातार बना रहा दबाव

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में कूटरचित दस्तावेज पर बनी फर्म ब्लैक लिस्टेड होने के बावजूद उसे फिर पुनर्जीवित करने की तैयारी की जा रही है लेकिन उसी फर्म के ब्लैक लिस्टेड होने के एक कारण पूर्व में कनवर्टर ही सामने आ पाया था लेकिन अब समाजसेवी अभिषेक द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत होने पर शालिनी दीक्षित, ठेकेदार (सो.प्रो. शालिनी दीक्षित), 215/2, सुशील नगर, उरई, जालौन फर्म के कूटरचित दस्तावेजों में हैरतअंगेज खुलासे सामने आये है। जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि फर्म की ओर से विभाग के पोर्टल चाणक्य और प्रहरी में अलग-अलग दस्तावेज लगाने की जानकारी सामने आयी है। इसमें फर्म में साइट इंजीनियर नहीं है, मशीन को लेकर कहीं लीज का जिक्र और कहीं खुद की होने का दावा किया गया और मुख्य रूप से फर्म को पंजीकरण कराने के लिए भी फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र लगाने का भी दावा किया गया है। इसमें शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री सभी शिकायतों की गहनता से जांच कराते हुए फर्म संचालक आशीष दीक्षित द्वारा अपनी फर्म शालिनी दीक्षित, ठेकेदार (सो.प्रो. शालिनी दीक्षित), 215/2, सुशील नगर, उरई, जालौन द्वारा कूटरचित दस्तावेजो के आधार पर फर्जी तरीके से विभाग में पंजीकरण कराकर करोड़ो का भुगतान प्राप्त करने एवं विरोध किये जाने पर मुख्यालय परिसर में कार्यरत महिला कर्मचारियों पर अभद्र एवं अश्लील टिप्पणी किये जाने पर मुकदमा पंजीकृत कराते हुए गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। फिर भी सूत्रों के अनुसार आशीष दीक्षित अपनी फर्म को ब्लैक लिस्ट किये जाने के कारण विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों पर काली सूची से बाहर किये जाने का दबाव डाला जा रहा है।

### फर्जी तरीके से कराया पंजीकरण

समाज सेवी अभिषेक ने पत्र में बताया कि फर्म संचालक आशीष दीक्षित द्वारा शालिनी दीक्षित, ठेकेदार (सो.प्रो. शालिनी दीक्षित), 215/2, सुशील नगर, उरई, जालौन के नाम पर वर्ष 2018 में पंजीकरण कराया गया। जिसमें पंजीकरण कराते समय इनके द्वारा 20.00 लाख रुपये के सफलतापूर्वक संपादित कराये गये कार्यों का ब्यौरा देते हुए, जो अभिलेख प्रस्तुत किये गये थे, उसमें कुल सात कार्य थे, जबकि प्रहरी पोर्टल में जहां पर ठेकेदार द्वारा कराये गये कार्यों का सत्यापन प्रमाण पत्र स्वयं ठेकेदार द्वारा दिया जाता है, उसमें मात्र 02 कार्य वर्णित है, जबकि प्रहरी पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा रोड साइनेज का मात्र एक अनुभव अपलोड किया गया है, जिस आधार पर उसका वर्ष 2018 में रजिस्ट्रेशन हो ही नहीं सकता था। वहीं, कनवर्टर सर्टिफिकेट में जून, 2023 में नवीनीकरण के लिए जो आवेदन किया था, उसमें जो कनवर्टर सर्टिफिकेट का प्रमाण पत्र स्वयं ठेकेदार द्वारा अपनी आई-डी से चाणक्य पोर्टल पर अपलोड किया गया है, उसे फर्जी पाये जाने के कारण विभाग द्वारा पूर्व में ही 18 नवम्बर 2024 को काली सूची में डाला जा चुका है। शिकायतकर्ता के अनुसार संलग्नक एक में ठेकेदार की ओर से सात कार्य दिखाये गये है जबकि प्रहरी पोर्टल पर रोड साइनेज का केवल एक ही काम दिखाया गया है। इससे स्पष्ट है कि पंजीकरण के समय लगने वाले अभिलेख यथा अनुभव प्रमाण पत्र, मशीनरी, तकनीकी स्टाफ, कनवर्टर सर्टिफिकेट आदि समस्त अभिलेख फर्जी है, जिसके लिए वर्ष 2018 से वर्ष 2024 के बीच आशीष दीक्षित द्वारा शालिनी दीक्षित, ठेकेदार (सो.प्रो. शालिनी दीक्षित), 215/2, सुशील नगर, उरई, जालौन की फर्म के समस्त कार्यों की जांच विभाग के द्वारा करायी जा रही है क्योंकि यह बहुत बड़ा प्रश्न है कि जिस व्यक्ति के पास कनवर्टर शिप ही नहीं है अर्थात जिस मटेरियल पर साइन बोर्ड लिखा जाता है, जिसे मात्र दो ही कम्पनियां बनाती है (जो कि पूर्व में बद्रीविशाल त्रिपाठी तत्कालीन प्रमुख अभियन्ता के द्वारा नामित किया गया था), जब वहीं कह रहीं है कि कोई कनवर्टर इस फर्म को दिया ही नहीं है। ऐसी परिस्थिति में इस फर्म द्वारा जो साइनेज श्रेणी का कार्य कराया गया है, जिसका विवरण प्रहरी में अंकित है उसके लिए भुगतान कैसे प्राप्त कर लिया गया।



### फर्जी दिखायी गयी साइड इंजीनियर की नियुक्ति

आशीष दीक्षित द्वारा वर्ष 2023 में फर्म का नवीनीकरण कराया गया, उसमें सिराज अहमद अंसारी नामक व्यक्ति को अपने यहां इंजीनियर के रूप में कार्यरत होने का शपथपत्र दिया गया है जबकि सिराज अहमद जिसका पैन नम्बर BFLPA7296D और आधार नम्बर 339677553993 वर्णित किया गया है, वह रमाशंकर मल्ल ठेकेदार के यहां पंजीकृत इंजीनियर के रूप में पिछले चार वर्ष से कार्यरत है। शिकायतकर्ता की ओर से आरोपों की पुष्टि के लिए संलग्नक तीन और चार लगाये गये है। स्पष्ट है कि एक इंजीनियर दो ठेकेदार के यहां पर एक साथ कार्यरत नहीं हो सकता है, इसलिए ठेकेदार द्वारा लगाया शपथ पत्र फर्जी है।

### मशीन को बताया लीज पर तो कहीं अपनी

फर्म में ठेकेदार द्वारा अपने शपथपत्र में जो मशीनरी की लिस्ट दी है वह सभी 05 वर्ष पुरानी दर्शाते हुए यह अंकित किया गया है कि वह सारी मशीनरी उनके द्वारा स्वयं पोसेसेज (मालिकाना हक) की गयी है, जबकि प्रहरी वाले चाणक्य पोर्टल पर इनके द्वारा जो मशीनरी की लिस्ट दी गयी है वह सभी लीज पर है अर्थात इनके पास स्वयं की कोई मशीनरी नहीं है। दोनों कथन एक दूसरे के विरोधाभाषी है। शिकायर्ता के ओर से इसके लिए संलग्नक पांच में शपथ पत्र और 6 व 7 में पोर्टल का प्रमाण प्रस्तुत किया है। इससे यह स्पष्ट है कि दोनों पोर्टल यानि की पंजीकरण वाला चाणक्य पोर्टल एवं प्रहरी पोर्टल पर मशीनरी के बारे में अलग-अलग लागत एवं अलग-अलग मशीनरी आयु अंकित की गयी है। जिससे स्पष्ट है कि ठेकेदार द्वारा बिना मशीनरी के फर्जी शपथपत्र दिया गया है।

### बेरोकटोक करता है प्रवेश

इतना ही नहीं फर्म संचालक आशीष दीक्षित पर आरोप है कि विभाग मुख्यालय के विभिन्न वर्गों में लगातार आता-जाता रहता है, जबकि विभाग में सचिवालय प्रशासन की तरह प्रवेश पास एवं सुरक्षा व्यवस्था लागू है। जहां पर बिना निर्धारित प्रकिया का पालन किये कोई व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकता लेकिन यह व्यक्ति गेट पर कार्यरत कर्मचारियों को डरा धमकाकर अवैध तरीके से प्रवेश कर मुख्यालय के विभिन्न वर्गों से धन उगाही करता है। मुख्यालय पर कार्यरत महिला कार्मिकों के द्वारा न केवल प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग को आशीष दीक्षित द्वारा अश्लील टिप्पणियां किये जाने, डराने धमकाने की शिकायत करते हुए संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र प्रेषित किया बल्कि प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष का घेराव किया। इसके अलावा मुख्यालय पर कार्यरत समस्त सेवा संघों के पदाधिकारियों के द्वारा उच्चाधिकारियों से आशीष दीक्षित का मुख्यालय में प्रवेश प्रतिबन्धित कर कार्यवाही की मांग की गयी है।

संक्षेप

## बूथों पर पहुंचे विधायक वेद गुप्ता

अयोध्या। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बुधवार को विभिन्न बूथों का निरीक्षण करते हुए अभियान की अद्यतन स्थिति जानी। इस दौरान उन्होंने बीएलओ, बूथ पदाधिकारियों तथा बीएलए-2 से घर-घर सर्वे, नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा त्रुटि संशोधन की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। विधायक ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है और इसे शुद्ध व त्रुटिरहित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विधायक ने प्राथमिक विद्यालय गद्दोपुर, मनोहर लाल इंटर कॉलेज, पूरा बाजार तथा राजेपुर बूथ का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया।

# जिला कारागार का जिला जज और डीएम ने संयुक्त रूप से किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद न्यायाधीश संजीव कुमार त्यागी, सीजीएम विजय वर्मा, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के द्वारा बुधवार को देवरिया जेल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

जेल परिसर में जाकर सभी उच्चाधिकारियों ने जनपद के कैदियों से मुलाकात की उनकी समस्याएं सुनी, उनकी स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया।इस क्रम में कैदियों के लिए खान पान की उचित व्यवस्था एवं उसकी गुणवत्ता का भी निरीक्षण उच्चाधिकारियों द्वारा किया गया। जिला जज द्वारा कैदियों से वार्ता की गयी और पूछा गया कि कोई दिक्कत तो नहीं है, स्वास्थ्य सुविधाएं, जमानत की स्थिति, वकील आदि के बारे में जायजा लिया।

सभी उच्चाधिकारियों ने देवरिया जेल में कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात कर उनके मामले के विधिक पहलुओं व समस्याओं के बारे में पूछताछ की ,उनके जमानत के संदर्भ में जानकारी ली तथा उनका समाधान भी बताया। उन्होंने कुछ कैदियों के आवेदन भी स्वीकार किये तथा जेलर के माध्यम से भी दरखास्त भिजवाने की बात की गयी। जिन कैदियों को अपने मामले में वकील की जरूरत थी, उन्हें आवेदन के माध्यम से वकील करने की सलाह दी। जिलाधिकारी ने कैदियों से संवाद करते हुए कैदियों के लिए चिकित्सक व अन्य सुविधाओं की उपलब्धता के संदर्भ में जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। वैसे कैदी जिनके कोई रिश्तेदार नहीं है उनके जमानत की पैरवी के संदर्भ में सरकारी वकील की व्यवस्था के बारे में भी जाना गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, अपर जेल अधीक्षक जेलर, चिकित्सक, सहित पुलिसकर्मी आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रमः वैदिक रीति से 53 जोड़े हुए एक दूजे के

कसया, कुशीनगर। नगर में रामकोला रोड स्थित मालती पांडेय बालिका इंटर कालेज परिसर में मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग के देखरेख में हुआ।

पंजीकृत 82 में 53 जोड़ों को पंडित कृष्णानंद त्रिपाठी वैदिक रीति से विवाह संपन्न कराया तो मौलवी मो. कलामुल्लाह ने 12 जोड़ों को निकाह पढ़ाया। ये जोड़े सभी कसया ब्लाक व कुशीनगर नगरपालिका से आए थे। बीडीओ हरिशंकर मिश्र, जिला पंचायत सदस्य नीतिश यादव, सुमित जायसवाल, एडीओ पंचायत नीरज चतुवेर्दी, सचिव डा. सरिता गुप्ताग्राम प्रधान राजेश शर्मा, संजीव सिंह, सुनील राजभर, संजय यादव, सुधाकर राय ने संयुक्त रूप से वर-वधू को आशीर्वाद देकर उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बीडीओ मिश्र ने कहा कि जिसके घर बेटी जन्म लेती है वह बड़ा ही सौभाग्यशाली होता है। जिपंस यादव ने कहा कि सरकार ने गरीब कन्याओं के विवाह का बोझ उठाकर उनके जीवन में खुशियां भरने की कार्य करती है। अतिथियों ने नवदंपतियों के ऊपर फूल की वर्षा कर उनका स्वागत किया। रेंजर जयंत सिंह राणा की तरफ से प्रत्येक जोड़ों को एक फलदार पौधा भी दिया गया। मंगल गीतों से पांडाल गूंजता रहा। गया। आभार ज्ञापन समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने ज्ञापित किया। संचालन मनंजय तिवारी व दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने किया।

## सोलर पम्प की ऑनलाइन बुकिंग 15 तक

**देवरिया** ।उप निदेशक कृषि सुभाष मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान ( पीएम कुसुम ) योजना के अंतर्गत सोलर पम्प की बुकिंग के लिए विभागीय पोर्टल 26 नवम्बर 2025 से 15 दिसम्बर तक खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषक का पंजीकरण विभागीय वेबसाइट ३३स्र://१्र४'३४१.४स्र.ल्ल्रू.ल्ल के दर्शन पोर्टल-1 पर अनिवार्य रूप से होना चाहिए। अनुदान पर सोलर पम्प की बुकिंग ह्वबुकिंग करेंह्व लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन की जा सकती है। इसके लिए किसानों को ?5000 टोकन मनी ऑनलाइन जमा करनी होगी।

उप निदेशक ने बताया कि पोर्टल पर जनपदवार 2 एचपी और 3 एचपी क्षमता वाले सोलर पम्प का लक्ष्य प्रदर्शित होगा। किसान किसी भी सीएससी या सहज जन सेवा केन्द्र से पंजीकरण संख्या अथवा आधार संख्या के माध्यम से अपनी आवश्यकता के अनुसार सोलर पम्प का चयन कर सकते हैं। जिन कृषकों ने अभी तक अपना पंजीकरण नहीं कराया है, वे दर्शन पोर्टल-2 पर पंजीकरण कराते हुए कार्यालय से सत्यापन के बाद बुकिंग कर सकते हैं। योजना की पात्रता और शर्तों की जानकारी देते हुए उप निदेशक ने बताया कि कृषक के पास क्रियाशील बोरिंग होना अनिवार्य है। 2 एचपी सोलर पम्प के लिए 4 इंच, 3 एचपी तथा 5 एचपी सोलर पम्प के लिए 6 इंच तथा 7.5 एचपी एवं 10 एचपी सोलर पम्प के लिए 8 इंच की बोरिंग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जलस्तर के अनुरूप सोलर पम्प का चयन किया जाएगा। सतही जलस्तर पर 2 एचपी सरफेस सोलर पम्प, 50 फीट गहराई तक 2 एचपी सबमर्सिबल, 150 फीट तक 3 एचपी, 200 फीट तक 5 एचपी तथा 300 फीट गहराई तक उपलब्ध जलस्तर पर 7.5 और 10 एचपी सोलर पम्प उपयुक्त पाए गए हैं। इन्हीं मानकों के आधार पर किसानों का चयन किया जाएगा ।

## विकास खण्ड स्तर पर राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



**नगीना, बिजनौर।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक लखनऊ के निर्देश पर उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों मे अध्ययनरत कक्षा 6 से 8 के छात्र छात्राओं मे जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के विविध अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान की प्रकृति, प्रक्रियाओ और विधियों की सम्यक समझ विकसित किये जाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र पुरैनी मे विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विकास खंड के 108 छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया. खण्ड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीतसिंह एवं डायट मेंटर प्रीती रानी की देखरेख मे आयोजित प्रतियोगिता तीन राउंड मे सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक अशोक कुमार ने किया। पहले राउंड की परीक्षा मे 25 सर्वश्रेष्ठ छात्र-छात्राओं का लिखित परीक्षा द्वारा चयन किया गया। इसके बाद इनमे मे 5 बच्चें आदर्श कुमार, वंश, प्रियांशी, मनीष, राधिका का जिला स्तर पर आयोजित होने वाली क्विज प्रतियोगिता एवं 5 बच्चों कार्तिक, लक्की, नसरा, वंश, रिया का विज्ञान प्रदर्शनी हेतु चयन किया गया। प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों एवं अध्यापको को पुरुष्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने मे यशपाल सिंह, विनोद कुमार शर्मा, अजयवीर सिंह, राजीव कुमार, ए0आर0पी छत्रपाल सिंह, हरिओम शर्मा, संजीव त्रिवेदी, धर्मवीर सिंह, कमलिनी अग्रवाल, गीत कपूर, सौरभ शुक्ला, कामनी दिवाकर, मंजूपाल, प्रेमलता, अंकित कुमार, दिलशाद जहाँ, गजाला, रूही, राजेश कुमार, शीतल रानी, शाम्भवि, गिन्नी सिंह, ज्योति, रश्मि आदि का महतत्त्व पूर्ण सहयोग रहा।

## अधिक उत्पादन वाली प्रजातियों पर शोध करें वैज्ञानिकः डा. बिजेन्द्र सिंह

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल में बुधवार को रबी-2025-26 तकनीकी कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह, उपकार के महानिदेशक डा. संजय सिंह, केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान लखनऊ के निदेशक डा. टी दामोदरन, कृषि विवि मेरठ के पूर्व कुलपति डा. गया प्रसाद, सीपीआरआई शिमिला के पूर्व निदेशक डा. एस.के पांडेय व बीएचयू वाराणसी के पूर्व अधिष्ठाता डा. ए.पी सिंह ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की। कहा कि रबी के मौसम में बोए जाने वाले गेहूं, चना, जौ, सरसो, एवं सब्जी की ऐसी प्रजातियां विकसित की जाएं जिससे कि उत्पादन में अधिक वृद्धि हो सके।

# जनपद में यूरिया व फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, धान खरीद जारी : सीडीओ

जिला संवाददाता

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया कि रबी सीजन में जनपद के कृषकों को उचित दर पर समय से यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त व्यवस्था की गई है। दिसंबर 2025 तक जनपद में उपलब्ध 18155 एमटी डीएपी के सापेक्ष 12928 एमटी, 14098 एमटी एनपीके के सापेक्ष 7314 एमटी तथा 25639 एमटी यूरिया के सापेक्ष 13099 एमटी उर्वरक का वितरण किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि वेयरहाउसों में उपलब्ध 1153 एमटी यूरिया, 1498 एमटी डीएपी और 770 एमटी एनपीके का लगातार फुटकर विक्रय केन्द्रों पर प्रेषण किया जा रहा है। सहकारी क्षेत्र के 164 केन्द्रों पर 1295 एमटी यूरिया, 979 एमटी डीएपी और 859 एमटी एनपीके उपलब्ध हैं, जबकि निजी क्षेत्र के उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर 9352 एमटी यूरिया, 2722 एमटी डीएपी तथा 3853 एमटी एनपीके उपलब्ध है। जनपद में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरकों की किसी प्रकार की कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है।

सीडीओ ने निर्देश दिया कि सभी निजी एवं सहकारी विक्रय केन्द्रों पर रेट बोर्ड तथा स्टॉक बोर्ड प्रतिदिन अपडेट रहें और दुकान पर फ्लैक्स-बैनर अनिवार्य रूप से लगाया जाए। कालाबाजारी, ओवररेटिंग एवं टैगिंग रोकने हेतु नियमित रूप से सघन निगरानी की जा रही है।

उन्होंने कृषकों से अपील की कि वे आधार कार्ड लेकर ही विक्रय केन्द्रों पर जाएं और पीओएस मशीन के माध्यम से ही उर्वरक क्रय करें। पीओएस से प्राप्त रसीद के आधार पर ही भुगतान करें। यदि किसी विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन से बिक्री नहीं की जा रही है, अधिक मूल्य लिया जा रहा है या कोई समस्या उत्पन्न हो रही है, तो इसकी सूचना सहकारिता नियंत्रण कक्ष (9455470229, 7080258100) या जिला कृषि अधिकारी नियंत्रण कक्ष (8353983231, 7839882441) पर दें।

कृषकों को उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से धान खरीद वर्ष 2025झ26 के अंतर्गत जनपद में खाद्य विभाग के 28, पीसीएफ के 40, पीसीयू के 35, मंडी समिति के 3 तथा भारतीय खाद्य निगम के 1, कुल 107 धान क्रय केन्द्र स्थापित किए गए हैं। अब तक 1785 किसानों से 7778.298 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। धान विक्रय के लिए पर पंजीकरण अनिवार्य है। बिना पंजीकरण धान क्रय नहीं होगा।

## बालविवाह मुक्त कार्यक्रम आयोजित



**देवरिया।** एम आर जयपुरिया स्कूल तिलई बेलवा देवरिया में ह्वल विवाह मुक्त भारतह्व राष्ट्रीय अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मनोज तिवारी मा. सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल विवाह को रोकने के उपाय एवं सम्बन्धित कानून के बारे में जानकारी दिया गया तथा जनपद को बाल विवाह मुक्त जनपद बनाये जाने की दिशा में प्रयास किये जाने के सुझाव दिए गये तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 9 के अंतर्गत अगर कोई व्यक्ति 18 वर्ष की कम उम्र की बालिका एवं 21 वर्ष की कम उम्र के लडके का विवाह कराया जाता है तो उसे दो वर्ष की सजा एवं 1 लाख रुपए जुमार्ना या दोनों सजा से दण्डित किये जाने का प्राविधान है के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा वन स्टॉप सेंटर की प्रबन्धक श्रीमती नीतू भारती द्वारा पाक्सो एक्ट के बारे में बताया गया, महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया एवं श्रीमती मीनू जायसवाल मनोवैज्ञानिक द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया गया कार्यक्रम में महिला थाना की सब इंस्पेक्टर श्रीमती निशा तथा जिला चिकित्सालय मानसिक स्वास्थ्य विभाग से श्रीमती वर्षा सिंह उपस्थित रहीं

## इंदिरा स्टेडियम में भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन



**बहराइच** ।मारवाड़ी युवा मंच द्वारा इंदिरा स्टेडियम में क्रिकेट टूनार्मेंट का शानदार, अनुशासित और ऊर्जा से भरपूर आयोजन किया गया।इस वर्षमहिला वर्ग का सीजन 1सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जो अपने आप में ऐतिहासिक रहा।पुरुष वर्ग में 4 टीमों तथा महिला वर्ग में 2 टीमों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।तीनों दिनों में 1000 से भी अधिक दर्शक मैदान में पहुँचे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते रहे। ?उत्तम प्रबंध एवं आतिथ्यटूनार्मेंट के दौरान तीनों दिन सुबह से लेकर नाश्ते, भोजन और चाय तक सभी व्यवस्थाएँ अत्यंत उत्कृष्ट और सुव्यवस्थित रहीं।साथ ही ड्रिंक्स ब्रेक के लिए विशेष कार्ट चलाई गई, जिससे खिलाड़ियों को सुविधा मिली और खेल के दौरान उनकी ऊर्जा बनी रही।यह व्यवस्था सभी प्रतिभागियों एवं दर्शकों द्वारा विशेष रूप से सराही गई।फाइनल मुकाबलों के परिणाम, पुरुष वर्ग विजेताः मलानीवेगा चार्जर्स टीम स्वामीः श्री निमेष मलानी, महिला वर्ग विजेताः बंसरीता रेंजर्स टीम स्वामिनीः सुश्री आकांक्षा अग्रवाल,विशिष्ट अतिथि एवं पुरस्कार वितरणकार्यक्रम में मुख्य विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुा टेकड़ीवाल उपस्थित रहीं, जिन्होंने महिला खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।पुरुष वर्ग के पुरस्कार वितरण में उपस्थित रहे–

# जिला प्रवासी डॉ. सत्येन्द्र सिन्हा ने की मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा

जिला संवाददाता

कुशीनगर। मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर बुधवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व एस आई आर अभियान के जिला प्रवासी डॉ सत्येन्द्र सिन्हा ने जिले के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बूथ टोलियां घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए।

जिले के सभी सातों विधानसभाओं का फीडबैक लेने के बाद क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों को एसआईआर अभियान में सौ फीसदी योगदान देना होगा। सबका गणना प्रपत्र जमा हो जाए, बीएलओ ने जितने फॉर्म बांट दिए हैं, उन्हें जमा कराने में टीम भावना से काम करना होगा।जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण सिर्फ प्रशासनिक ही नहीं बल्कि सांगठनिक जिम्मेदारी भी है, इसलिए जिन लोगों ने एसआईआर फॉर्म भर दिया है, उसको डिजिटल कराने के काम में भी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपना योगदान दें। जो लोग छूट रहे हों, उनके फार्मो को भी भरवाकर डिजिटल कराने में सहयोग करें। संचालन जिला मंत्री व अभियान संयोजक अतुल श्रीवास्तव ने किया।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष जगदम्बा सिंह, लल्लन मिश्र, जयप्रकाश शाही, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड, हाटा विधायक मोहन वर्मा, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, मदन गोविंद राव, शम्भू चौधरी, ब्लाक प्रमुख शशांक दूबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ वीणा गुप्ता, जिला महामंत्री राणा प्रताप राव, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल, दिवाकर मणि त्रिपाठी, डा विनोद भारती, रमेश सिंह, जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, डॉ सीमा गुप्ता, शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ क्षेत्रीय संयोजक सुरेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय राय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रभा पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश चौधरी, वरिष्ठ नेता नथुनी कुशवाहा, विजय राय, मार्कण्डेय शाही, मोहन चौहान सहित जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष और मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के विधानसभा संयोजक उपस्थित थे।

## जनपद में दो माह तक प्रभावी रहेगी निषेधाज्ञा

देवरिया। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) जैनेन्द्र सिंह ने बताया कि विभिन्न त्योहारों तथा आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्व में जारी निषेधाज्ञा की अवधि बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व आदेश दिनांक 10 अक्टूबर 2025 के तहत जारी निषेधाज्ञा 9 दिसम्बर 2025 तक प्रभावी थी, किन्तु इस दौरान क्रिसमस दिवस, नव वर्ष, गुरु गोविन्द सिंह जयंती, मो. हजरत अली जन्म दिवस सहित अन्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के संपादन तथा इसी अवधि में होने वाली अनेक परीक्षाओं के इसी कारण निषेधाज्ञा को 10 दिसम्बर 2025 से 9 फरवरी 2026 तक दो माह की अवधि के लिए पुनः लागू किया गया है।श्री सिंह ने कहा कि यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 एवं 183 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के तहत जारी किया गया है और तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## सेवानिवृत्त कर्मियों की पुनर्नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**देवरिया।** जनपद न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया है कि न्यायिक अधिष्ठान से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, की न्यायिक अधिष्ठान देवरिया में तृतीय श्रेणी संवर्ग एवं चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी जो एक वर्ष तक की अवधि के लिए (यदि उक्त पद प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से न भरे जाये या आवेदक की आयु 65 वर्ष पूर्ण न हो जाये या इनमें से जो भी पहले हो तक) की जायेगी। भर्ती साक्षात्कार एवं संबंधित कर्मचारी के पूर्व सेवा अभिलेख एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के आधार पर माननीय उच्च न्यायालय के अनुमोदनोपरान्त की जायेगी। उक्त पदों का वेतनमान, आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन में से वर्तमान पेंशन की धनराशि को घटाते हुए, शेष धनराशि परिलब्धियों के रूप में देय होगी आवेदक को अपने प्रार्थना पत्र के साथ उनके विरूद्ध कोई आपराधिक मामला लम्बित न होने और न ही किसी न्यायालय द्वारा उन्हें दोषसिद्ध किया गया है, संबंधी शपथ-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। आवेदक को दो सन्भ्रान्त व्यक्तियों द्वारा चरित्र प्रमाण-पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। चयनित आवेदकों को सेवा में पुर्ननियुक्ति के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवरिया द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र नियुक्ति तिथि से एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। आवेदक अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 22 दिसंबर 2025 की सायं 05 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय देवरिया मे प्रस्तुत कर सकते है

# त्रैमासिक जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता



बहराइच । कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार की देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति ( डीडीसी )/जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति ( डीएलआरसी ) की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम द्वारा सीडी रेशियो, प्राथमिक क्षेत्र के ऋणों के अंतर्गत सभी योजनाओ की बैंकवार गहनतापूर्वक समीक्षा करते हुए 60 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले सभी बैंकों को अपनी मासिक कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा बैकों को सुझाव दिया गया कि अधिक संख्या में छोटे ऋणों को स्वीकृत करने पर विशेष ध्यान दें। बैठक में सीएम युवा, एमवाईएसवाई, ओडीओपी, एसएचजी, सीसीएल, पीएमएफएमई व केसीसी फिशरीज आदि योजनाओं के अंतर्गत लंबित पत्रावलियों को शीघ्रता पूर्वक निस्तारित करने एवं अनावश्यक आधार पर आवेदनों को रिजेक्ट न करने के निर्देश दिए गये। रबी फसल बीमा योजना के सभी खातों को समय से कवर करने को कहा गया। मुख्य विकास अधिकारी ने उपायुक्त एनआरएलएम को निर्देश दिया कि अधिक संख्या में पत्रावलियां बैंकों को प्रेषित की जायें। इस अवसर पर नाबार्ड द्वारा संभाव्यतायुक्त ऋण योजना (पीएलपी) 2026-27 की बुकलेट भी लॉन्च किया गया। बैठक का संचालन लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र मसंद ने किया। इस अवसर पर लीड डिस्ट्रिक्ट अधिकारी ( भारतीय रिजर्व बैंक), डीडीएम नाबार्ड, डीसी एनआरएलएम, कृषि विकास अधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपी ग्रामीण बैंक, मत्स्य अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिनिधि, एफएलसी, आरएसईटीआई निदेशक, बीमा एवं बैंक के जिला समन्वयक व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओ को किया जागरूक



**बहराइच।** अभियान के तहत मिशन शक्ति टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक *मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी मह अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## भारत तिब्बत संवाद मंच द्वारा साझा विरासत एवं साझा भविष्य विषय पर गोष्ठी आयोजित

कसया, कुशीनगर। भारत तिब्बत संवाद मंच द्वारा तिब्बती मंदिर कुशीनगर के प्रांगण में विश्व प्रसिद्ध बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा के नोबल शांति पूरस्कार प्राप्त करने के 36 वीं वर्षगांठ पर भारत तिब्बत संबंधः साझा विरासत एवं साझा भविष्य विषय पर गोष्ठी आयोजित हुई।बुधवार को आयोजित गोष्ठी में राष्ट्रीय समन्वयक भारत तिब्बत समन्वय केंद्र तासी दिकी ने चीन द्वारा तिब्बत के उत्पीड़न का मार्मिक वर्णन किया। कहा कि तिब्बत के लोग चीन के दमन से अपना जीवन कष्ट में जी रहे हैं। प्रकृति संसाधनों का दोहन किया जा रहा है। तिब्बत की धर्म, भाषा, संस्कृति को मिटाने का काम कर रहा है। तिब्बत की आजादी के लिए जन जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को अवगत कराया जा रहा है। संयोजक पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारत और तिब्बत संबंध और चीन की कड़ी को लेकर स्पष्ट संदेश युवाओं के बीच जाना चाहिए। चीन की अराजकता, सैन्य शक्ति से तबाह तिब्बत को बचाने के लिए भारत पूरी ताकत से खड़ा रहेगा। विषय प्रवर्तन करते हुए संयोजक डॉ शुभलाल ने करते हुए कहा कि भारत एक जीवंत राष्ट्र है। तिब्बत की आजादी हमारी आजादी है। पर्यावरण संतुलन चीन बिगाड़ रहा है। सरकार दलाई लामा को दोनों सदन में संबोधित करने का अवसर दें। भारत रत्न दें। अध्यक्षता करते हुए बुद्धा पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो विनोद मोहन मिश्रा ने कहा कि तिब्बत और भारत के संबंध पुराने समय से प्रगाढ़ रहे हैं। तिब्बती मंदिर के प्रबंधक कंचुक लामा ने तासी को सम्मानित किया। प्रोजेक्टर के माध्यम से तिब्बती को चीनी बनाना विषय को दशार्या गया। संचालन दिवाकर मणि ने किया। इस दौरान भंते आलोक, तिब्बत से मिग्मार, भंते वाइजर, सोनम श्रृंग लामा, डॉ निगम मौर्य, डॉ बीना गुप्ता, संतोष दत्त राय, कैप्टन वेद प्रकाश मिश्रा, सुरेश गुप्ता, सभासद केशव सिंह, प्रधान डॉ संजय यादव, सभासद प्रभुनाथ सिंह, अनिल कुमार मल्ल, राजेश सिंह, अमोद कुमार सिंह, बैजनाथ, एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

## युवक को किया मृत घोषित

अयोध्या। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर निवासी युवक रामधीरज (24) पुत्र परशुराम को मंगलवार की देर रात गंभीर हाल में जिला अस्पताल लाया गया। परीक्षण के बाद इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के मेमो पर नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# बिना ट्रांसपोर्ट पंजीयन के भाड़े पर फर्राटे भर रहीं ओमिनी और ईको

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिले की सीमाएं करीबन 60 से 70 किमी के दायरे में फैली हुयी हैं। लिहाजा दूरस्त क्षेत्रों में स्थित परिषदीय विद्यालयों में अध्यापन कार्य कराने के लिए तैनात किये गये शिक्षक-शिक्षिकाएं गांवों में रहकर पठन-पाठन का कार्य तो कराती नहीं होंगी। मुख्यालय में निवासरत कई शिक्षक और शिक्षिकाएं प्रतिदिन निजी या मासिक भाड़े पर चलने वाले वाहनों से आवागमन करतीं हैं।

दूरस्त ग्रामीण अंचलों में स्थित परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक-शिक्षिकाओं को लाने-ले जाने के लिए बिना ट्रांसपोर्ट पंजीयन के दर्जनों वाहन फरार्टे भर रहे हैं। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि इसकी जानकारी सम्बन्धित परिवहन विभाग को न हो, लेकिन कार्यवाही न होने के चलते कई लोग बिना ट्रांसपोर्ट परमिट के ही निजी वाहनों का उपयोग कर रहे हैं, जो कि नियमानुसार भी गलत है और किसी अनहोनी के घटित होने पर कार्यवाहियों में भी

- **शिक्षक-शिक्षिकाओं को 60 से 70 किमी दूरी तक लाने-ले जा रहे वाहन**
- **प्रशासन की अनदेखी व एआरटीओ की मनमानी से बढ़ा यह अवैध कारोबार**

खामियां रह जाती हैं। गौरतलब है कि ललितपुर जिले की सीमाएं विकास खण्ड मड़ावरा के दूरस्त लखन्जर-पापरा, महरौनी से सड़कौरा वार्डर और बानपुर के अलावा तालबेहट में झररघाट तक फैली हुयीं हैं। सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाले परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रतिदिन आवागमन के लिए निजी वाहन या फिर प्राईवेट वाहन को मासिक भाड़े पर किये हुये हैं। मासिक भाड़े में लगे वाहन ट्रांसपोर्ट के तहत पंजीयन होना अनिवार्य है, जिनकी नम्बर प्लेट पीले रंग की होनी चाहिए।

लेकिन ऐसा नहीं है, कुछ लोग अपने निजी वाहन मारूति ओमनी, ईको इत्यादि वाहन को इस कार्य में उपयोग कर रहे हैं। इतना ही नहीं सूत्र बताते हैं कि एक कार में आधा दर्जन से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके विद्यालय तक पहुंचाने और विद्यालय से मुख्यालय तक लाने के नाम पर प्रति माह 4 से 6 हजार रुपये वसूल किये जा रहे हैं। ऐसे में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा ऐसे वाहनों की नियमित जांच न होने के कारण नियमों की अनदेखी हो रही है।

## एक्सपोजर विजिट प्रशिक्षण में गांवों को रोल मॉडल बनाने की ली जानकारी

**कसया, कुशीनगर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों को स्वच्छता को लेकर विकसित किए जाने को लेकर श्रावस्ती में आयोजित दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के प्रधान गण, सचिव, पंचायत सहायक, सफाईकर्मी, तकनीकी सहायकों ने जानकारी प्राप्त की।पंचायतीराज विभाग कुशीनगर आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर सोमवार और मंगलवार को आयोजित दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट प्रशिक्षण के तहत प्रात प्रतिभागियों ने गांवों को मॉडल बनाने के उद्देश्य से सामुदायिक सहभागिता की प्रक्रियाओं का अध्ययन किया और उनका अवलोकन कर ज्ञान अर्जित किया। दल ने फील्ड विजित में कचरा प्रबंधन, बायो गैस यूनिट संचालन, बनाने की प्रक्रिया, बायो एनर्जी से आटा चक्की संचालन, बर्मी कंपोस्ट की जानकारी ली।

संक्षेप

## श्रीमद्भागवत कथा शुरू

सीतापुर। मिश्रिख कस्बे के मोहल्ला रन्नूपुर में बुधवार से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा की शुरूआत भव्य कलश यात्रा के साथ की गई। मुख्य यजमान राकेश श्रीवास्तव और नीलम श्रीवास्तव के नेतृत्व में सैकड़ों भक्त दधीचि तीर्थ से कलश भरकर कथा स्थल तक पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कथा व्यास कपिल मिश्रा सात दिनों तक श्रोताओं को भागवत कथा का रसपान कराएंगे। मुख्य यजमान राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह कथा पिछले छह वर्षों से प्रतिवर्ष आयोजित की जा रही है। इसमें नगर के अनेक भक्तों का सहयोग रहता है। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक और रात्रि 7 से 10 बजे तक किया जाएगा। श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।

## जिम्मेदार नहीं लगा पा रहे कर्मचारियों की फर्जी अटेंडेंस पर रोक

उन्नाव। जिला अस्पताल इन दिनों लगातार सुर्खियों में है। यहां व्याप्त अव्यवस्था रुकने का नाम नहीं ले रही है, जबकि जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लग रही है। अस्पताल का सिस्टम मनमाने तरीके से चल रहा है, और शिकायतों के बावजूद भी सीएमएस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं देती। शनिवार को प्रकाशित खबर में बताया गया था कि एक्स-रे टेक्नीशियन वीरेंद्र सिंह यादव ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होते है। फिर भी उपस्थिति रजिस्टर में हाजिरी दर्ज हो जाती है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि अनुपस्थित कर्मचारी की उपस्थिति किस आधार पर दर्ज हो जाती है। ऐसी चचाएं अक्सर सुनने को मिलती है। सबसे हैरानी की बात यह है कि अस्पताल परिसर में हो रही इस मनमानी की जानकारी सीएमएस को समय रहते नहीं होती, और जब उनसे सवाल पूछा जाता है तो वे बचाव भरे अंदाज में सिर्फ औपचारिक जवाब देते हैं। सीएमएस का तर्क ह्लअगर कोई किसी की जगह सिग्नेचर कर दे तो इसमें क्या किया जा सकता हैह्व साफ दर्शाता है कि साफतौर पर जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की जा रही है। जानकारों की माने तो वीरेंद्र यादव ट्रॉमा सेंटर में एक्स-रे टेक्नीशियन के पद पर तैनात हैं, लेकिन वर्तमान में डिजिटल एक्स-रे यूनिट में कार्यरत बताए जाते हैं। दूसरी तरफ जिला अस्पताल का उपस्थिति रजिस्टर स्वास्थ्य विभाग के अंदर छिपे भ्रष्टाचार की परतें खोल रहा है। चचाएं हैं कि बिना ड्यूटी के तनख्वाह लेने का प्रयास जारी हैं। पहले भी एक्स-रे विभाग में अनियमितताओं के कई मामले सामने आ चुके हैं, जो अब जांच का विषय बनते जा रहे हैं। जब पूरे प्रकरण पर सीएमएस डॉक्टर राजीव गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कोई भी किसी के स्थान पर सिग्नेचर कर सकता है, ऐसे में क्या किया जाए? हम रिपोर्ट तैयार करवा रहे हैं, अभी दिखवा लेते हैं। उनका यह बयान अस्पताल प्रशासन की गंभीरता पर सवाल खड़ा करता है।

# खुशी-खुशी कर दो विदा कि रानी बेटी राज करे



जिला संवाददाता(vol)

- कृषक इंटर कॉलेज मैदान पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन

महोली/ सीतापुर कृषक इंटर कॉलेज के मैदान पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 155 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। पंडित सुरेश कुमार के द्वारा गायत्री परिवार की रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शशांक त्रिवेदी ने गणेश भगवान चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। इस विवाह कार्यक्रम में पिसावा 43, एलिया 37, महोली 47, हरगांव 24, नगर पंचायत हरगांव 3, नगर पंचायत महोली एक जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। योजना में कन्या के खाते में ?60000 नगद, 25000 का सामान व ?15000 खाना पर खर्च किया जाता है। विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक रूप से कमजोर बेटियों के विवाह में सहायता करने के लिए इस योजना की शुरूआत की है। इस योजना के अंतर्गत जहां गरीब बेटियों की शादी निःशुल्क हो जाती है वही इनके परिवारों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ता है। मैं सभी जोडो को आशीर्वाद देता हूं ।इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी मोतीलाल, सुरेश गौतम, प्रमुख पिसावा मिथलेश यादव, एलिया प्रतिनिधि संजय सिंह, अउ्ढ समाज कल्याण महमूदाबाद, प्रेमचंद सिधौली ,शुभम कुमार बिसवां, रवि यादव पिसावा, अश्वनी कुमार सहित वर वधु के परिजन मौजूद रहे।

## वीएचएसएनडी दिवस पर सचिवालय बाड़ी का डीएम ने किया निरीक्षण

- एएनएम रंजू देवी की अनुपस्थित पर सेवा समाप्त व आशा एवं आंगनबाड़ी को नोटिस जारी
- बीपीएम को नोटिस जारी करते हुये 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश



सिधौली (सीतापुर)। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर0 ने वीएचएसएनडी दिवस के अवसर पर ग्राम सचिवालय बाड़ी विकासखण्ड सिधौली का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एएनएम रंजू देवी की अनुपस्थित होने पर नोटिस जारी करते हुये सेवा समाप्त करने, आशा एवं आंगनबाड़ी को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। प्रभारी चिकित्साधिकारी से वार्ता करते हुये वीएचएसएनडी दिवस में लापरवाही पर कड़ी फटकार लगायी। जिलाधिकारी ने पंचायत भवन जटहा विकासखण्ड सिधौली पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वीएचएसएनडी दिवस पर विलम्ब से आने पर एएनएम सोनी शुक्ला नोटिस जारी करते हुये सेवा समाप्त करने के निर्देश दिये। पंचायत भवन को भी देखते हुये पंचायत सहायक से वार्ता की। पंचायत भवन में अव्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुये सचिव आरती यादव को निलम्बित करने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये। आंगनबाड़ी की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्यों में सुधार के निर्देश दिये। ड्यू रजिस्टर एवं अन्य रजिस्टर अद्यतन न होने पर बीपीएम राजू मौर्य को नोटिस जारी करते हुये 15 दिन का वेतन काटनें के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 15 दिवसीय निःशुल्क ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

फतेहपुर । राज ताइक्वांडो एकेडमी द्वारा 15 दिवसीय निःशुल्क ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल, आईटीआई रोड पर किया गया इस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक करन सिंह पटेल, विशिष्ट अतिथि प्रबंधक संजीव पटेल तथा विशेष अतिथि प्रधानाचार्य सीमा बाजपेई ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया शिविर का उद्देश्य और आयोजनताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और कहा कि छात्र-छात्राओं की शारीरिक दक्षता को परिपूर्ण करने के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है उन्होंने सभी सहयोगी संस्थाओं और व्यक्तियों की प्रशंसा की और बताया कि यह प्रयास सभी के सहयोग से संभव हुआ है प्रशिक्षण की जानकारीशिविर के सचिव राजकुमार ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को पूरी निष्ठा के साथ हुनरमंद बनाने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा.इस शिविर में छात्र-छात्राओं को ताइक्वांडो की बेसिक ट्रेनिंग, शारीरिक दक्षता, अनुशासन और आत्मरक्षा की तकनीकें सिखाई जाएंगी उपस्थित अतिथि और प्रतिभागीअवसर पर उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला, भारत वर्मा, शिव कुमार, रिया गौड़, मनीषा राजपूत, रिचा राजपूत सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे शिविर का आयोजन छात्र-छात्राओं की शारीरिक और मानसिक दक्षता बढ़ाने तथा खेलों के प्रति उनकी रुचि जागृत करने के लिए किया गया है इस प्रशिक्षण शिविर से छात्र-छात्राओं को न केवल ताइक्वांडो का ज्ञान मिलेगा, बल्कि उनकी शारीरिक दक्षता और अनुशासन में भी सुधार होगा, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो सकेगा।

## आजाद हिंद भगत संगठन के कार्यकर्ताओं ने औरंगजेब और बाबर का फूंका पुतला

सीतापुर। आजाद हिन्द भगत संगठन के कार्यकर्ताओं ने औरंगजेब और बाबर का पुतला फूंका। यह विरोध प्रदर्शन पश्चिम बंगाल में बाबर के नाम पर मस्जिद निर्माण के विरोध में किया गया। संगठन ने विदेशी आक्रांताओं से जुड़ी स्मृतियों और निशानियों को देश से पूरी तरह समाप्त करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मुगल आक्रांताओं ने भारत की संस्कृति, सभ्यता और धार्मिक आस्थाओं को क्षति पहुंचाई। संगठन के सदस्यों ने कहा कि इन शासकों के दौर में मंदिरों को तोड़ा गया, गोवंश को नुकसान पहुंचाया गया और महिलाओं व आमजन पर अत्याचार हुए। संगठन इन मुद्दों पर लंबे समय से विरोध दर्ज करा रहा है। कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखते हुए कहा कि भारत की पहचान उसकी प्राचीन सनातन संस्कृति, सभ्यता और मूल्यों से है। जहाँ अतिथियों का सम्मान किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्र और समाज को नुकसान पहुंचाने वाले आक्रांताओं का महिमामंडन स्वीकार्य नहीं है। संगठन के सदस्यों ने इस विरोध को दशहरे पर रावण दहन से जोड़ते हुए कहा कि जिस प्रकार बुराई के प्रतीक का विरोध किया जाता है। उसी तरह विदेशी आक्रांताओं का प्रतीकात्मक विरोध करने का अधिकार समाज को है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन शासकों का इतिहास अत्याचारों से भरा रहा, उनके स्मृति चिन्हों को क्यों संरक्षित किया जाए। प्रदर्शन के दौरान संगठन ने मांग की कि ऐसे आक्रांताओं का समर्थन या महिमामंडन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान का भी जिक्र किया। जिसमें उन्होंने कहा था कि देश श्रीराम, श्रीकृष्ण, महावीर जैन और गुरु गोविंद सिंह जैसे महापुरुषों के आदर्शों पर चलेगा न कि विदेशी आक्रांताओं के आचरण पर प्रदर्शनकारियों ने इस संबंध में मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन भी सौंपा।

## ऑनलाइन अटेंडेंस व गैर विभागीय कार्यों को थोपे जाने के विरुद्ध आंदोलन

सीतापुर। जनपद में 1 दिसंबर से ग्राम पंचायत सचिव ऑनलाइन अटेंडेंस एवं गैर विभागीय कार्यों को थोपे जाने के विरुद्ध सत्याग्रह आंदोलन पर चल रहे हैं। 1 दिसंबर से काली पट्टी बांधकर एवं 5 दिसंबर को एकदिवसीय विकास खंड पर धरना देकर 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अपने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को प्रेषित कर चुके हैं। इसी क्रम में 10 दिसंबर से सभी सचिव ग्राम पंचायत अपने निजी वाहन को छोड़कर साइकिल से विकासखंड एवं ग्राम पंचायत में जाना प्रारंभ कर दिया है। जिलाध्यक्ष ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन वीरेंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा बताया गया है कि 10 दिसंबर से सभी साथी अपने निजी वाहनों को छोड़कर सरकार द्वारा प्रदत्त साइकिल भत्ता के आधार पर साइकिल से ही विकासखंड एवं ग्राम पंचायत में जाकर सरकारी कार्यों का निष्पादन करेंगे।

# तकिया मेला हिंदू-मुस्लिम एकता का परिचय देता आया है



अविनेश मिश्र, रज्जन तिवारी

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर के कस्बा पाटन में लगने वाले तकिया मेला लगभग पाँच शताब्दी से हिंदू-मुस्लिम एकता का परिचय देता आया है। ये तकिया मेला पौष के पहले गुरुवार से लगता है। मेला परिसर में बाबा सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव व ख्याति प्राप्त सूफी संत मोहब्बतशाह बाबा की मजार तथा उनके शिष्य न्यामत शाह की मजार भी स्थित है। जो हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है। पाटन स्थित तकिया मजार के काजी मोहम्मद इलियास के मुताबिक, उनका जन्म हेरात ईराक में हुआ था। लेकिन उनका अंतिम समय बीघापुर तहसील स्थित तकिया में ही बीता। तकिया के गद्दीधरों की परंपरा के वर्तमान अली हुसैनशाह 18 वें गद्दीधर हैं। कालांतर में सहस्त्रलिंगेश्वर मंदिर के सामने कुटी बनाकर रहने लगे और उनका अंतकाल भी यहीं हुआ। नवाब आसफाउददौला ने भी मोहब्बतशाह बाबा से भेंट की थी जिसका उल्लेख अवध गजेटियर में भी है। मोहब्बतशाह बाबा के बारे में क्षेत्र ही नहीं दूर-दूर तक उनके चमत्कारों की कहानियां प्रचलित हैं। बाबा सहस्त्रलिंगेश्वर की प्रतिदिन आराधना करते थे। आज भी मजार के गद्दीधर उस परंपरा का निर्वाह करते चले आ रहे हैं।

### भगवान राम को हुआ था शिवलिंग का दर्शन

ऐसी मान्यता है कि वनगमन के समय भगवान राम इसी मार्ग से होकर श्रंगबेरपुर गए थे। मंदिर पुजारी राजकिशोर बताते है रात्रि प्रवास के दौरान राम को स्वप्न में शिवलिंग का दर्शन हुआ था। प्रदेश में तकिया मेला लगभग तीन सौ वर्षों से अपनी ख्याति बनाए हुए है लेकिन इधर कुछ वर्षो से प्रशासनिक उपेक्षा का दंश झेल रहा है। कुछ साल पहले तक तकिया मेला ऊटो के लिए भी प्रशिद्द था। पाटन में नेशनल हाईवे का बाईपास बन जाने के कारण मेला परिसर की जगह भी कम हो गयी है। हर वर्ष मजार पर चढ़ावा व मंदिर में पूजन अर्चन हेतु जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व जन प्रतिनिधि आते है। मेले में कई दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम चला करते है। जिसमे लोककला, कविसम्मेलन, मुशायरा, सहित अन्य कार्यक्रम होते है। मुख्य अतिथि विधायक आशुतोष शुक्ला एवं जिलाधिकारी गौरांग राठी तथा पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के साथ मेलाधिकारी मेला का उद्घाटन तथा मजार पर चादर चढ़ाने एवं श्री सहस्त्रलिंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजन एवं आरती करेंगे।

### दूरदर्शन के कलाकारों द्वारा कठपुतली नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी

आकाशवाणी दूरदर्शन के कलाकारों द्वारा 12 दिसंबर शुक्रवार को आल्हा, 15 दिसम्बर सोमवार को कठपुतली नृत्य, 17 दिसम्बर बुधवार को चेतना चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा भोजपुरी लोक गायक, 18 दिसम्बर बृहस्पतिवार को कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, 19 दिसम्बर शुक्रवार को लोक गायन, बिरहा 22 दिसम्बर सोमवार को कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, 23 दिसंबर मगलवार को जादू/प्रभू दर्शन आर्टग्रुप लखनऊ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, 24 दिसम्बर बुधवार को अवधी लोक गायन/आल्हा (साहित्यक), 26 दिसम्बर शुक्रवार को भोजपुरी लोक गायन व 29 दिसंबर सोमवार को कवि सम्मेलन एवं मुशायरा उपरांत आशुतोष शुक्ला विधान सभा सदस्य उ०प्र० द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण तदुपरान्त प्रीतिभोज व कार्यक्रम समापन की घोषणा की जाएगी।

## बालक का शव कुएं से बरामद

रेउसा (सीतापुर)। विकासखण्ड रेउसा के थानगांव थाना क्षेत्र के चंदौली गांव में स्थित बुद्धा पुत्र सरजू के दरवाजे पर स्थित कुएं से पड़ोस के निवासी 8 वर्षीय आदित्य उर्फ अतिब पुत्र सुरेश कुमार निषाद का शव कुएं में खेलते समय मृतक की छोटी बहन चांदनी ने आज 10.30 बजे दिन में देखकर अचानक चीखने चिल्लाने लगी। तभी परिवार के लोगों ने कुएं में प्रवेश कर शव को बाहर निकाला। तब पहचान हुई कि रविवार से लापता सुरेश कुमार केवट का पुत्र आदित्य उर्फ अतिब रविवार को अपने घर के बाहर खेल रहा था, तभी वह अचानक गायब हो गया था। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। गांव के पास चैका नदी होने के कारण परिवार को बालक के नदी में डूबने की आशंका हो रही थी। सोमवार को पीड़ित पिता ने थानगांव पुलिस को घटना के संबंध में तहरीर दी थी। थानगांव थानाध्यक्ष विमल गौतम ने जानकारी दी कि प्राप्त तहरीर के आधार पर बीते सोमवार को मुकदमा पंजीकृत हुआ था। उसी बालक का शव उसी के घर के करीब कुएं से बरामद हुआ है पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा जा रहा है। क्षेत्रीय लेखपाल नरेन्द्र कुमार ने मौके का निरिक्षण कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन महमूदाबाद भेज दिए हैं।

## मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कार रैली का आयोजन

सीतापुर। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन भारत ने बुधवार को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर सीतापुर में एक कार रैली का आयोजन किया। यह रैली संगठन के जिलाध्यक्ष गोविंद मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई। जो थाना इमलिया सुल्तानपुर होते हुए बेलगवां गांव पहुंची। बेलगवां गांव में लखनऊ मंडल मीडिया प्रभारी शमीम अहमद के आवास पर जलपान की व्यवस्था की गई।

इस दौरान संगठन के चेयरमैन एडवोकेट नीरज मिश्रा ने गांववासियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि मानवाधिकार आयोग की स्थापना 1948 में हुई थी। जिसका उद्देश्य मनुष्य को उत्पीड़न से बचाने के लिए विभिन्न अधिकार प्रदान करना है। मिश्रा ने श्रमिक शोषण, महिला उत्पीड़न, बाल उत्पीड़न, एफआईआर दर्ज न करना, घूसखोरी और मजदूरी के पैसे न देने जैसे मामलों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्पीड़न को रोकने के लिए लोग संगठन से संपर्क कर सकते हैं। संगठन का नारा था श्जब कोई न सुने, मानवाधिकार चुने। इस अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सलाहकार शिशिर पांडे, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष लविश वर्मा, मंडल मीडिया प्रभारी शमीम अहमद, मंडल प्रमुख रईस अहमद, इकबाल हुसैन, तौसीफ, असलम, रौनक अली, कुलदीप, इस्लाम खान, पंकज कुमार, रमित आर्यन शुक्ला सहित संगठन के कई पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## एसआईआर जांच में अवैध झोपड़ी धारकों को दी चेतावनी



हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। आदर्श मौरावां नगर पंचायत में एसआईआर फॉर्म जमा न करने और मेला रामलीला मौरावां ट्रस्ट की जमीन पर बनी अवैध झोपड़ियों की शिकायत पर नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी ने पुरवा लेखपाल निशांत वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ तथा कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। टीम ने हर झोपड़ी में जाकर कागजातों की बारीकी से पड़ताल की, जिसके दौरान कुछ लोग झोपड़ी खाली कर मौके से चले गए।

नायब तहसीलदार के पूछने पर कई लोगों ने बताया कि उन्हें पूर्व नगर अध्यक्ष द्वारा रु0 1100 लेकर जमीन दी गई थी, लेकिन वे अन्य विवरण देने में असमर्थ रहे। अधिकारियों ने सभी लोगों को कागजों सहित नगर पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत होने और ट्रस्ट की जमीन तत्काल खाली करने के निर्देश दिए। वहीं हिलौली रोड स्थित मुकरबा बाबा क्षेत्र में भी अवैध झोपड़ियों की शिकायत पर निरीक्षण किया गया, जहां कुछ लोगों ने बताया कि वे इलाज के लिए आने-जाने के कारण वर्षों से अस्थायी रूप से रह रहे हैं। लगातार विभिन्न स्थानों पर बांग्लादेशी व रोहिंग्या संदिग्धों के मिलने की घटनाओं के बीच बेनीगंज क्षेत्र में झोपड़ियों में रह रहे लोगों पर भी संदेह की सूई घूम रही है। मामला जांच का विषय है और आगे की कार्रवाई प्रशासन द्वारा निर्धारित की जाएगी।

## मानवाधिकार दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ



उन्नाव (वीओएल)। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा तहसील सदर के सभागार में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपर जिला जज/सचिव मनीष निगम ने की। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार वे मूलभूत अधिकार हैं जो हर व्यक्ति को जन्म से प्राप्त होते हैं। जिनका उद्देश्य उसकी गरिमा, स्वतंत्रता और समानता की रक्षा करना है। अंर्तराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ह्लमानवाधिकार, हमारी दैनिक आवश्यकताएंह्व है। कार्यक्रम में अधिवक्ता रेनू तिवारी ने निःशुल्क विधिक सहायता, पात्रता एवं प्राधिकरण द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी दी, जबकि अधिवक्ता सूरज बाजपेई ने आगामी 13 दिसंबर को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व और सुलह-समझौते से मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया बताई। अधिवक्ता ओ.पी. पाण्डेय ने प्री-लिटिगेशन वैवाहिक विवादों के समाधान की प्रक्रिया समझाई। एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी तथा तहसीलदार सुरभि गौतम ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में कार्यालय के कर्मचारी एवं पराविधिक स्वयंसेवक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# विश्व मानवाधिकार दिवस पर जरूरतमंदों को बांटे कंबल

जिला संवाददाता



फतेहपुर । विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मानवाधिकार एवं उपभोक्ता फोरम, नई दिल्ली की जिला इकाई फतेहपुर द्वारा डाक बंगला सर्किट हाउस में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी ने बड़े ही सरल और प्रभावी ढंग से किया ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं अंजू प्रजापति, जो राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्या हैं। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और मानवाधिकारों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की पूरी जानकारी होना बहुत जरूरी है। किसी भी तरह का शोषण या हिंसा मानवाधिकारों का सीधा उल्लंघन है। समाज तभी आगे बढ़ेगा जब महिलाएँ सुरक्षित और जागरूक होंगी ।उन्होंने गरीब और बेसहारा परिवारों को कंबल वितरण भी किया और इसे मानवाधिकारों का एक महत्वपूर्ण पहलू बताया ।विशिष्ट अतिथि के रूप में फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीत कुमार अग्रहरि तथा उपजिलाधिकारी सदर फतेहपुर अनामिका श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीत कुमार अग्रहरि ने लोगों को उनके अधिकारों व कानूनी मदद के बारे में जागरूक किया और कहा ह्लदेश का हर नागरिक कानून की नजर में सुरक्षित है। किसी गरीब या असहाय व्यक्ति पर होने वाला अत्याचार किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। हमारा फोरम हर जरूरतमंद को कानूनी सहायता प्रदान करता रहेगा ।ह्लकार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष प्रयागराज आशीष सिंह चंदेल ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी समाज में बड़ा बदलाव ला सकती है। उन्होंने कहा कि यदि युवा मानवाधिकारों और न्याय के लिए आगे आएँ, तो किसी भी तरह का अन्याय टिक नहीं सकता। फोरम के जिला अध्यक्ष अमित कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ह्लफतेहपुर जिले में गरीब और असहाय लोगों की मदद करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना फोरम की पहली प्राथमिकता है। यदि किसी भी गरीब को अधिकारी या कोई व्यक्ति परेशान करता है, तो फोरम उसकी ढाल बनकर खड़ा रहेगा ।150 से अधिक परिवारों को दिए गए कंबलकार्यक्रम के दौरान लगभग 150 गरीब, असहाय और बेसहारा परिवारों को कंबल वितरित किए गए। साथ ही मानवाधिकारों, महिलाओं की सुरक्षा, कानूनी जागरूकता और समाजसेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई ।कार्यक्रम में कई सम्मानित पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं देवेंद्र शिवहरे मंडल अध्यक्ष आशीष सिंह चंदेल मंडल उपाध्यक्ष प्रयागराज, पूजा सिंह महिला जिलाध्यक्ष राकेश यादव जिला चेयरमैन, इंजी० आयुष मौर्य जिला प्रभारी सुरेश चंद्र गुप्ता जिला संरक्षक, उमेश सिंह, एड० के. के. मिश्रा जिला संयोजक मुनव्वर शाह जिला मीडिया प्रभारी फ्ळ्ळरोहित अग्रहरि, एड० विवेक अग्रहरि (जिला विधि सलाहकार एड० विवेक शुक्ला,एड० राघवेंद्र सिंह भदौरिया ब्लॉक अध्यक्ष भिटौरा, अंकित ब्लॉक अध्यक्ष बहुआ, तन्मय केसरवानी ब्लॉक अध्यक्ष हंसवा यश यादव, अमन गुप्ता, हर्ष पांडे और अन्य कई गणमान्य लोग।

## युवक पर धारदार हथियार से हमला, घायल

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। मौरावां थाना क्षेत्र में गोबर खाद डालने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर धारदार हथियार से हमला किया गया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भूपखेड़ा मजरे मवई निवासी राजकिशोर पुत्र उमाशंकर ने मौरावां थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर की सुबह करीब आठ बजे वह अपने पुराने घर के सामने गोबर खाद भरने गए थे। तभी गांव के सरोजनी पूजा पुत्री रामबचन निर्मला पत्नी रामबचन रेखा पुत्री रामबचन और रामबिलास पुत्र शोभा लाल ने उन पर हमला कर दिया। राजकिशोर के अनुसार सरोजनी ने लोहे की धारदार हशिया से उन पर वार किया, जिससे उनके चेहरे पर बाईं ओर गाल पर गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। उन्हें खून से लथपथ देखकर गांव और घर के लोग दौड़कर आए। जिसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल राजकिशोर ने बताया कि उन्होंने अपने बचाव में हमलावरों से हाशिया छीन लिया था, जिसे लेकर वह थाने पहुंचे मौरावां थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें शिकायती पत्र मिल गया है।

# 52 बीघा भूमि को प्रशासन ने कराया अतिक्रमण मुक्त



सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र में प्रशासन ने शत्रु संपत्ति पर हुए अवैध कब्जे के खिलाफ बुधवार शाम सख्त कार्रवाई करते हुए लगभग 52 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। इस भूमि की बाजार कीमत करीब दो करोड़ रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला के नेतृत्व में संपन्न हुई। जिसमें राजस्व विभाग की टीम के साथ सदरपुर थाना पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। जानकारी के अनुसार ग्राम लालपुर, परगना एवं तहसील बिसवां स्थित शत्रु संपत्ति पर लंबे समय से अवैध कब्जा किया गया था। यह भूमि गाटा संख्या 69, 92, 148, 271 एवं 353 में दर्ज थी। जिस पर ग्राम देवियापुर थाना सदरपुर निवासी रमेश चंद्र पुत्र बच्चू लाल द्वारा कब्जा किया गया था।

मामले की जांच उपरांत राजस्व अभिलेखों के आधार पर उक्त भूमि को शत्रु संपत्ति घोषित किया गया। जिसके बाद प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी। उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला स्वयं मौके पर पहुंचीं और अन्य संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटवाया। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का विरोध सामने नहीं आया और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। कब्जा हटने के बाद भूमि को अपने आधिकारिक अभिलेखों में सुरक्षित दर्ज किया गया। एसडीएम शिखा शुक्ला ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शत्रु संपत्ति पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शत्रु संपत्तियों की पहचान कर नियमित जांच की जा रही है और जहां भी अतिक्रमण पाया जाएगा, वहां सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी और शत्रु संपत्तियों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और अवैध रूप से सरकारी अथवा शत्रु संपत्ति पर कब्जा किए लोगों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की इस सख्ती से भविष्य में अवैध कब्जों पर रोक लगेगी और सरकारी संपत्तियों को सुरक्षित रखा जा सकेगा।

संक्षेप

## दहेज हत्या के आरोपी पति को 10 वर्ष की कैद

बांदा। दहेज हत्या के आरोपी पति को सत्र न्यायाधीश ने दोषी पाते हुए 10 वर्ष का कारावास व 8 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। तिंदवारी क्षेत्र के जौहरपुर निवासी श्रीलाल ने 5 दिसम्बर 2021 को थाना पैलानी में तहरीर दी कि उनकी पुत्री का विवाह 29 मई 2017 को थाना पैलानी के ग्राम डांडामऊ निवासी रक्षपाल के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर पुत्री को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। प्रताड़ना से आजिज पुत्री के डाई पी लेने से इलाज के दौरान उसकी 4 मई 2021 को मृत्यु हो गयी। थाना पैलानी में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामले की विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी सदर आनंद कुमार पाण्डेय ने की। विवेचक ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। अदालत में सुनवाई के दौरान लोक अभियोजक मनोज कुमार दीक्षित व रामकुमार सिंह ने प्रभावी पैरवी की। न्यायाधीश ने दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद सत्र न्यायाधीश ने आरोपी पति रक्षपाल पुत्र बाबूलाल निवासी डांडामऊ को दोषी पाते हुए 10 वर्ष की कैद और जुमार्ने की सजा सुनाई।

# विकसित भारत का लक्ष्य तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक देश का किसान और महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त न हों

*ललितपुर*। बुधवार को मण्डल कार्यालय पंजाब नैशनल बैंक अग्रणी बैंक द्वारा विकास भवन सभागार में मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन मण्डल प्रमुख राजकुमार की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, सीडीओ शेषनाथ, डीडीओ अतिरंजन सिंह, परियोजना निदेशक दीपक कुमार, एलडीएम रंजीत कुमार, सीवीओ डा.भगवान सिंह व डीडीएम सलिल अर्कवंशी मौजूद रहे। मण्डल प्रमुख ने बैंक के विजन को बताते हुए कहा कि

- कृषि व अन्य सरकार प्रायोजित योजना में 22.45 करोड़ से अधिक का ऋण वितरित
- पीएनबी का मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम

हमारा लक्ष्य हर उस ग्राहक तक पहुँचने का है जो कृषि या उससे जुड़ी गतिविधियों से जुड़कर अपनी समृद्धि के रास्ते खोलना चाहता है। हमारा बैंक हर कदम पर उसके साथ खड़ा है और उसको आर्थिक मदद करना चाहता है। इसलिए इस तरह के आयोजन देश भर में किए जा रहे है।

सरकार के विकसित भारत के लक्ष्य को तब तक पूरा नहीं किया जा सकता है जब तक हमारे देश का किसान और महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त न हों। हमारा बैंक किसानों के लिए विभिन्न प्रकार कृषि ऋण और



उससे जुड़े उपकरण और सभी रोजगार परक जैसे मुर्गी पालन, मछली पालन, वेयर हाउस, मधुमक्खी पालन, स्वयं सहायता समूह आदि के लिए ऋण उपलब्ध कराता है। पीएनबी ने अभी तक 1033 करोड़ के ऋण उपलब्ध कराएं है और उसमें से 839 करोड़ के कृषि ऋण हैं जो कुल ऋण का लगभग 81 प्रतिशत है। सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं में भी हमारा बैंक हमेशा अग्रणी रहता है। अभी तक ललितपुर जिले में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 1669, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 11772 और अटल पेंशन योजना में 5203 लाभार्थियों को कवर किया है। डीएम ने पीएनबी द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना कर आह्वान किया कि इस तरह के आयोजन की तीव्रता और बढ़ाना चाहिए और ब्लॉक स्तर भी इस तरह के आयोजन किए जाने चाहिए। समृद्ध किसान हमारे देश की विकसित अर्थव्यवस्था का प्रतीक हैं, तभी प्रधानमंत्री की विकसित भारत की संकलपना पूरी होगी। कृषि आधारित ऋणों को त्वरित निस्तारित करें और सभी ग्राहक अपने द्वारा लिए गए ऋणों को जमा करें और अपनी क्रेडिट स्कोर को सुधार कर अपने ऋणों की राशि बढ़ाकर अपने व्यापार और कृषि आधारित व्यवसाय को बढ़ावा दें, बैंक से ऋण लें और ग्रामीण सेठ साहूकारों के चुंगल से मुक्ति पाएं। बैंक द्वारा जारी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। सीडीओ ने बैंक स्टाफ को सुझाव देते हुए कहा कि वे सभी लाभार्थियों के ऋण संवितरित करें और सभी संभावित ग्राहकों को सभी आवश्यक दस्तावेजों की उचित जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं। इस आयोजन में सभी मुख्य अतिथि और प्रशासनिक अधिकारियों सहित मण्डल प्रमुख राजकुमार, मुख्य प्रबन्धक कमलेश सरन, वरिष्ठ प्रबन्धक मुकेश पटेल, चित्रांशु और ललितपुर जिले की शाखाओं के शाखा प्रभारी, कृषि अधिकारी और ग्राहक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा प्रबन्धक जीतेंद्र कुमार अहिरवार ने व आभार एलडीएम ने व्यक्त किया।दस साल से किसी ने नहीं लिया 180.94 करोड़ रुपये का हाल, आरबीआई बना कस्टोडियनखातों में रुपये हैं लेकिन उन्हें कोई पूछ नहीं रहा। जिले की 18 बैंकों की शाखाओं में 180.94 करोड़ रुपये इस श्रेणी में पड़े हैं। दस साल से खाते में लेनदेन न होने पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 180.94 करोड़ रुपये अपने कस्टोडियन में ले लिए हैं। यह रुपये करीब 74104 खातों में जमा हैं। बैंक में रुपये जमा किए जाने के बाद भूल जाना शायद ही कोई जानता हो लेकिन जिले में करीब 74104 बैंक खाते ऐसे चिह्नित हुए हैं जिनका दस साल संचालन ही नहीं हुआ। चिह्नित किए गए 74104 खातों में 180.94 करोड़ रुपये जमा है। इन्हें आरबीआई ने अपने कस्टोडियन में लिया है। बताया कि दस साल से खातों का संचालन न किए जाने की श्रेणी में चिह्नित किए गए है। सरकारी और संस्थाओं के खाते भी शामिल दस साल से बैंक खाता संचालन न करने वालों में आम उपभोक्ताओं के साथ संस्थाओं और सरकारी विभागों के खाते भी शामिल हैं।

## खाद न मिलने का हवाला देकर किसानों ने लगाया जाम

ललितपुर। मड़ावरा तहसील क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में बुधवार दोपहर करीब 11 बजे कुछ किसानों ने साधन सहकारी समिति सैदपुर पर यूरिया खाद न मिलने का हवाला देते हुए सड़क जाम कर दी। जिससे कुछ समय के लिए यातयात बाधित हो गया और दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गईं। सड़क जाम की सूचना मिलने की पर पुलिस और उप जिलाधिकारी मड़ावरा शैलेन्द्र कुमार चैधरी मौके पर पहुंचे और तत्काल जाम को खुलवाया गया। जिसके बाद यातयात व्यवस्था बहाल हो सकी।

उप जिलाधिकारी ने बताया कि साधन सहकारी समिति सैदपुर पर तैनात सचिव किसी कार्य से थाने तक गया हुआ था। जिस वजह से कुछ समय के लिए यूरिया खाद का वितरण बंद हो गया था। इसी बीच शराब के नशे में धुत कुछ लोगों ने किसानों को जाम लगाने के लिए उकसा दिया। जिसके चलते कुछ किसानों ने मड़ावरा- ललितपुर मार्ग स्थित मंडी के समीप जाम लगा दिया था।

जैसी ही जाम की सूचना मिली तो मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाया और जाम खुलवा दिया गया। इसके अलावा साधन सहकारी समिति पर यूरिया खाद का वितरण भी शुरू करा दिया गया। समिति पर आज खाद कम मात्रा में होने के कारण सभी किसानों को 2-2 बोरियां वितरण के निर्देश दिए गए हैं।

## नवजात बच्चियों का केक काटकर मनाया जन्मदिन



बांदा। महिला कल्याण निगम, लखनऊ की अध्यक्षा कमलावती ने बुधवार को सखी वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया। उन्होने महिलाओं व बालिकाओं की समस्याओं का समाधान किस तरह वन स्टाप सेन्टर में किया जाता है उसे देखा और दस्तावेजों का अवलोकन किया। अध्यक्षा ने वन स्टाप सेन्टर पहुंची पीडित महिलाओं व बालिकाओं को सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों से लाभान्वित कराये जाने के लिए सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिए। पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं की समस्याओं को सुनकर उनकी काउन्सिलिंग कर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत उपस्थित रहे। इसके पश्चात कमलावती ने महिला जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया और नवजात बालिकाओं के जन्मदिवस के रूप में केक काटकर जन्मोत्व मनाया। नवजात बच्ची की माता को उपहार के रूप में बेबी केयर किट दी तथा बच्चियों के जन्म पर जन्मोत्सव मनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने बालिकाओं के हित और सुरक्षा के लिए चल रही योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने बच्चियों की माताओं को शुभकामनायें दी व देखरेख व पालन-पोषण करने के लिए प्ररित किया। इस दौरान मीनू सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका सुनीता सिंह, महिला थाना प्रभारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## रैक से भेजी गयी वितरण केंद्रों को खाद



बांदा। रबी फसल की बुवाई के लिए किसानो की मांग के चलते बुधवार को रैक प्वाइंट से 333.775 मीट्रिक टन यूरिया व 75 मीट्रिक टन डीएपी जिले के वितरण केन्द्रों को भेजी गयी। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अंशल कुमार ने बताया कि किसानों की खाद की मांग के देखते हुए एक दर्जन से अधिक सहकारी वितरण कन्द्रों को खाद भेजी गयी है। जबकि एक दर्जन से अधिक वितरण केन्द्रों में किसानों को खाद नियमों के तहत बांटी गयी। उन्होने बताया कि बुवाई के लिए किसानों को उनकी मांग के अनुसार खाद लगातार मुहैया कराई जा रही है। जिले में खाद की कमी नही है। कहा कि आगे भी किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी और वितरण केन्द्रों को मांग के अनुरूप खाद भेजी जा रही है। बताते चलें कि प्रशासन ने खाद वितरण व्यवस्था के नये नियम लागू किए हैं। इस वजह से अब किसानों को आसानी से खाद मिल रही है।

## डीएम के निरीक्षण में 11 अफसर, 35 कर्मचारी गैरहाजिर



जिला संवाददाता

बांदा। जिलाधिकारी ने विकास भवन स्थित अनेक कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान

- डीपीआरओ ऑफिस में अंधेरगर्दी, काटा वेतन

जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, रेशम विकास अधिकारी, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तथा सहायक निदेशक मत्स्य सहित 11 अधिकारी एवं 35 विभागों के कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने एवं सभी को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि दोबारा निरीक्षण के दौरान अधिकारी अनुपस्थित मिले तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण में डीपीआरओ सहित कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। डीएम ने अनुपस्थित मिलने पर कर्मचारियों, अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताई। कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थित हों और प्रातः 10 से 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर जन समस्याओं का निस्तारण करें। इसके बाद उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया।

## मिशन वात्सल्य, हो रहा बच्चों का संरक्षण, पुनर्वास

बांदा। मुख्यमंत्री ने हर वर्ग के लोगों को सामाजिक एवं आत्मनिर्भर बनाने की योजना लागू कर उनके उज्जवल भविष्य को संवारा है। बालिकाओं, किशोरियों, महिलाओं, वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, पति की मृत्योपरान्त निराश्रित महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों, पिछड़ों, गरीबों, श्रमिकों व समाज के कमजोर वर्गों को रोजगार के अवसर तथा अनेक संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बच्चों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार की प्रायोजित योजना मिशन वात्सल्य, पूर्व की बाल संरक्षण सेवा योजना शुरू की है। मिशन वात्सल्य का लक्ष्य भारत के हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना, उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का पता लगाने के लिए अवसर प्रदान करना, हर क्षेत्र में विकास के लिए सहायता प्रदान करना, उनके लिए ऐसी संवेदनशील, समर्थनकारी और समकालिक ईको-व्यवस्था स्थापित करना है जिसमें उनका पूर्ण विकास हो। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को किशोर न्याय कानून 2015 के अनुरूप सुविधाएं मुहैया कराने तथा सततविकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करना है।

# हाईवे पर खड़े ट्रक में जा घुसी ओमनी कार, दो शिक्षिकाओं की मौत

ललितपुर। नेशनल हाइवे पर तेज गति से भाग रही महिला शिक्षिकाओं से भरी मारूति ओमनी साइड किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में एक शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरी महिला शिक्षिका ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर तालबेहट कोतवाली प्रभारी मनोज मिश्रा ने मौके पर पहुंच कर राहगीरों की मदद से

- ड्राइवर समेत अन्य शिक्षिकाओं की हालत गम्भीर

घायलों को उपचार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया, जहां हालत नाजुक होने पर शिक्षकों को झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। इधर घटना के बाद हाई-वे पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी, जिससे वाहनों की लम्बी कतारें लग गयीं। पुलिस ने क्रेन मशीन की मदद से परखच्चे उड़ी वैन को सड़क से हटवाकर जाम खुलवाया।

आपको बताते चलें कि झांसी से प्रतिदिन कई शिक्षक-शिक्षिकाएं ललितपुर स्थित परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाने के लिए आते जाते हैं। झांसी निवासी 36 वर्षीय आरती शर्मा ललितपुर जिले के विकास खण्ड तालबेहट अंतर्गत बिजरौठा गांव के प्राईमरी विद्यालय भंवरकली में पदस्थ थी। उनके साथ कई शिक्षिकाएं भी ललितपुर आकर विद्यालयों में पठन-पाठन का कार्य कराती थीं। प्रतिदिन की तरह बुधवार को वह मारुति वैन संख्या यू.पी.93 बी.जी. 4379 से ललितपुर आ रहीं थीं।



आरती शर्मा के साथ वैन में चार अन्य शिक्षिकाओं में 40 वर्षीय आरती साहू, आरती देवी, 35 वर्षीय ज्योति सुन्दरानी व 32 वर्षीय सुभाषिनी साहू भी शामिल थीं। शिक्षिकाओं से भरी ओमनी को झांसी के हंसारी निवासी 37 वर्षीय हरीसिंह चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 9 बजे तालबेहट कस्बा के पास माताटीला तिराहा के पास हाई-वे पर ओमनी कार ट्रक से जा टकराई। काफी तेजी से भाग रही ओमनी सीधे ट्रक के पीछे जा घुसी, जिससे वैन के ऊपर पर छप्पर उड़ गया। वैन की अगली सीट पर बैठी शिक्षिका आरती शर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि पिछली सीट पर बैठी सभी शिक्षिकाएं गंभीर रूप से घायल हो गयीं। स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां शिक्षिका ज्योति सुन्दरानी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं अन्य घायल शिक्षिकाओं को उपचार के लिए झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। वहीं ड्राईवर की हालत भी गंभीर बनी हुयी है।

## पुलिस ने घर से गायब दो छात्राओं को लुधियाना से किया सकुशल बरामद



बिजनौर। पुलिस ने पिछले 24 दिन से घर गायब हुइ दो नाबालिग छात्राओ को सकुशल लुधियाना से बरामद कर लिया है। दोनो छात्राओं के बरामद होने से पुलिस ने राहत की सांस ली है। परिजनो ने छात्राओं के सकुशल बरामद होने पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा व उनकी पूरी टीम की प्रशंसा की है।

पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने प्रेसवार्ता में बताया कि थाना कोतवाली क्षेत्र से 15 नवम्बर 2025 को दो नाबालिग छात्राएं घर से चली गई थी। परिजनों की तहरीर पर अपहरण में अभियोग पंजीकृत किया गया था। तीन हफ्तों से टीम उन्हें तलाश रही थी। सीसीटीवी की मदद से छात्राएं लुधियाना से बरामद हो गई। वह वहां पर किराए के मकान पर रह रही थी और कपड़े की फैक्ट्री में काम कर रही थी। पूछताछ में छात्राओं ने बताया कि वह अपनी मर्जी से घर से चली गई थी और आठ हजार की तनख्वाह पर फैक्ट्री में काम कर रही थी। फिलहाल दोनों छात्राएं बरामद हो चुकी है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के अनुसार दोनो छात्राओ को बरमाद कराने में लगभग 30 टीमें लगाई गई थी जिनमें 100 से अधिक पुलिसकर्मियों को लगाया गया था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अच्छा काम करने पर पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का नकद इनाम दिया है।

# जिला जज ने प्रचार वाहन को दिखाई झण्डी

बांदा। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को लेकर बुधवार को दीवानी न्यायालय परिसर से जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्पना ने प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन शहर में भ्रमण कर लोगों को 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में वादकारियों,

- लोक अदालत 13 को

अधिवक्ताओं व अन्य संबंधित लोगों को जानकारी मुहैया कराएगा। प्रचार वाहन के भ्रमण का उद्देश्य जनपद व तहसील स्तर पर 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों, वादकारियों को लाभ दिलाया जाना है। इस दौरान जिला न्यायाधीश के साथ प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रदीप सिंह, प्रथम अपर



जिला जज चंद्रपाल द्वितीय, डॉ विकास श्रीवास्तव विशेष न्यायाधीश एससी एसटी, छोटेलाल यादव अपर जिला जज ईसी एक्ट, अपर जिला जज पाक्सो प्रदीप कुमार मिश्रा, श्रीपाल सिंह अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रफुल्ल कुमार चैधरी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के अलावा सभी न्यायिक अधिकारी रवि शंकर जिला अग्रणी प्रबंधक, संजय मिश्रा यातायात निरीक्षक, राशिद अहमद, पराविधिक स्वयं सेवक सुमन शुक्ला, राहुल सिंह, रिंकी अहिरवार, अशोक त्रिपाठी, विवेक कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन वाद, सिविल, मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर, भरण-पोषण, चेक बाउंस, माटरयान अधिनियम, शमनीय दांडिक वाद, राजस्व, चकंबदी, बैंक रिकवरी, श्रम, बीमा, बिजली, टेलीफोन, जलकर, नगर पालिका कर निर्धारण, के विरूद्ध अपील का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विधि व्यवसायियों, वादकारी जनता व अन्य संबंधित लोगों से अपील की है कि वह अपने वादों के निस्तारण के लिए 13 दिसम्बर को आयोजित हो रही लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद नियत कराते हुए सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराकर अवसर का लाभ उठाएं।

## बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण बिजनौर में सभी खेल प्रतियोगिताओं पर पूरी तरह रोकः डीएम



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुपालन के लिए आवश्यक कार्यवाही कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि उक्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद बिजनौर में माह दिसम्बर 2025 में आयोजित की जाने वाली सभी प्रकार की खेल प्रतियोगिताएँ खराब वायु गुणवत्ता एवं बढ़ते वायु प्रदूषण की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए स्थगित की जाती हैं।

उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी, सभी जिला स्तरीय अधिकार, जिला क्रीड़ाधिकारी बिजनौर, खेल संघों के पदाधिकारी सभी शिक्षण संस्थान सरकारी गैर-सरकारी विभाग को निर्देशित किया कि जनपद में किसी भी स्तर विद्यालय, महाविद्यालय, संस्थान, क्लब, संघ पर कोई भी खेल प्रतियोगिता आयोजित न की जाए यदि पूर्व में कोई कार्यक्रम निर्धारित किया गया था, तो तत्काल प्रभाव से उसे स्थगित करते हुए सूचनाएं संबंधित प्रतिभागियों एवं अभिभावकों को उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने जिला क्रीड़ाधिकारी को निर्देशित किया कि इन निर्देशों का पालन सभी स्तरों पर अनिवार्य रूप कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि आदेशों के उल्लंघन की स्थिति में उत्तरदायी अधिकारी/प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

## नगीना पहुंचने पर श्री गुरु तेग बहादुर शताब्दी शहीदी यात्रा का जोरदार स्वागत



नगीना, बिजनौर। श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वे शताब्दी शहीदी दिवस को समर्पित यात्रा का नगीना पहुंचने पर नगीना की संगत द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वे शताब्दी शहीदी दिवस को समर्पित उक्त यात्रा श्री आनंदपुर साहिब से आरंभ होकर सचखंड श्री पटना साहिब एवं गुरुद्वारा धुबरी साहिब असम तक निकाली जा रही है जिसका नगीना पहुंचने पर नगीना की संगत द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा का स्वागत गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना एवं सभी संगतो द्वारा धामपुर रोड स्थित भूपेंद्र ट्रांसपोर्ट कंपनी पर किया गया। यात्रा का आयोजन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर एवं अकाल सहाय सेवा समिति जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा द्वारा किया जा रहा है। यात्रा आयोजन कताओं ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के शताब्दी शहीदी दिवस को समर्पित उक्त यात्रा 8 दिसंबर 2025 को श्री आनंदपुर साहिब से प्रारंभ होकर 24 दिसंबर 2025 तक चलेगी और गुरुद्वारा श्री धुबरी साहिब असम तक जाएगी। यात्रा में सबसे आगे चल रही मिनी बस में पंच प्यारे सवार थे और उनके पीछे फूलों से सुसज्जित बस पर गुरु महाराज जी की सवारी थी। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना द्वारा यात्रा के सभी आयोजकों को सरोपा देकर सम्मानित किया गया तथा यात्रा में शामिल सभी संगतो को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना द्वारा प्रसाद आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना केवल पाल सिंह, मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, गुरुघर के ज्ञानी भाई कृष्ण सिंह, भाई तारा सिंह, भाई ज्ञानपाल सिंह, हरमीत मल्होत्रा, बलविंदर सिंह, एडवोकेट हरदयाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, दीपक मल्होत्रा, अजीत कौर, रमिंदर कौर, अवनीत कौर, मनप्रीत कौर, तरबिदर कौर, सोनिया सचदेवा, पम्मी मल्होत्रा आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# डीएम को एमआर पाशा ने सौंपा दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन

*बिजनौर*। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी जसजीत कौर को 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी ने एमआर पाशा को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जल्द ही संबन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर दिव्यांग जनों एवं गरीबों की सभी समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी जसजीत कौर को सौंपे हुए ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि दिव्यांगों की सबसे बड़ी जरूरत इस समय रोजगार है, उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए तथा उन्हें ऋण उपलब्ध करा जाए तथा जो शिक्षित दिव्यांग है उनको



संविदा पर रखा जाए, दिव्यांग जनों की समस्या के निस्तारण हेतु हर थाने पर एक सब इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी की तैनाती की जाए तथा दिव्यांग की समस्या का 24 घंटे के अंदर निस्तारण किया जाए, विकास भवन में डूडा विभाग तीसरी मंजिल कार्यरत है उसे नीचे लाया जाए क्योंकि ज्यादातर दिव्यांग जनों का काम डूडा विभाग में पड़ता है और दिव्यांगजन तीसरी मंजिल तक नहीं पहुंच पाते डूडा विभाग में जो योजना प्रचलित हैं उसका लाभ उन्हें नहीं मिल पाता। इसी लिए डूडा विभाग नीचे शिफ्ट किया जाए, सभी सरकारी कार्यालयों एवं बैंकों में रैम्प व व्हीलचेयर की सुविधा दिव्यांगों के लिए उपलब्ध कराई जाएं, दिव्यांग जनों को सीएमओ कार्यालय में हर सोमवार को मेडिकल बोर्ड में दिव्यांग जनों को सुविधा दिलाई जाए, सीएमओ कार्यालय बिजनौर में हर सोमवार को लगने वाला दिव्यांग बोर्ड जिसमें दिव्यांग जनों के सर्टिफिकेट बनते हैं वहां पर दलाल प्रवृत्ति के लोग दिव्यांगों से अवैध वसूली करते हैं तथा उनसे पैसे मांगते हैं वहां पर असामाजिक दलाल प्रवृत्ति के लोगों पर रोक लगाई जाए जो दिव्यांगजन सर्टिफिकेट बनवाता है। उस दिन सर्टिफिकेट बनवाने वाले दिव्यांगजन ही सीएमओ कार्यालय अंदर प्रवेश करें अन्य व्यक्ति उस दिन कोई प्रवेश ना करें। सीएमओ कार्यालय में दिव्यांगों का उत्पीड़न रुकवाया जाए, सभी गरीब दिव्यांग जनों के सरकारी आवास, अंतोदय कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, और राशन की दुकान भी आवंटन की जाए, सभी जिला उद्योग केंद्र एवं खादी ग्रामोद्योग पर दिव्यांगों की ऋण आवेदन मंजूर कर बैंकों को भेजे जाएं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने एमआर पाशा को भरोसा देते हुए कहा कि जल्द ही संबन्धित अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया जाए। जिसमें सभी दिव्यांग जनों एवं गरीबों की सभी समस्याओं का निस्तारण हो सके।

## दिल्ली रैली में सैकड़ों की संख्या में जायेंगे कांग्रेसी

ललितपुर। कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कोर कमेटी की अहम बैठक सम्पन्न हुईं, जिसमें आगामी 14 दिसम्बर को दिल्ली में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ विशाल रैली मै जनपद से भी सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी दिल्ली जायेंगे। अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार आज के दौर में फर्जी वोटिंग करके देश के लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रहे, वह देश के लिए व लोकतंत्र के लिए भारी नुकसानदेय है।

देश के जननेता राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली आयोजित रैली का यही उद्देश्य है कि देश में जिस प्रकार सरकार ई.वी.एम. व एस.आई.आर. में गड़बड़ी करके, जिस प्रकार लोकतंत्र को हानि पहुंचा रहे है उसके विरोध में आयोजित रैली को सफल बना कर भारत के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करे तथा वोट चोरो से देश को छुटकारा प्रदान करे। बैठक में पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, नेहा तिवारी, खलक सिंह राजपूत, रामसिंह यादव, बृजेश शांडिल्य आदि उपस्थित थे।

बैठक का संचालन नगराध्यक्ष ने किया। दिल्ली जाने वाले पदाधिकारियों ने सहमति जताई है जिस उपरोक्त पदाधिकारियों के आलावा है जिला प्रभारी कुं.मुकुटसिंह, अजय तिवारी, आशाराम तिवारी, बृजेश शांडिल्य, सुशील रजक, दीपक रायकवार, पुष्पेंद्र सिंह, रतिराम कुशवाहा, सुरेन्द्र सेन, पवन विश्वकर्मा, मोहनसिंह चंदेल, उदलसिंह चंदेल, राकेश सेन, अखिलेश मलईया, सूर्यप्रताप सिंह, अभिषेक सिंघई, रब्बी राजा, रविराजा, रामदास अहिरवार गौना, मुलायम सिंह पटउवा आदि पदाधिकारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता दिल्ली जायेंगे।

## सर्पदंश से महिला की मौत

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरारी रजवारा में मंगलवार शाम खेत पर दवाई डालते समय एक महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 37 वर्षीय रंजना पत्नी भुजबल अपने पति के साथ खेत में कार्य कर रही थीं, तभी सर्प ने पैर में काट लिया। रात में हालत बिगड ? पर परिजन जिला मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

# विवाद बढ़ाने की करतूत

देश में एक बार फिर बाबरी मजिस्द नामक विवाद खड़ा करने का प्रयास हो रहा है। हिंसा, साम्प्रदायिक विभाजन और समाज को बांटने की इस मंशा के पीछे गंभीर साजिश भी हो सकती है।

तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने कुछ मुस्लिम चेहरों के साथ बाबरी मस्जिद की नींव रखी, तो दूसरी तरफ बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस, बाबा बागेश्वर और कई साधु-संतों ने, एक व्यापक जन-सैलाब के साथ, 'गीता पाठ' किया। बाबरी मस्जिद से 11 किमी की दूरी पर 'बहरामपुर' में राम मंदिर बनाने का उद्घोष किया गया। इन दोनों फैसलों और कर्मकांडों का धार्मिक आस्था से कोई सरोकार नहीं है। ये सांप्रदायिक, हिंदू बनाम मुसलमान, जमावड़े थे, जिनकी मानसिकता में अप्रैल-मई, 2026 के विधानसभा चुनाव उमड़-घुमड़ रहे थे। बेशक प्रभु श्रीराम समूचे भारत के जनमानस के सबसे अधिक स्वीकार्य और पूजनीय आराध्य हैं। राम के जीवन-चरित पर सबसे अधिक, प्रमुख भाषाओं में, रामायण का सृजन किया गया है। यदि हमारे आराध्य का एक और मंदिर बनाया जाता है, तो वह



**बाबर कट्टर, अत्याचारी शासक था, उसने तलवार के जरिए हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन कराया ऐसे में उसे सम्मान देना गंभीर मुद्दा है।**

विवादास्पद नहीं हो सकता, क्योंकि बहुसंख्यक हिंदू 'मूर्ति पूजक' हैं, लेकिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में आराध्य का भव्य मंदिर बन चुका है। मंदिर के शिखर पर सनातन की प्रतीक 'धर्म-ध्वजा' भी सुशोभित की जा चुकी है। देश भर से लाखों श्रद्धालु अपने आराध्य श्रीराम के दर्शन करने और मत्था टेकने अयोध्या जा रहे हैं। राम मंदिर का सम्मान किसी तीर्थ-स्थान से कमतर नहीं है। देश में प्रभु राम के असंख्य मंदिर हैं, जहां अनवरत पूजा-पाठ जारी है। बेशक राम के नाम पर ध्रुवीकरण और सामुदायिक लामबंदी जैसी सियासत भी हुई है, जो नहीं होनी चाहिए। श्रीराम आस्था के विषय है और हर हिन्दू के दिलों में बसते हैं। ऐसे में अगर कोई बाबरी जैसा विवाद फिर से खड़ा करने की कोशिश करता है, तो उसका जवाब मंदिर नहीं बल्कि ऐसे तत्वों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए। यह भी गंभीर सवाल है कि क्या स्वतंत्र भारत में बाबर जैसे विदेशी आक्रांताओं के स्मारक के तौर पर मस्जिद बनाने की अनुमति दी जा सकती है? भारत अब एक संप्रभु, लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र है, उसमें बाबर का स्मारक स्वीकार्य नहीं है। मुस्लिम मस्जिद बनाना चाहते हैं, तो सरकार से बाकायदा इजाजत लें और मस्जिद बनाएं। किसे आपत्ति होगी? हालांकि राजधानी दिल्ली में 'बाबर रोड' आज भी मौजूद है। ऐसे और भी स्मारक बाबर के नाम पर देश में होंगे, लेकिन नये प्रयास, नये शिलान्यास, नये निर्माण को नहीं होने देना चाहिए। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कथित बाबरी मस्जिद की नींव नहीं रखने देनी चाहिए थी। भाजपा के जो चेहरे चीखा-चिल्ली कर बाबरी का विरोध कर रहे थे, उन्हें भी नींव का पुरजोर विरोध करना चाहिए था। मुख्यमंत्री को अपने ही बागी विधायक को गिरफ्तार कराना चाहिए था, लेकिन बाबरी मस्जिद की प्रतीकात्मक नींव रख दी गई और वह तबका अपनी सांप्रदायिकता में कामयाब रहा। ममता को मुर्शिदाबाद की 24 विधानसभा सीटों पर 65 फीसदी से ज्यादा मुसलमानों के वोट की चिंता थी, तो ममता हिंदुओं के वोट भी छोड़ नहीं सकती थी। बंगाल में 35-40 फीसदी हिंदू वोट ममता की पार्टी के पक्ष में भी जाते हैं, लिहाजा मुख्यमंत्री ने विधायक को निलंबित ही किया। हुमायूं कबीर ने 6 दिसंबर की तारीख इसलिए तय की थी, क्योंकि 1992 में इसी तारीख को अयोध्या की कथित बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराया गया था। मुसलमानों के एक तबके में आज भी उस घटना के खिलाफ गुस्सा और आक्रोश है। मुसलमान उस विध्वंस को 'पाक मस्जिद की शहादत' करार देते हैं। उसी जमीन पर सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ के फैसले के बाद राम मंदिर बना है। अदालत ने मस्जिद की वैकल्पिक जगह जहां देने का भी आदेश दिया था, लेकिन राष्ट्रीय एकता के पक्षधर मुसलमानों ने बाबर के नाम पर कोई और ढांचा बनाने का प्रयास नहीं किया। ऐसे में मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद बनाने का प्रयास निश्चित ही धार्मिक मंशा से नहीं हो रहा है, यह एक वर्ग को चिढ़ाने का प्रयास है। इसलिए समाज को एकजुटता के साथ ऐसे विभाजनकारी तत्वों को रोकना होगा।

# सुपर स्टार बरी, शेष के लिए संगीन मामला

**डॉ. अनिता राठौर**



**अदालत का फैसला**

एर्णाकुलम के डिस्ट्रिक्ट एंड प्रिंसिपल सेशन न्यायाधीश हनी एम वर्गीज की अदालत 8 दिसम्बर 2025 को शुरू होने के एक घंटा पहले ही खचाखच भर चुकी थी, वकीलों, मीडिया कर्मियों आदि से। यह स्वाभाविक भी था क्योंकि 2017 के उस दुष्कर्म के केस का फैसला सुनाया जाना था जो मलयालम सिनेमा के टॉप स्टार दिलीप के आरोपी और बहुभाषी महिला एक्टर के पीड़िता होने की वजह से राष्ट्रीय सुर्खी बना था। बहरहाल, न्यायाधीश ने सबको चौंकाते हुए दिलीप व उनके करीबी दोस्त सरथ सहित दो अन्यों (चार्ली थॉमस व सनिल कुमार उर्फ.मेस्थ्री) को तो बरी कर दिया, लेकिन 6 व्यक्तियों को दोषी घोषित किया। दिलीप, जिनका असली नाम पी. गोपालकृष्णन है, ने दावा किया है कि यह केस कुछ पुलिस अधिकारियों व मीडिया के एक वर्ग का 'वास्तविक षड्यंत्र' था, उन्हें फंसाने का ताकि उनका फिल्मी करियर बर्बाद हो जाये। दूसरी ओर केरल की राज्य सरकार ने कहा है कि वह निचली अदालत के फैसले के विरुद्ध हाईकोर्ट में अपील करेगी, क्योंकि वह पीड़िता को न्याय दिलाना चाहती है। पीड़िता मलयालम, तमिल व तेलगु फिल्मों में काम करती है।

सभी आरोपियों पर संबंधित महिला का अपहरण करने, सामूहिक बलात्कार करने, बंधक बनाकर रखने, आपराधिक षड्यंत्र आदि के आरोप लगाये गये थे। छह आरोपियों को दोषी पाते हुए न्यायाधीश वर्गीज ने कहा, 'चूंकि अपराध संगीन व गंभीर है और एक महिला के खिलाफ किया गया है, इसलिए आरोपियों को अपराधियों की परिवीक्षा अधिनियम, 1958 का लाभ नहीं दिया जा सकता। उनके जमानती बांड्स को भी रद्द किया जाता है ताकि उन्हें हिरासत में लिया जा सके।' लेकिन दिलीप को बरी करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ लगे आरोपों को साबित नहीं कर सका। दिलीप को आईटी एक्ट के तहत लगे आरोपों से भी बरी कर दिया गया है। दिलीप पर आरोप था कि उन्होंने गुंडों को सुपारी दी कि महिला एक्टर का अपहरण करके उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया जाये और इस अपराध को फिल्माया भी जाये। बलात्कार मामलों में आरोपियों का बरी हो जाना बार बार इस तथ्य को याद दिलाता है कि अभियोजन पक्ष जाने-अनजाने में कमजोर दलीलें रखता है और बेचारी पीड़िता न्याय के लिए केवल प्रतीक्षा करती रहती है। इस केस में भी राज्य सरकार अपील करेगी। न्याय का पहिया घूमता रहेगा, कितने वर्षों तक, किसी को नहीं मालूम। न्याय की देवी अंधी होती है, लेकिन इस हाई-प्रोफाइल केस में 2017 से जो उतार-चढ़ाव आया है, उस पर हल्की सी नजर डालने से भी मालूम हो जाता है कि दाल में कुछ काला तो अवश्य है। यकीनन, ट्रायल कोर्ट की आंखों से यह बात छुपी तो न रही होगी? पीड़िता ने लगभग 9 साल पहले पुलिस में शिकायत की थी और उसने अपने गुमनामी के अधिकार का भी त्याग कर दिया था। इस अवधि के दौरान एक अन्य आरोपी के वकीलों को इस आरोप में गिरफ्तार भी किया गया था कि वह फोन साक्ष्यों को नष्ट कर रहे थे। अभियोजन पक्ष ने एक से अधिक बार ट्रायल न्यायाधीश को बदलने का आग्रह किया। सरकारी वकीलों और जांचकताओं ने इस्तीफे दिये या उनका ट्रांसफर किया गया। बार बार सुनवायी का स्थगित किया जाना परम्परा बन गई, जिसका मुख्य कारण बचाव पक्ष द्वारा अर्जियां पर अर्जियां देना था।

> बलात्कार मामलों में आरोपियों का बरी हो जाना बार बार इस तथ्य को याद दिलाता है कि अभियोजन पक्ष जाने-अनजाने में कमजोर दलीलें रखता है और पीड़िता न्याय के लिए केवल प्रतीक्षा करती रहती है। इस केस में भी राज्य सरकार अपील करेगी। न्याय का पहिया घूमता रहेगा, कितने वर्षों तक, किसी को नहीं मालूम।

दिलीप ने 84 दिन हिरासत में काटे, फिर वह फिल्मों में काम करने लगे और फिर वह तथाकथित तौरपर केस को प्रभावित करने के लिए उच्चस्तरीय राजनीतिक सिफारिशें लगवाने लगे। दूसरी ओर महिला एक्टर को अपमानित किया जाता रहा, उन्हें बदनाम करने का पूरा अभियान चलाया गया। उनकी लड़ाई की शुरूआत में जो समर्थक उनके साथ आये थे, वह भी गुजरते समय के साथ एक एक करके उन्हें छोड़ गये। दरअसल, बलात्कार मामलों में अक्सर ऐसा ही होता है कि जो पीड़िता शिकायत करने का साहस दिखाती है, उसे दुःख, तकलीफ, अपमान, बदनामी आदि अकेले ही बर्दाश्त करनी पड़ती है और न्याय भी बामुश्किल ही उसे मिल पाता है। इस जघन्य अपराध के बाद विमेंस कलेक्टिव का गठन हुआ, जिसके प्रयासों से राज्य सरकार मौलीवुड में यौन शोषण व उत्पीड़न मामलों की जांच कराने के लिए तैयार हो गई। नतीजतन विस्फोटक हेमा कमेटी रिपोर्ट सामने आयी, जिसने फिल्मोद्योग की उस गंदगी को उजागर कर दिया जिस पर बहुत होशयारी से पर्दा डाल दिया जाता है- महिलाओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था तो बहुत दूर की बात है, काम का पर्याप्त वेतन भी नहीं दिया जाता और रहने की अति दयनीय स्थितियां हैं।

कलेक्टिव का मानना था कि रिपोर्ट से उनके कार्यस्थल में 'क्रांति' आ जायेगी और पुनर्विचार, पुनर्निर्माण व नया आकार देने का अवसर मिलेगा। उम्मीद यह भी थी कि इस रिपोर्ट से भारत के अन्य फिल्मोद्योगों में भी जागृति आयेगी। लेकिन अफसोस! ऐसा कहीं भी कुछ नहीं हुआ। होना भी नहीं था। जब 'मी टू' आंदोलन से कोई परिवर्तन नहीं आया तो एक रिपोर्ट से क्या होना था। वैसे भी जांच रिपोर्टों का हाल यही होता है कि दो दिन अखबारों में सुर्खियां बनती हैं और फिर सरकारी दफ्तर के किसी कोने में उन पर धूल जमा होती रहती है। ऐसा प्रतीत होता है कि दिलीप का 'स्टेटस' पुनः स्थापित हो गया है। उनके लिए यह केस वह है जो लम्बा खिंचता रहेगा। महिला एक्टर के लिए न्याय की लड़ाई उसका जीवन व करियर निगल जायेगी। दरअसल, समाज इतना अधिक पुरुष प्रधान है कि बलात्कार की पीड़ित महिलाओं को न्याय मिलना दुर्लभ ही है। बात केवल यही नहीं है कि पुलिस सही से जांच नहीं करती, सरकारी वकील मजबूती से अदालत में पीड़िता का पक्ष नहीं रखते बल्कि अक्सर न्यायाधीशों का नजरिया भी महिला विरोधी प्रतीत होता है। ऐसे में 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाव' मात्र एक आकर्षक नारा बनकर रह जाता है, अर्थहीन। आपको इस साल मार्च में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश राम मनोहर नारायण मिश्रा की विवादित व चिंताजनक टिप्पणी तो याद ही होगी कि बच्ची के निजी अंगों से छेड़खानी करना, उसके पायजामे का नाड़ा जबरन तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे घसीटना न तो बलात्कार है और न ही बलात्कार का प्रयास। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चिंताजनक टिप्पणी अचानक नहीं की थी बल्कि चार माह की सुनवायी के बाद सोच समझकर और जानबुझकर की थी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट को यह 'अति गंभीर मुद्दा' लगा और उसने न्यायाधीश मिश्रा के विरुद्ध 'सख्त शब्दों' के प्रयोग पर 'खेद' भी व्यक्त किया था। कितनी ही अदालती कार्यवाहियों में हम देख चुके हैं कि बलात्कार के मामलों में विवाह को 'न्याय व समाधान' के तौरपर ऑफर किया जाता है।

जिरह के दौरान महिला के यौन इतिहास को भद्दे अंदाज में उछाला जाता है। इस बात को पूर्णतः अनदेखा कर दिया जाता है कि मुद्दा बलात्कार का है न कि महिला के अतीत का। एक वैश्या को भी यह अधिकार प्राप्त है कि उसके साथ उसकी मर्जी के खिलाफ जबरदस्ती नहीं की जा सकती। फिर अदालत में जिस तरह से पीड़िता से भद्दे, अश्लील व अनावश्यक प्रश्न मालूम किये जाते हैं, (हाथ कहां था, टांगें कितनी खुली थीं) तो ऐसा प्रतीत होता है कि बलात्कार के बाद वह दोबारा उसी यातना से गुजर रही है। पीड़िता की अपनी गवाही को प्रचलित धारणाओं से मापा जाता है कि वह सपनी 'शर्म' को कैसे प्रोसेस करेगी।

## सोशल मीडिया

मा. राष्ट्रपति जी द्वारा दिल्ली में वाराणसी उत्तर प्रदेश के श्री इम्तियाज अहमद जी को राष्ट्रीय हस्त शिल्प पुरस्कार से सम्मानित होने पर बहुत-बहुत बधाई। सीएम योगी.



प्रिय पीडीए प्रहरियों! उत्तर प्रदेश का हर एक पीडीए प्रहरी बधाई का पात्र है, जो एक एक वोट के लिए दिन रात एक करके लोकतांत्रिक कर्तव्य अपना निभा रहा है। अखिलेश यादव.



भगवान श्रीकृष्ण की गीता का ज्ञान-योग, कर्म व ध्यान का संतुलन बनाकर मानव जीवन को सही दिशा देने और हर एक परिस्थिति के लिए सशक्त बनाने वाला पवित्र ग्रंथ है। अमित शाह.



# जब जायें गीजा के पिरामिडों को देखने, तो ये याद रखें...



**पर्यटन**

**समीर चौधरी**

मिस्र इतिहास की कुछ सबसे प्रभावी इमारतों का घर है और गीजा के पिरामिड निश्चितरूप से इनमें सबसे विख्यात हैं। यह 4,500 सालों से भी अधिक पुराने हैं, इसलिए इनमें खास आकर्षण है, जिसकी वजह से लाखों पर्यटक हर वर्ष इन्हें देखने के लिए आते हैं। इनका निर्माण कैसे हुआ? प्राचीन मिस्र में रहना कैसा था? पिरामिड की दीवारों के अंदर क्या है? इस किस्म के प्रश्नों का उत्तर तो मैं नहीं दे सकता, लेकिन अपनी यात्रा अनुभव से मैं यह बता सकता हूं कि मिस्र के इन सबसे विख्यात आकर्षणों को विजिट करने के लिए आप खुद को कैसे तैयार करें ताकि आपका पिरामिड एडवेंचर यादगार हो जाये। हां, मैं जानता हूं कि छुट्टी पर बहुत सवेरे जागना आसान नहीं होता है। लेकिन मुझ पर विश्वास करो ऐतिहासिक स्थलों पर सुबह जाना अधिक लाभकारी होता है और यह बात गीजा के पिरामिड विजिट करने के संदर्भ में भी लागू होती है। ऐसा करने से न सिर्फ आप पर्यटकों की भीड़ से बच जाते हैं बल्कि रेगिस्तान की तपती धूप से भी सुरक्षित रहते हैं। मैंने अपना होटल सुबह 6:30 पर ही छोड़ दिया था और सुबह 7:00 बजे से पहले ही अपने गाइड से मिल लिया था। ग्रेट पिरामिड पर जाने से पहले हम छोटे पिरामिडो को देखने के लिए गये। हालांकि विख्यात स्थलों पर भीड़ से पूरी तरह बचना संभव नहीं होता है, लेकिन सवेरे जाने से अक्सर कम ही भीड़ मिलती है, जिससे यात्रा अनुभव अच्छा हो जाता है।

पिरामिडों की यात्रा करते हुए आपको सामान बेचने वालों से कुछ परेशानी तो अवश्य होगी, इससे आप बच नहीं सकते। जैसे ही आप साइट पर पहुंचेंगे, तो हर जगह आपको वेंडर्स ऊंट की सवारी से लेकर गाइडबुक्स बेचते हुए मिल जायेंगे। कुछ (सभी नहीं) वेंडर्स अपनी चीजें बेचने के लिए आक्रमक भी होंगे और अगर आप इस बात के लिए तैयार नहीं होंगे, तो आपका अनुभव खराब हो जायेगा। मेरी सलाह है कि आप इसके लिए तैयार रहें, थोड़ा संयम रखें और याद रखें कि वह भी इंसान ही हैं, जो अपने परिवार का पेट भरने के लिए अपनी चीजें बेच रहे हैं। पिरामिडों पर कोई चीज मुफ्त नहीं मिलती है। मिस्र के अधिकतर पर्यटक स्थलों की तरह गीजा के पिरामिडों पर भी टिप देने की जबरदस्त संस्कृति है। स्थानीय व्यक्ति अपनी तस्वीर लेने या अपने ऊंट को पुचकारने की अनुमति दे देगा, लेकिन यह ऑफर कभी भी मुफ्त नहीं मिलता है। उनमें से अधिकतर बदले में छोटी सी टिप की उम्मीद रखेंगे। काम्प्लेक्स के पास आपको 'फोटोग्राफी या फिल्मिंग नहीं' के बोर्ड मिलेंगे, लेकिन अगर आप गार्ड को टिप देने के लिए तैयार हैं, तो वह नियमों को एक तरफ रख देगा। इसलिए ऐसे सभी मामलों के लिए जरूरी है कि आप टिप देने हेतु अपने साथ खुले हुए पैसे लेकर चलें। क्या ग्रेट पिरामिड के अंदर जाने के लिए आपको अतिरिक्त पैसा देना होगा? यह टिप से अधिक व्याख्या का विषय है। जब आप पिरामिडों को देखने के लिए जाते हैं, तो आपको एक फीस काम्प्लेक्स के अंदर जाने के लिए देनी होती है और दूसरी फीस वास्तव में ग्रेट पिरामिड के अंदर जाने के लिए देनी होती है। बहुत से लोग सिर्फ काम्प्लेक्स के लिए टिकट खरीदते हैं, लेकिन ग्रेट पिरामिड के अंदर जाने का मजा कुछ और ही है, इसलिए इसका भी टिकट लीजिये और सकरी व छोटी गुफाओं से होते हुए मुख्य मजार तक पहुंचिये, जो कुछ खास नहीं है, लेकिन 4,000 मजारों के बीच घूमने का एडवेंचर अवश्य है। मेरी राय में ग्रेट पिरामिड के अंदर जाने का निर्णय आपकी व्यक्तिगत पसंद पर निर्भर करता है। हालांकि ऐतिहासिक स्थलों पर अपने तौरपर घूमना अच्छा होता है, लेकिन गीजा के पिरामिड एक ऐसी जगह है, जहां आपको गाइड की जरूरत पड़ेगी। मेरे गाइड ने मेरे अनुभव को अविश्वसनीय बना दिया था, जाहिर है यह बहुत अच्छा रहा, कुछ अतिरिक्त पैसे अवश्य लगे। पहली बात तो गाइड के होते हुए वेंडर्स ने तंग नहीं किया। ऊंट की सवारी के लिए किसी ने ज्यादा पैसे नहीं लिए। इससे भी बढ़कर यह कि गाइड ने पिरामिडों की वह जानकारी दी जो आसानी से किताबों में नहीं मिलती, मसलन, पिरामिडों में इतने पत्थर हैं कि उनसे दिल्ली के चारों तरफ 10 फीट ऊंची व 1 फुट मोटी दीवार खड़ी की जा सकती है।

## विचार

ताजा दुहा हुआ दूध जिसप्रकास शीघ्र नहीं बिगड़ता, उसी प्रकार कुकर्मी का फल भी शीघ्र नहीं मालूम होता किंतु वह राख में दबी हुई अग्नि की तरह विद्यमान है।

-महात्मा बुद्ध.

यदि कोई काम नहीं करता तो उसे खाना भी नहीं खाना चाहिए।

-बाइबिल.

यह संसार कायर पुरुषों के लिए नहीं है। पलायन करने काप्रयास मत करो।

-स्वामी विवेकानंद.

काम से जो मनुष्य पीड़ित है, वह जड़ और चेतन में भेद नहीं कर सकता।

-कालिदास.

जोकायरतासे शत्रु के बल की वृद्धि होती है और अपनी शक्ति का ह्रास होता है। अत: जहां तक बने कायरता को अपने पास न फटकने दें।

-मुनि गणेशवर्णी.

# अज्ञानता से दूर रहें

**अंतर्दृष्टि**

अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करना: नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्रोतों से भी प्रेरणा लें।

खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है।

# तोता छाप प्रवक्ता चाहिए

**व्यंग्यलोक**



**राम विलास जॉगिड़**

सेठ जी की इंटरनेशनल ह्यूमन रिसोर्स कंपनी ग्रुप को कई तरह की ह्यूमन चीजें चाहिए। जल्दी आइए और इनसे करोड़ों कमाइए। 1.मॉडल ब्रांड एंकरी- हमारे टीवी न्यूज चैनल 'कल सबको खा जाऊं' (केएसकेजे) को तुरंत एंकरनियों की सख्त आवश्यकता है। जो समाचार पढ़ने का नाटक करते समय मॉडलिंग का कार्य कर सके। जो सनसनी क्वीन के रूप में प्रसिद्ध हो। जो तेज आवाज में चीख-चीख कर ड्रामा कर सके। जो रोज नए-नए ढंग के फैशनेबल व कम कपड़े पहन सके। सिर्फ वही आवेदन करें जो उपरोक्त योग्यता रखती हों। डिग्री, मीडिया आदि में काम करने का अनुभव व समाचारों में गहरी समझ जैसे दुर्गुण हमारे चैनल के सेठजी को बिल्कुल पसंद नहीं है। ऐसी एंकरी हरगिज आवेदन न करें। न्यूज चैनल द्वारा उसे लाने, ले जाने की व्यवस्था होगी। उसके क्रीम, पाउडर, उबटन आदि का व्यय चैनल के सेठजी की कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। उपरोक्त गुणों वाली, किसी भी पार्टी के नेता को वशीभूत कर हैंड-बैग में धरने वाली कन्या अभी आएं, अभी चैनल हेड बन जाएं। नोट- मेल एंकर आवेदन पत्र के हाथ भी नहीं लगाएं।

2.तोता छाप प्रवक्ता- हमारे राष्ट्रीय दल-दल पार्टी (आरडीडीपी) को तोता छाप प्रवक्ता-बकता की सख्त आवश्यकता है। ऐसा जानवर जो कुतर्क करने में माहिर हो। जो आलाकमान के द्वारा उछाले गए शब्दों को कंठ में धारण कर तोते जैसा व्यवहार करने में पारंगत हो। जो विपक्षी नेता व विपक्षी पार्टी की हर बात का विरोध करता हो। जो नए रंग-ढंग की गालियां देने में माहिर हो। जो न्यूज चैनलों पर घंटों बैठकर चीखने-चिल्लाने में उस्ताद हो। जो विरोधियों की निंदा व अपनी स्तुति करने में शहंशाह हो। ऐसे जिद्दी तोता-तोती शीघ्र आवेदन करें। ऐसी योग्यता धारी तोतियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसी तोतियां पार्टी आलाकमान सेठजी से शीघ्र ही संपर्क कर प्रवक्ता का पद हासिल करें। प्रवक्ता को पार्टी कमीशन, कालाबाजारी, ठेके, रंगदारी, भाई-भतीजावाद, ट्रांसफर, चंदा भक्षण आदि में नियमानुसार लाभांश देने के लिए वचनबद्ध है।

3.बंदर ब्रांड लपके- हमारे अमरचंद सुखीदेवी प्रीतिकुमारी मेमोरियल हॉस्पिटल को लपकों की तुरंत आवश्यकता है। जो विभिन्न दवाइयों की कालाबाजारी करने में माहिर हो। जो नकली दवाइयों के गिरोहों से बेहतरीन संपर्क रखता हो। जो स्वस्थ व्यक्ति को मरीज बनाने में उस्ताद हो।

## आपकी बात

### बेरोजगारी बड़ी समस्या

शहरों का विकास रोजगारकी समस्या को हल करने में बड़ा मददगार साबित हो सकता है। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं।

ऐसी अनियोजित बस्तियों में न सड़क होती है, न सीवर लाइन, न नाली। पार्क, स्कूल, अस्पताल जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कुछ नहीं होता है। आज लखनऊ को जोड़ने वाली जिलों की किसी भी सड़क पर चले जायें। चाहे रायबरेली रोड हो। फैजाबाद रोड हो, हरदोई रोड हो या सीतापुर रोड अथवा सुलतानपुर रोड, लखनऊ से पन्द्रह-बीस किलो मीटर आगे तक प्लाटिंग हो चुकी है। कहीं भी नियोजित विकास की संभवना नहीं बची है। यह सब विकास प्राधिकरण और आवास विकास की असफलता है।

**मनीष कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### बूंद-बूंद बचायें पानी

जल संरक्षण के तमाम प्रयासों के बावजूद हकीकत यह है कि लोगों को पानी बचाने को लेकर कोई खास जागरुकता नहीं है। लोग बहुत पानी बर्बाद करते हैं। इसलिए जलदोहन पर लगाम लगाने के साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों को अपनी जरूरत से अधिक पानी न मिले। बढ़ती आबादी के साथ कृषि व उद्योग जगत की जरूरतों के लिए जल संरक्षण की बहुत जरूरत है। नदियों का संकट कोई नया नहीं है। तमाम छोटी-छोटी नदियां खत्म हो गयीं। जबकि गंगा यमुना जैसी बड़ी नदियों भी प्रदूषण के कारण संकटग्रस्त हैं। जब हम नदियों के संकट की बात करते हैं तो बड़ी नदियों पर तो चर्चा होती है। गंगा, यमुना, गोमती जैसी नदियों के बारे में योजना भी बनती है और जैसे-तैसे सफाई अभियान भी शुरू किया जाता है लेकिन छोटी-छोटी नदियों का कोई पुरसाहाल नहीं। भारत में नदियों का संजाल इस तरह बिछा था कि हर चार-छह किलोमीटर की दूरी पर कोई न कोई ऐसी नदी बहती थी जिसमें पूरे साल निर्मल धाराओं का प्रवाह बना रहता था। यह नदियां जल संरक्षण के बेहतरीन स्रोत के साथ सिंचाई, पशुपालन के काम आती थीं। मत्स्य आखेट भी इन नदियों में होता था और इनका पूरा एक इकोतंत्र होता था जिसमें हजारों-हजार लोग रोजी-रोजगार से जुड़े होते थे, खेतों की सिंचाई होती थी और इनके किनारे पशुपालन व सुलभ व्यवसाय होता था लेकिन अब यह नदियां लुप्त हो गयी हैं।

**शिवेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**अयोध्या**। लखनऊ हाइवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। एनएचएआई की एंबुलेंस से उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया गया की रौनाही थाना क्षेत्र के सनाहा गांव निवासी युवक मुकेश (28) पुत्र हरपाल के ममेरे भाई की कुछ दिन पूर्व सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

मंगलवार की शाम मुकेश तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने मामा के घर इसी थाना क्षेत्र के राजाराम का पुरवा गया था। देर रात वापस घर लौटते समय सोहावल ओवरब्रिज पर एक कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। मामले की खबर पर एनएचएआई एंबुलेंस के ईएमटी हुकुम सिंह और पायलट अभिषेक कुमार ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने पैर में फ्रैक्चर होने के कारण उसको भर्ती कर लिया।

# कपड़े की दुकान में लगी आग, सामान जलकर राख

जिला संवाददाता



गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कस्बे में बुधवार की सुबह एक कपड़े की दुकान में भयंकर आग लग गयी।आग से दुकान में रखा लाखो रुपये का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण अज्ञात है। जानकारी के मुताबिक कस्बे के कटरा मुहल्ले में वरिष्ठ पत्रकार रहे स्व. सूर्यभान गुप्ता की कपड़े की दुकान थी। दुकान का संचालन उनके दो पुत्र सतीश कुमार व साकेत कुमार करते थे।आगे दुकान थी और उसी में पूरा परिवार रहता था।बुधवार की सुबह अचानक दुकान से धुआं निकलने लगा। धुंआ देखकर अगल बगल के रहने वालों को जब तक कुछ समझ मे आता कि तभी आग की बड़ी बड़ी लपटे निकलने लगी। मौके पर परिवार के लोग अपनी दैनिक नित्य क्रिया में ब्यस्त थे। लोगो ने उन्हें जब सूचना दिया तो पिछवाड़े से लोग निकल कर भागे और दुकान के सामने पहुंचे। मौके पर दुकान का शटर बंद था जिसे तोड़ा गया परन्तु तब तक आग पूरे घर मे फैल चुकी थी। लोगो ने नगर पंचायत,कोतवाली व अग्निशमन विभाग को सूचना दिया।

- अग्निशमन दस्ते ने तीन घण्टे बाद आग पर पाया काबू

कोतवाली पुलिस ने दोनो तरफ मार्ग जाम करवाकर नगर पंचायत से पहुंची पानी की टैंकर व लोगो की मदद से आग बुझाने में जुट गए। तभी अग्निशमन दस्ते की तीन बड़ी व एक छोटी गाड़ी भी पहुंच गयी और वह भी आग बुझाने में जुट गयी। करीब तीन घण्टे बाद आग पर काबू पाया जा सका। अग्निकांड में पीड़ित परिवार के शरीर पर पहने वस्त्र के अतिरिक्त कुछ भी नही बचा है। आग से पड़ोसी दुकानदार भगवती क्लाथ हाउस,जायसवाल इलेक्ट्रॉनिक की दुकान व मनीष गुप्ता के आवास को भी आंशिक क्षति पहुंची है। घटना की सूचना पर एसडीएम सदर रामप्रसाद,सीओ सदर अरविंद सोनकर,एसओ शारदेन्दु दुबे,कानूनगो अशोक श्रीवास्तव,लेखपाल,चेयरमैन डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल,ईओ सीमाराय सहित तमाम प्रशासनिक अमले ने पहुंचकर मौके का मुआयना कर पीड़ित परिवार ढांढस बधाते हुए हर सम्भव मदद की बात कही।एसडीएम सदर रामप्रसाद ने बताया कि नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है।

### फायर बिग्रेड स्टेशन की कमी खली

गोसाईंगंज कस्बा मंडल का सबसे बड़ा कस्बा है। यंहा कपड़े, रेडीमेड, सरार्फा, किराना, लोहा, दवा सहित तमाम छोटी बड़ी दुकानें मौजूद है।कस्बे में आग से कई बड़ी दुर्घटना बिगत कई वर्षों में हो चुकी है।आग जब लगती है तो लोग अग्निशमन दस्ते को सूचित करते हुए नगर पंचायत के टैंकर व अपने संसाधन से आग बुझाने को जुट जाते है। मौके पर अग्निशमन दस्ता ना होने के कारण गाड़ी आने में काफी समय लग जाता है और लोगो का सब कुछ जलकर राख हो जाता है।कस्बे के जागरूक लोगो ने कई बार इलाकाई जनप्रतिनिधि व प्रशानिक अधिकारियों से कस्बे में फायर स्टेशन की मांग किया परन्तु किसी के कानों पर जूं तक नही रेंगी और आज फिर एक दुकानदार आग की बलि चढ़ गया। लोगो ने मांग किया कि जनहित को देखते हुए तत्काल फायर स्टेशन की स्थापना किया जाय जिससे आग पर तत्काल काबू पाया जा सके।

## बीएलओ का घर -घर पहुंचने का कार्य केवल कागजों पर ही दिख रहा : डॉ. पुनिया



**बाराबंकी**। एसआईआर जमीन पर दिख ही नही रहा और न ही प्रशासन द्वारा कोई जागरूकता अभियान चलाया गया। शहर के अन्दर लगभग 40 प्रतिशत वोटरों का मूल्यांकन हुआ है। एसआईआर का पूर्ण कार्य नही हो पा रहा है। बीएलओ द्वारा घर घर पहुंचने का कार्य केवल कागजों पर ही नजर आ रहा है। और इसकी समय सीमा समाप्त होने वाली है।ऐसे तमाम मतदाताओं का नाम छूट रहा है जो कई वर्षों से वोट डालते आ रहे हैं।इससे सरकार की मंशा समाज के प्रति साफ नजर नही आ रही है।सरकार द्वारा समाज में दुविधीकरण पैदा कर रही है। उक्त बात पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत बूथ केन्द्रो जलालपुर, आवास विकास, सेण्ट्रल एकेड़मी का निरीक्षण करने के उपरान्त कही। इस मौके पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, विजयपाल गौतम, के0सी0 श्रीवास्तव, वीरेन्द्र यादव, राम हरख रावत, मोहम्मद इरफान कुरैशी, तरून चावला, तस्लीमन खान, मोहम्मद जीशान, अमन गौतम, बबलू गौतम, प्रशान्त सिंह मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मण्डलायुक्त व आईजी अयोध्या ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**बाराबंकी**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद आगमन को लेकर मण्डलायुक्त अयोध्या राजेश कुमार व पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार ने थाना जैदुपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दौलतपुर में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा एंव यातायात व्यवस्था को लेकर सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस अवसर पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवारों को भेजी एक-एक लाख रुपये की सहायता



जिला संवाददाता

**अयोध्या**। पूर्व मंत्री पवन पांडे के प्रयास से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्व. रामप्यारे यादव पहलवान ,स्व. पंचलाल पाल व कैंसर पीड़ित हरि नारायण अवस्थी उर्फ राजू अवस्थी सहित सभी परिवार को एक एक लाख रुपये का चेक परिवार सहायता हेतु भेजा, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने परिवार को चेक सौपा। पूर्व मंत्री पवन पांडे के प्रयास से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्व रामप्यारे यादव पहलवान, स्व. पंचलाल पाल व कैंसर पीड़ित हरि नारायण अवस्थी उर्फ राजू अवस्थी सहित सभी परिवार को एक एक लाख रुपये का चेक परिवार सहायता हेतु भेजा, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने परिवार को चेक सौपा। पूर्व मंत्री ने कहा कि स्व. रामप्यारे यादव पहलवान व स्व. पंचलाल पाल जी का निधन हो गया था पूरा समाजवादी परिवार बहुत दुखी था राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शोक संवेदना व्यक्त की व परिवारों को एक-एक लाख का चेक भेजा वहीं लक्ष्मण घाट वार्ड के कैंसर पीड़ित हरि नारायण अवस्थी उर्फ राजू अवस्थी की सूचना मिलने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एक लाख का चेक उनको भी भेजा जिससे उनके इलाज में कोई दिक्कत न आए पूर्व मंत्री पवन पांडे ने कहा आज सरकार न रहते हुए भी राष्ट्रीय अध्यक्ष हर वर्ग की मदद करते हैं अगर समाजवादी की सरकार होती तो इनका इलाज फ्री होता लेकिन मौजूदा सरकार का कोई भी सरकारी लाभ जनता तक नहीं पहुंच रहा है, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि हर शोषित, पीड़ित, दुखी के साथ पूरा समाजवादी परिवार उनके साथ है आज मौजूदा सरकार सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रही है 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर जनता इनकी जुल्म का हिसाब करेगी, इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, महासचिव हामिद जाफर मीसम,प्रदेश सचिव राम अचल यादव, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, ननकन यादव,राम अजोर यादव,सुरेंद्र पाल, अनिल यादव, पार्षद महेंद्र शुक्ला, राजू यादव,आकिब खान,वीरेंद्र गौतम,जगन्नाथ यादव, सुल्तान खान, पंकज शर्मा, अनिल मिश्रा,सफन,ज्ञानेन्द्र शुक्ला आदि लोग मौजूद थे।

- रामप्यारे यादव पहलवान, स्व. पंचलाल पाल व कैंसर पीड़ित राजू अवस्थी के परिवार को सौंपा सहायता चेक

# कुमारगंज थाने का क्षेत्राधिकारी ने किया निरीक्षण



**मिल्कीपुर**। कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर अजय कुमार सिंह ने बुधवार को कुमारगंज थाने निरीक्षण किया। उनके आगमन पर थाना परिसर में सक्रियता बढ़ गई और उन्होंने थाने के विभिन्न महत्वपूर्ण सेक्शनों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने मिशन शक्ति केंद्र, अभिलेख अपराध रजिस्टर, किचन, आवास व्यवस्था, तथा रजिस्टर का गहन अध्ययन किया। इसके साथ ही उन्होंने मालखाना, असलहा बंदीगृह, मुख्य कार्यालय, एवं गोपनीय रजिस्टर की भी जांच की। सभी अभिलेखों की स्थिति, रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यानपूर्वक परखा गया। अजय कुमार सिंह ने थाने की सुरक्षा प्रणाली को और मजबूत करने के उद्देश्य से कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने पुलिसकर्मियों को सतर्कता बनाए रखने,जनसामान्य से संवाद बढ़ाने पर बल दिया। क्षेत्राधिकारी ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी रजिस्टर अद्यतन रहे और मालखाना व असलहा कक्ष की सुरक्षा में कोई चूक न हो। इस मौके पर थाना अध्यक्ष कुमारगंज ओमप्रकाश, चैकी इंचार्ज देवगांव अशोक कुमार पाठक, चैकी इंचार्ज चिलबिली यदुनंदन सिंह, चैकी इंचार्ज एनडीए हरिशंकर राय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक धनीराम वर्मा, भानू प्रताप शाही, सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

### बीएलओ का सरकारी दस्तावेज भरा बैग गायब

ललितपुर। मोहल्ला सुभाषपुरा की आंगनबाड़ी कार्यकत्री भागवती कुशवाहा पुत्र स्व.महेश कुशवाहा जो कि वर्तमान में बूथ लेबिल ऑफीसर (बीएलओ) पद पर कार्यरत है। भागवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 1 दिसम्बर को सुबह करीब 7 बजे वह अपने घर में ऊपरी मंजिल में सफाई कार्य के लिए गयी थी।

वापस आकर उसने देखा कि उसका ऑफिस बैग अपनी जगह से गायब था।इस ऑफिस बैग में सरकारी दस्तावेज, आंगनबाड़ी का टी.एच.आर. विवरण रजिस्टर, एच.सी.एम.इण्डियन बैंक की चेकबुक है, जिस पर उसके हस्ताक्षर नहीं थे और सर्व यू.पी. ग्रामीण बैंक

### महोली के विकास कार्यो का किया निरीक्षण

**सोहावल-अयोध्या**। प्रदेश सरकार एवं केंद्र द्वारा उ प्र की ग्राम सभाओं में कराये गये विकास कार्यो की गूंज अन्य प्रदेशों में मचाए हुए है। प्रदेश सरकार की विकसित 14 ग्राम सभाओं में बीकापुर विधायक डा. अमित सिंह चौहान की ग्राम सभा में प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने यहां इसी प्रकार से अपनी ग्राम सभा में विकास की गति देने के लिए मध्य प्रदेश की राज्य स्तर के एक दर्जन अधिकारी 22 ग्राम सचिव एवं ग्राम प्रधान पंचायत ग्राम सेवक के साथ आदर्श ग्राम सभा पंचायत भवन महोली पहुंचे।

टीम के सभी सदस्यो का ग्राम सभी का तिलक करने पर अभिभूत हुए टीम के सदस्यों ने किया। सोहावल ब्लाक की ग्राम विकास अधिकारी सुशील पांडेय एवं लखनऊ विकास भवन के अधिकारी ने क्षेत्र के विद्यालय हर घर जल योजना की टंकी, गलियो की इंटर लाकिंग सड़कों के निर्माण में आने वाले खर्च और निर्माण करने की विधि समझाई।

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर टीआरसी कॉलेज छात्रो ने निकाली जागरूकता रैली




**सतरिख,बाराबंकी**। टीआरसी लॉ कालेज छात्र-छात्राओ ने मानवाधिकार दिवस समन्वयक डा0 दीपमाला श्रीवास्तव के नेतृत्व में जागरुकता रैली निकाल कर जन-मानस को मानवाधिकार के संबंध में जागरूक किया गया। इसके उपरान्त कालेज प्रागंण मे गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। जिसमे वक्ताओ ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। तो वही अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद थीम पर हयूमन राइट्स एवरीडेय इसेन्सियल्य पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रा वैष्णवी चैधरी प्रथम, छात्र प्रिंसराज द्वितीय व छात्रा आफरीन तृतीय स्थान को प्रबन्धक व शासी निकाय अध्यक्ष डा0 सुजीत चतुवेर्दी द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता, डा0 अविनाश मिश्रा, प्रशासनिक निदेशिका रोली मिश्रा, डा0 इन्द्र दमन तिवारी, डा0 धर्मेन्द्र कुमार, अजय कुमार, अवनीश पाण्डेय, वैशाली सिंह, अंकित मिश्रा, डा0 प्रमोद कुमार पाण्डेय मौजूद रहे।

# वसंत महोत्सव हस्तशिल्प और हथकरघा में लोगों की भारी भीड़



**बाराबंकी**। सूक्ष्म, लघु एंव मध्यम उद्यम मंत्रालय के स्फूर्ति क्लस्टर परियोजना के सहयोग से जीआईसी मैदान मे 1 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक चल रहे बंसत महोत्सव हस्तशिल्प एंव हथकरघा में प्रसिद्ध शिल्पियों के उत्पाद प्रदर्शित और बेचे जा रहे हैं। स्थानीय कला और उत्पादों को बढ़ावा देने व खरीदारों को सीधे गुणवत्तापूर्ण हस्तनिर्मित वस्तुएं खरीदने का मौका मिल रहा हैं। कोई अपने लिए गर्म जैकेट, स्वेटर खरीदते नजर आया। तो कोई बच्चों के लिए खिलौने, तो महिलाएं श्रृंगार व किचन के आइटम खरीदते नजर आये। महोत्सव में गर्म कपड़ों की दुकानों पर विशेष भीड़ देखी जा रही है। इसके अतिरिक्त, मिट्टी के बर्तन, गांधी खादी वस्त्र, होजरी, कॉस्मेटिक, कालीन, अचार, ड्राई फ्रूट और दैनिक उपयोग की कई अन्य वस्तुएं भी उपलब्ध हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खरीदार यहां किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद खरीदकर लाभ उठा रहे हैं।

- आधुनिक हस्तनिर्मित उत्पादों पर भारी डिकाउट का लोग उठा रहे फायदा

आयोजक मो0 सलमान सल्लू ने बताया कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प एवं हथकरघा उत्पादों को एक मंच पर लाना है। इससे कारीगरों को एक बड़ा बाजार मिलेगा और उनका हुनर अधिक लोगों तक पहुंच सकेगा। दूर-दराज से आए शिल्पकार अपने पारंपरिक और आधुनिक हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनकी काफी सराहना हो रही है। गर्म कपड़ो के स्टालो पर भारी डिस्काउट के चलते जनपद समेत आस-पास गांवों के लोगों द्वारा जाकेट, मफलर, टोपिया समेत प्लास्टिक के सामानो आदि जमकर खरीदारी की जा रही है।

## स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार



**रूपईडीहा, बहराइच**। रुपईडीहा पुलिस ने 10 लख रुपए के स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध एवं मादक पदार्थों की रोकथाम अभियान के तहत रूपईडीहा थाना पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। टीम ने 50 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई है।

सूचना के आधार पर उप निरीक्षक आशुतोष चंद व पुलिस बल तथा एसएसबी की संयुक्त टीम ने 09 दिसंबर की रात इंडो-नेपाल बॉर्डर के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका। पूछताछ व तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी की पहचान राजवन पुत्र रिक्खी राम, निवासी सुभानपुरवा, थाना रामगांव, जनपद बहराइच (उम्र लगभग 26 वर्ष) के रूप में हुई।बरामद स्मैक और गिरफ्तारी के आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय सदर बहराइच भेजा गया।

# सैनिकों में देश के लिए मर मिटने का जज्बा, अदम्य साहस भरा होता है: आंचल अग्रवाल

जिला संवाददाता



**बाराबंकी**। पटेल तिराहे स्थित स्वः शंकर दयाल वाजपेई स्मारक पर शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट की 38वी पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि पर मुख्य अतिथि जीएसटी सहायक आयुक्त आंचल अग्रवाल एंव विशिष्ट अतिथि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पाण्डे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा0 अंकिता यादव, जन व्यापारी उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

- स्मारक पर जीएसटी सहायक आयुक्त आंचल अग्रवाल ने माल्यार्पण कर किया नमन
- विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वालो को किया गया सम्मानित
- शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा

मुख्य अतिथि जीएसटी सहायक आयुक्त श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि हम सभी वीर सपूत शंकर दयाल वाजपेई के बलिदान को याद करते हुए उन्हें सलाम करते हैं। सैनिकों में देश के लिए मर मिटने का जज्बा, अदम्य साहस कूट-कूटकर भरा होता है। जो अत्यंत समर्पण के साथ देश की सीमाओं की रक्षा करते है। उनकी देशभक्ति सभी नागरिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। विशिष्ट अतिथि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री पाण्डे ने कहा कि शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट शंकर दयाल वाजपेई का व्यक्तित्व हमें प्रेरणा देता है कि हम अपने समाज, अपने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की भी चिंता न करें। निश्चित रूप से वह परिवार धन्य है जिनके यहां शंकर दयाल वाजपेई जैसा सपूत पैदा हुआ। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा0 यादव ने कहा कि आज देश का नागरिक अथवा देश सुरक्षित है तो इसका प्रमुख श्रेय भारतीय जवानों को है। शहीदों की शहादत के कारण ही देश का हर नागरिक चैन की नींद सोता है। कार्यक्रम संयोजक व जन व्यापारी उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश महामंत्री रोहिताश्व दीक्षित ने कहा 25 जनवरी 1960 में जन्मे शंकर दयाल वाजपेई के 1980 में भारतीय वायुसेना में प्रवेश कर 1982 में कमीशन आफिसर बने। फिर उन्होंने जगुआर जैसे अत्याधुनिक लडाकू विमान की कमान संभाली 10 दिसम्बर 1987 की शाम को शंकर दयाल वाजपेई के गश्त के लिए उडान भरी। उनको भारत पाक सीमा नालियां पर अपने विमान द्वारा अपने पडोसी देश की सैन्य गतिविधियां पर नजर रखते हुए सीमा की सुरक्षा करनी थी। चन्द मानकों में फ्लाइट लेफ्टिनेंट का विमान जगुआर 20हजार फिट की ऊंचाई पर था। नालिया एयरफोर्स के कंट्रोल रूम में स्किन पर वाजपेई जी के जगुआर का सिग्नल बराबर मिल रहा था। भारत का वीर सपूत 7 बजकर 40 मिनट पर स्किन पर आग का गोला कौंधा और वह शहीद हो गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहीद के भाई समाजसेवी सर्वेश वाजपेई व संचालन हुमायूं नईम खान ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों बालाजी स्कूल प्रबन्धक अंकुर माथुर, नवनीत तिवारी, अर्णिमा सिंह पंवार, चिकित्सा क्षेत्र में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला डा0प्रदीप श्रीवास्तव, डा0अनुपमा टिबडेवाल, सामाजिक क्षेत्र से कैलाश नाथ शर्मा, नवीन शर्मा, सभासद पंकज मिश्रा, सुशील गुप्ता, आलोक वर्मा, शील प्रकाश शुक्ला, यातायात प्रभारी रामयतन यादव, विपिन कुमार, जयदीप सिंह, प्रभात वर्मा पत्रकारिता क्षेत्र मे सरदार परमजीत सिंह विक्की, शिवम भैयाजी, नवनीत तिवारी, मो0अकील, मेधावी उपासना, वर्तिका, अभिजीत, आनंद कुमार, वेदिका यादव, दिव्यांशी वर्मा, आयुषी वर्मा, जोखा वारसी को मोमटो, अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में जिला बार पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित, सुरेन्द्र प्रताप सिंह बब्बन, हिसाल बारी किदवाई, कौशल किशोर त्रिपाठी, अरूण कुमार, अजय शुक्ला, अंकुर जैन, संतोष गुप्ता, सौरभ श्रीवास्तव, बाहुबली जैन, सुजीत शाह, मनीष गुप्ता, शशिकांत गुप्ता, हसन अब्बास सहित शंकर दयाल वाजपेई का परिवार मौजूद रहा।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 144 कन्याओं का हुआ विवाह



जिला संवाददाता

**बहराइच** । मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत तहसील के निकट स्थित जूनियर हाईस्कूल के मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 144 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। वैवाहिक कार्यक्रम में 19 मुस्लिम जोड़े का निकाह हुआ तथा 125 हिंदू जोड़ों का विवाह हिंदू रीति रिवाज के तहत संपन्न कराया गया। वैवाहिक कार्यक्रम में जनपद के विकासखण्डों व नगरीय निकायों के अंतर्गत जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद अक्षयवरलाल गोंड ने विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख विशेश्वरगंज के प्रतिनिधि राकेश पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख पयागपुर के प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय सहित अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात पाण्डाल में मुख्य वेदी पर यजमान के रूप में संयुक्त रूप से कन्या पूजन के साथ वैदिक रीति-रिवाज के साथ कन्यादान किया गया।

वैवाहिक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक पयागपुर श्री त्रिपाठी, पूर्व सांसद श्री गोंड, विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी सहित अन्य वक्ताओं ने नव विवाहित जोड़ों को सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए सामूहिक विवाह जैसी योजना की पहल के लिए प्रदेश सरकार विशेषकर मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, तहसीलदार अम्बिका चौधरी, खण्ड विकास अधिकारी पयागपुर अजय सिंह, विशेश्वरगंज के दीपेंद्र पाण्डेय, थानाध्यक्ष पयागपुर संजय सिंह, विशेश्वरगंज के राजकुमार पाण्डेय, संभ्रान्तजन व गणमान्यजन, बड़ी संख्या में वर वधू के अभिभावक, रिश्तेदार व ईष्टमित्र मौजूद रहे।

## रुपईडिहा में बस ट्रेलर भिड़ंत, ट्रेलर चालक घायल,यात्री सुरक्षित



**बहराइच**। आदर्श थाना कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह घना कोहरा हादसे की वजह बन गया। करीब सात बजे कुतुबुद्दीन कलवारी गाँव के पास रोडवेज बस और मालवाहक ट्रेलर आमने सामने टकरा गए। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि हादसे में ट्रेलर चालक पंजाब निवासी 26 वर्षीय रवी कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बस में सवार भारतीय व नेपाली सभी यात्री सुरक्षित रहे। गाड़ियों को क्षति पहुँची है और सभी यात्री सकुशल अपने गंतव्य के लिए भेज दिए गए। घायल ट्रेलर चालक को प्रारंभिक उपचार के बाद चर्दा सीएचसी से जिला अस्पताल बहराइच रेफर किया गया है, जहाँ उसका उपचार जारी है।

## तीन का शांति भंग में चालान

अयोध्या। शहर क्षेत्र में विवाद के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने घायल दो महिलाओं का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया है। तीन लोगों का शांति भंग में चालान किया है। कैंट थाना पुलिस की ओर से विवाद में घायल थाना क्षेत्र के हांसापुर कंधई का पुरवा निवासी मायावती पत्नी राकेश और कोटसराय निवासी कौशल्यावती पत्नी जमुना प्रसाद का महिला कर्मी भेज मेडिकल परीक्षण कराया है।

वहीं नगर कोतवाली पुलिस ने विवाद में शामिल राहुल यादव (30) पुत्र स्व.विजयपाल निवासी सलारपुर सहादतगंज थाना कैंट और शमशाद (30) पुत्र अब्दुल शकील निवासी पहाड़गंज घोसियाना व इमरान खान (34) पुत्र जियाउर्रहमान निवासी ऋषि टोला हाल पता लक्ष्मपुरी कालोनी कोतवाली नगर के खिलाफ पाबंदी की कार्रवाई करते हुए शांति भंग में चालान किया है।

संक्षेप

## सड़क दुर्घटना में मृत युवक की हुई पहचान

**कादीपुर, सुलतानपुर।** बीती रात सड़क दुर्घटना में मारे गए युवक की पुलिस ने पहचान कर ली है। मंगलवार को देर रात कादीपुर अखंड नगर मार्ग पर अमरेथू डडिया गांव में स्थित डॉ अंबेडकर प्रतिमा से सौ मीटर की दूरी पर सड़क के किनारे एक युवक का शव मिला था। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को एम्बुलेंस से भेजवाया। बुधवार को शव की पहचान कोतवाली के रानेपुर कूम्ही डडिया के अनुराग पुत्र राधेश्याम (30) के रूप में की गई। बताया जाता है कि अनुराग मंगलवार को जालंधर जाने के लिए घर से निकला था किंतु उसकी ट्रेन छूट गई थी। जिससे वह अपनी ससुराल ककना राम तीरथ गौतम के घर चला गया, जबकि उसके छोटे भाई गोविंद की ससुराल अमरेथू डडिया गांव के सभाजीत के घर है। पुलिस के अनुसार वह भाई की ससुराल से पानी लेकर शौच के लिए गया था। तभी दुर्घटना का शिकार हो गया। जबकि मृतक के पिता राधेश्याम मृतक के साले राजनाथ पर हत्या करने की आशंका जता रहे हैं। फिर हाल अभी तक मामला हत्या एवं दुर्घटना के बीच उलझा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी। पुलिस ने शव का पंचनामा करा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भ्रामक पोस्ट करने वाले युवक पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर।** शिक्षक की फेसबुक पर आपत्तिजनक फोटो डालते हुए गलत एवं भ्रामक तथ्य लिखकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के सरायकल्याण गांव के शैलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सोनू अमेठी जनपद में श्री राम नरेश पूर्व माध्यमिक विद्यालय सैठा में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वह सुल्तानपुर शहर में किराए का कमरा लेकर रहते है। आरोप है कि बीते 1 फरवरी 2025 को उनके गांव के एक व्यक्ति ने फेसबुक पर आपत्तिजनक फोटो डालते हुए गलत एवं भ्रामक तथ्य लिखकर सोशल मीडिया पर वायरल किया, जिससे उन्हें मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। उन्होंने 12 फरवरी 2025 को पंजीकृत डाक से विधिक नोटिस भेजी थी। जिसका अभी तक कोई उत्तर नहीं आया। वे 23 नवम्बर 2025 को सराय कल्याण अपने घर आए तो विपक्षी विधिक नोटिस को लेकर मारपीट पर उतर आया गाली गलौज देते हुए मारकर फिर से वीडियो वायरल करने की चेतावनी दी। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि मंगलवार को पीड़ित की दी गई तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही कृष्णा सिंह उर्फ कृष्णदेव सिंह के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

## युवक ने लगायी फांसी, मौत

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भरथुआ में एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां मानसिक तनाव से पीड़ित युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। गांव निवासी मजनू (पुत्र स्वर्गीय रामदुलार) लंबे समय से मानसिक बीमारी से जूझ रहे थे और उनका नियमित उपचार भी चल रहा था। परिजन बताते हैं कि मजनू की मानसिक स्थिति स्थिर नहीं रहती थी, जिसके चलते वे अक्सर तनावग्रस्त और अकेले रहने लगे थे। सुबह ग्रामीणों ने आम के पेड़ से लटकता शव देखकर इसकी सूचना तत्काल दोस्तपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह व एसआई जगदीश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचे।

# मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में लगी गोली

## 5 लाख की छिनैती करने वाले तीन शातिर अपराधी गिरफ्तार



**रायबरेली।** पुलिस व अपराधियों के बीच हुई जोरदार मुठभेड़ में मिल एरिया पुलिस ने 5 लाख रु. की छिनैती करने वाले तीन खतरनाक अपराधियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। मुठभेड़ के दौरान अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग की, जवाब में पुलिस की आत्मरक्षात्मक फायरिंग में एक बदमाश मो.नसीम के बाएं पैर में गोली लगी।

उल्लेखनीय है कि बीती 8 दिसंबर को रायबरेली निवासी दवा सप्लायर सचिंद्र सिंह ने थाना मिल एरिया में तहरीर दी कि सोशल मीडिया के जरिए उनके साथी राजेश सिंह के माध्यम से मुकुंद झा नाम के व्यक्ति से संपर्क हुआ था। मुकुंद झा ने दवाओं की प्रोडक्ट रेंज बढ़वाने के नाम पर सचिंद्र को कल्लू का पुरवा (मिल एरिया क्षेत्र) बुलाया और वहां मौजूद अपने साथियों के साथ मिलकर 5 लाख रुपये नकद छीन लिए। एसपी डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार नौहवार के नेतृत्व में मिल एरिया पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने 10 दिसंबर की रात को शारदा नहर के पास गांव लोलीपन के समीप चेकिंग कर रही थी। एक सूचना पर तीन संदिग्धों को घेरा गया। घेराबंदी होते ही आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी और भागने की कोशिश की। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक आरोपी मो. नसीम पुत्र मो. जावेद (निवासी सिंधौर, थाना लीलापुर, प्रतापगढ़) के बाएं पैर में गोली लगी। उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया। इसके साथ ही मो. नसीम पुत्र स्व. जफरूल हसन, निवासी सराय लोहन राय प्यारे का पुरवा, थाना लीलापुर, प्रतापगढ़, अरविन्द दुबे पुत्र अशोक दुबे, निवासी थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़ को 26,000 रुपये नकद, एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त हुंडई क्रेटा कार बरामद किया है।

## साइबर क्राइम पुलिस ने 5 पीड़ितों की वापस करायी 1.83 लाख से अधिक रकम

**रायबरेली।** साइबर क्राइम पुलिस थाना रायबरेली ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए 5 पीड़ितों के बैंक खातों में कुल 1,83,351 रुपये की रकम वापस दिलाई। यह कार्रवाई एसपी रायबरेली के निर्देश पर की गई, जिसके बाद साइबर टीम ने संदिग्ध खातों को फ्रीज करवाकर ठगों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। पुलिस के अनुसार नैतिक रवि कुमार (थाना साइबर क्राइम क्षेत्र) 40,000, रामलखन श्रीवास्तव (थाना लालगंज) 86,236, विजय कुमार (थाना बछरावां) 2,500, अनीस (थाना साइबर क्राइम क्षेत्र) 8,615, जीत बहादुर (थाना लालगंज) 46,000, वापस कराया गया। पीड़ितों ने विभिन्न तरीकों से ऑनलाइन ठगी का शिकार होने के बाद तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही एसपी रायबरेली ने मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर क्राइम थाना को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह तोमर के नेतृत्व में साइबर क्राइम पुलिस टीम ने संदिग्ध बैंक खातों का पता लगाया, उन्हें तत्काल प्रभाव से फ्रीज कराया और पीड़ितों के खातों में पूरी राशि वापस ट्रांसफर कराई। सफलता दिलाने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह तोमर समेत पूरी टीम शामिल है। रायबरेली पुलिस ने इस सफलता के बाद जनता से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति अपने बैंक खाते से जुड़ा ओटीपी, पासवर्ड, सीवीवी, कार्ड नंबर या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। लुभावने ऑफर, लॉटरी, इनाम, सस्ता लोन, क्रेडिट कार्ड अपग्रेड जैसे मैसेज आने पर बिना जांच-पड़ताल के किसी लिंक पर क्लिक न करें और न ही कोई पेमेंट करें। ये सभी ऑनलाइन ठगी के आम तरीके हैं।

## संघ कार्यकर्ताओं ने चलाया गृह संपर्क अभियान

**लालगंज, रायबरेली।** शताब्दी वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपना सबसे बड़ा गृह संपर्क अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचना और संघ के विचारों को फैलाना है। संगठन की दृष्टि से लालगंज जिले के जिला प्रचारक अजीत ने बताया कि इस अभियान के तहत, लगभग एक हजार कार्यकर्ता घर-घर जाकर भारत माता का चित्र और संघ का साहित्य वितरित कर रहे हैं। यह अभियान 20 नवंबर से 21 दिसंबर तक चलेगा और इसमें सभी परिवारों से संपर्क किया जाएगा। संघ का लक्ष्य समाज में सद्भाव, सुरक्षा और संगठन की भावना प्रबल करना है।

# हाइवे पर पलटा टेंपो, दबकर महिला की मौत, चार घायल



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** लखनऊ-बलिया हाइवे पर दोपहर तेज रफ्तार वाहन बचाने के चक्कर में मोतिगरपुर चैराहे के पास टैंपो पलट गया। जिसके नींचे दबकर महिला समेत तीन लोग घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने सीएचसी मोतिगरपुर में इलाज के लिए ले गए। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा। बुधवार को जौनपुर जिले के गांव जर्रा, थाना सरायख्वाजा के निरंजन अपनी पत्नी कुमारी (60) वर्ष, भतीजी गरिमा (16)वर्ष टैम्पो चालक संजय (45) वर्ष मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर सराय भीषम गांव में रिश्तेदार के घर जा रहे थें। दोपहर में जैसे ही टेम्पो मोतिगरपुर चैराहे के करीब पहुँचा, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन को बचाने मे अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके नीचे महिला दब गई, चालक सहित तीन लोग दूर जाकर गिरें। सभी को चोटें आई। तेज आवाज पर आसपास के लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए और घायलों को इलाज के लिए धर्मराज पाठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने कुमारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं निरंजन, संजय व गरिमा, का इलाज किया। सूचना पर मोतिगरपुर पुलिस अस्पताल पहुँची, थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की विधिक कार्यवाही कर भेजा जा रहा हैं।

## रोजगार अप्रेंटिस मेले में 27 अभ्यर्थी चयनित

**अमेठी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि जनपद में आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गौरीगंज में रोजगार , अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 67 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त मेले में हीरो कम्पनी अलवर राजस्थान के एच0आर0 शिव कुमार द्वारा उपस्थित अभ्यार्थियों का साक्षात्कार किया गया तथा साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरान्त 27 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस दौरान उक्त आयोजित रोजगार , अप्रेन्टिस मेले में नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार, अप्रेन्टिसशिप प्रभारी अनिल कुमार मिश्र, सहायक अप्रेन्टिसशिप प्रभारी भारत भूषण मिश्रा व दिवाकर मिश्र उपस्थित रहे।

## विधायक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 15 व 16 को

**अमेठी।** एसडीएम आशीष सिंह ने बताया कि विधानसभा स्तर पर उप्र ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत महिला बालिका एवं पुरुष ,बालक श्रेणी में विभिन्न आयु वर्ग,सब जूनियर, जूनियर व सीनियर की विधायक खेल स्पर्धा कराने हेतु डीएम द्वारा निर्देशित किया गया है, जिसमें विधानसभा स्तर पर पुरुष,महिला की 8 खेल विधाओं यथा-एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वालीबॉल, फुटबाल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत स्पर्धा में एथलेटिक्स विधा में अनिवार्य रुप से प्रतियोगिता का आयोजन कराये जाने तथा कम से कम 04 अन्य खेल विधाओं में खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा तथा विधानसभा अमेठी-187 (विकास खण्ड-अमेठी, संग्रामपुर, भेटुआ, भादर) के इच्छुक विद्यालय के खिलाड़ियों व ग्रामीण अंचलों के समस्त खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का आयोजन जनपद में 15 व 16 दिसम्बर 2025 को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम, अमेठी में सम्पन्न कराया जायेगा, जिसमें प्रतिभागी को विधानसभा अमेठी-187 का निवासी होने के साथ ही खिलाड़ियों का युवा साथी पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा तथा खिलाड़ियों द्वारा आधार कार्ड की फोटोकॉपी एवं पासपोर्ट साइज का 01 फोटो क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी वि०ख०-अमेठी को उपलब्ध कराना होगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त आयोजित प्रतियोगिता हेतु इच्छुक खिलाड़ियों को https://www.yuvasathi.in/sport-registration पर अपना पंजीकरण कराने के साथ ही अधिक जानकारी हेतु क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी, वि.ख.-अमेठी रीना वर्मा मो.नं.-8112354470 से सम्पर्क किया जा सकता है।

## तेज रफ्तार बाइक ने छीन लिया 17 साल के इकलौते भाई की जिंदगी

**परशदेपुर, रायबरेली।** बुधवार दोपहर एक दिल दहला देने वाले सड़क हादसे ने हाजीपुर गांव के परिवार को हमेशा के लिए उजाड़ दिया। परिवार का इकलौते चिराग, कक्षा 11वीं का छात्र साहिल सिंह की महानन्दपुर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर साहिल अपनी स्कूटी से परशदेपुर की तरफ जा रहा था। महानन्दपुर गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी स्कूटी की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों गाड़ियाँ पूरी तरह चकनाचूर हो गईं। साहिल सड़क पर बुरी तरह जख्मी हालत में तड़प रहा था। परिजनों ने उसे फौरन अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। दूसरी बाइक सवार गोलू को सिर्फ मामूली चोटें आईं। परशदेपुर चैकी इंचार्ज मोहित भारद्वाज ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची। दोनों घायलों को अस्पताल भेजा गया था, लेकिन साहिल की रास्ते में ही मौत हो गई। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर मिलते ही दूसरी बाइक चालक के खिलाफ तेज रफ्तार व लापरवाही से मौत का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। साहिल अपने माता-पिता संजय सिंह व बबिता देवी का इकलौता बेटा था। उसके दो बडी बहनें अनुकृति और स्वीटी। जैसे ही शव घर पहुंचा, मां बबिता बेसुध होकर गिर पड़ीं। दोनों बहनें बिलख-बिलख कर भाई को पुकारती रहीं। उनकी टूटती आवाजें सुन हर आँख नम हो गई। भइया हमका छोड़ के काहे चले गइलन, अब केहका राखी बांधब, राखी का धागा सूना पड़ गया। सहिल की मौत के बाद हाजीपुर से परशदेपुर तक कोहराम मच गया। लोग बस एक ही बात दोहरा रहे थे एक पल की तेज रफ्तार ने पूरा घर बुझा दिया।साहिल पढ़ाई में होशियार था और घर का सहारा बनने की तैयारी कर रहा था। उसकी मौत ने इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी।

# डीईओ ने एसआईआर के डिजिटाइजेशन प्रगति की समीक्षा बैठक कर दिये निर्देश




**रायबरेली।** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत डिजिटाइजेशन कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप सभी प्रविष्टियों के डिजिटाइजेशन कार्य समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत शुद्धता के साथ पूर्ण किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मतदाता सूची एक अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज है, इसलिए इसमें दर्ज प्रत्येक प्रविष्टि का सही-सही सत्यापन आवश्यक है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को नामांकन, विलोपन, स्थानांतरण तथा सुधार संबंधी प्रपत्रों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनसे अपील की कि वे अपने बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने एवं त्रुटिरहित सूची तैयार कराने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## सुशील व घनश्याम बने प्रांतीय परिषद के सदस्य

**लालगंज, रायबरेली।** भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने सरेनी विधानसभा क्षेत्र के कर्मठ कार्यकर्ता और विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला और घनश्याम गौतम को प्रांतीय परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। प्रांतीय परिषद का सदस्य बनने पर लालगंज के पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडे,सरेनी मंडल अध्यक्ष नंदकुमार सिंह, बेनी माधवगंज के पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद सविता के द्वारा स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें कार्यकताओं ने सुशील शुक्ला और घनश्याम गौतम का माल्यार्पण कर अंग वस्त्र से सम्मान किया।

# आयकर विभाग ने गोष्ठी में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** रानी महेंद्र कुमारी सरदार वल्लभ भाई इंटर कॉलेज दियरा में बुधवार को आयकर विभाग ने गोष्ठी आयोजित की। मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आयकर अधिकारी राम करन गौतम ने कार्यक्रम की शुरूआत की। गोष्ठी मे छात्र-छात्राओं से आयकर की भूमिका और महत्व पर चर्चा की गई। सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए। सही जवाब देने पर 21 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

भारत सरकार वित्त मंत्रालय के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में आयकर अधिकारी राम करन गौतम ने छात्र छात्राओ को श्रोत पर कटौती, अग्रिम कर, स्वतः कर निर्धारण, नियमित कर्ज निर्धारण के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। उन्होने ने कहा कि किसी भी व्यक्ति विशेष की आमदनी यदि निर्धारित सीमा से अधिक है, तो निर्धारित की गई दर से भारत सरकार उससे आय कर वसूलती है। कार्यालय अधीक्षक श्रेया श्रीवास्तव ने प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर के बारे में बताते हुए कहा कि प्रत्यक्ष कर वह कर है जिसे व्यक्ति या संस्था अपनी आय या संपत्ति के आधार पर सीधे सरकार को चुकाती है। अप्रत्यक्ष कर वस्तुओं और सेवाओं पर लगाया जाता है। आयकर अधिकारी ने छात्र-छात्राओं से गोष्ठी में चर्चा किए गए विषयों और सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल पूछे। सही जवाब देने वाले 21 छात्र छात्रओं को पुरस्कृत किया। गोष्ठी में प्रधानाचार्य विजय बहादुर बहादुर, शिक्षक हवलदार सिंह, डॉक्टर निखिल कुमार श्रीवास्तव, श्रीमती सुशीला देवी, डॉक्टर जयराज पाण्डेय, सुजीत यादव, रविंद्र सिंह आदि रहे।

## प्रधान सहित चार अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

● दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकाला, कोर्ट के आदेश पर हुई कार्यवाही

**जगदीशपुर,थाना।** क्षेत्र के रामपुर मजरे उत्तरगाँव निवासी पति एवं ससुरालीजनों पर एक विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के पूरे मंजू शाह निवासी प्रतिभा पुत्री राजकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व हिंदू रीतिझरिवाज से जीतेन्द्र पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम रामपुर से हुई थी। विवाह में उसके परिजनों ने अपनी सामर्थ्य अनुसार सोने की चैन, दो सोने की अंगूठियां, वाशिंग मशीन, फ्रिज, कूलर, अलमारी, सोफा सेट, डाइनिंग टेबल, अपाची बाइक, बेड सेट, बक्सा तथा डेढ़ लाख रुपये नकद सहित अन्य सामान व नगदी दिया था शादी के कुछ माह बाद तक सब सामान्य रहा उसके बाद पति जीतेन्द्र ससुर विजय बहादुर, जेठ अचलबहादुर और जेठानी सुमित्रा चार पहिया वाहन की मांग करने लगे। जब उसने गरीबी का हवाला देकर मना किया तो सभी लोग उसे प्रताड़ित करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे वह गर्भवती हुई और एक बेटी अनन्या को जन्म दिया करीब दो वर्ष से वह मायके में रह रही थी। नवंबर 2025 में दोनों पक्षों में बातचीत हुई और उसकी विदाई कर दी गई, लेकिन ससुराल पहुंचते ही पुनः चार पहिया वाहन की मांग शुरू हो गई इस सम्बन्ध मे कोतवाल धीरेंद्र यादव ने बताया कि भुक्तभोगी की तहरीर पर पति जीतेन्द्र, ससुर विजयबहादुर, जेठानी सुमित्रा, अचलबहादुर ग्राम प्रधान के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर छानबीन जारी है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ट्रक से टकरायी कार, तीन घायल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पूर्वांचल-एक्सप्रेस-वे पर एक बड़ी दुर्घटना हो गयी, जिसमें बिहार से दिल्ली जा रहे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दोस्तपुर थाना क्षेत्र के माइल-स्टोन 165.7 के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार टाटा पंच कार एक टाटा 207 मिनी ट्रक से टकरा गई। मिनी ट्रक एक क्षतिग्रस्त वाहन को लेकर गोरखपुर की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टाटा 207 मिनी ट्रक एक्सप्रेसवे पर अचानक लेन बदल रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही टाटा पंच कार अनियंत्रित होकर उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मिनी ट्रक और टाटा पंच दोनों वाहनों को यूपीडा के



सुरक्षा कर्मियों ने कब्जे में लेकर टोल प्लाजा पर खड़ा कराया। कार में सवार मनीष साहू, अनीश साहू और रोशनी इस हादसे में घायल हुए। दुर्घटना के तुरंत बाद यूपीडा एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सीएचसी में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक अज्ञाराम यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को गंभीर हालत में अंबेडकरनगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार के साथ-साथ निगरानी की कमी के कारण दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। लोगों ने मांग की कि यहां सख्त मॉनिटरिंग और स्पीड कंट्रोल की व्यवस्था हो, ताकि ऐसे हादसों पर रोक लग सके।

## जर्जर सड़क से राहगीर परेशान मरम्मत की उठायी मांग

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर विकासखंड क्षेत्र में खालिसपुर दुर्गा से छीतेपट्टी तक जाने वाली करीब दो किलोमीटर लंबी मुख्य सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों ने सड़क को दुर्घटनाओं का केंद्र बना दिया है। स्थानीय लोग, दैनिक यात्री, छात्र-छात्राएँ और भारी वाहनों के चालक इस खस्ताहाल मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं, जिससे हर दिन हादसे का खतरा बना रहता है। ग्रामीण राजेश यादव बताते हैं कि यह मार्ग छीतेपट्टी से अंबेडकरनगर तक का प्रमुख संपर्क मार्ग है। दोस्तपुर कस्बे में जाम लगते ही कई ट्रक और भारी वाहन भी इसी रास्ते का उपयोग करते हैं, जिससे सड़क पर दबाव और अधिक बढ़ जाता है। लगातार बढ़ते यातायात और वर्षों से मरम्मत न होने के कारण सड़क की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। सी.एल. इंटर कॉलेज छीतेपट्टी के लगभग 500 छात्र-छात्राएँ प्रतिदिन इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। छात्र मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि गड्ढों से भरी सड़क पर साइकिल चलाना बेहद कठिन है, वहीं छात्राओं को अतिरिक्त जोखिम का सामना करना पड़ता है। कभी साइकिल पंचर तो कभी गिरने का डर। कई स्कूल बसें, मैजिक और छोटे वाहन भी इसी मार्ग से गुजरते हैं, जहां गड्ढों में पहिया फँसने से वाहन अनियंत्रित होने का खतरा बना रहता है। स्थानीय व्यापारियों व किसानों का कहना है कि खराब सड़क के कारण माल ढुलाई में दिक्कत आती है और आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क का तत्काल पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्य न हुआ तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीण उम्मीद कर रहे हैं कि जिला प्रशासन जल्द संज्ञान लेकर इस महत्वपूर्ण मार्ग की मरम्मत कराएगा, ताकि आवागमन सुचारू हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

# एनएसपीएस त्रिपुला में मना मानवाधिकार दिवस

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में मानवाधिकारों के मूल सिद्धांतों समानता, स्वतंत्रता और न्याय को स्मरण करते हुए मानवाधिकार दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने मानवाधिकारों को बनाये रखने की शपथ ली। छात्रा अंजली, एंजेल, अनुष्का, प्रेक्षा, शुभांजलि और श्रद्धा ने मानवाधिकारों के महत्व पर सारगर्भित व प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए बताया कि 10 दिसंबर 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया गया था, ये अधिकार हम सभी में निहित हैं, फिर चाहे हमारी स्थित कैसी भी हो, ये सबसे बुनियादी अधिकार हैं जो जीवन को जीने लायक बनाते हैं। इन सभी ने अपने भाषण में सामाजिक समानता, शिक्षा का अधिकार, महिला सशक्तिकरण, बाल अधिकार तथा मानव गरिमा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने मानवाधिकार दिवस की बधाई देते हुए कहा कि ह्लमानवाधिकार केवल किताबों के विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने का आधार हैं। हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना भी सीखना चाहिए। यही एक संवेदनशील, सशक्त और समतामूलक समाज की नींव है।




**एनएसबीवीएम में मनाया गया मानवाधिकार दिवस :** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में मानवाधिकार दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूल की छात्रा ने अपने सहपाठियों को बताया कि प्रति वर्ष 10 दिसम्बर को अपने ही देश में नहीं अपितु दुनिया भर में मावनाधिकार दिवस मनाया जाता है। इसके मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और भेदभाव को रोकना है। उसने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ हमें अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने की आवश्यकता है। मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोशणा उन अविभाज्य अधिकारों को सुनिश्चित करता है जो हर किसी को एक इंसान के रूप में प्राप्त हैं फिर चाहे वह किसी भी जाति, रंग, धर्म, लिंग, भाशा, राजनीति या अन्य स्थिति का हो। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, शाहीन खान, अजयराज सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 80 टोटियां चोरी, चौकीदार की तहरीर पर पुलिस ने की जांच शुरू

**अमेठी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रशासनिक भवन में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर देर रात संस्थान परिसर के पीछे की ओर से घुसकर करीब 80 पानी की टोटियां उखाड़ ले गए। घटना का पता सुबह निरीक्षण के दौरान चला। मंगलवार सुबह 10 बजे मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात चौकीदार रामबरन पाण्डेय ड्यूटी पर थे। संस्थान में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने के कारण चोरी की भनक रात में नहीं लग सकी। सुबह जब उन्होंने भवन का निरीक्षण किया तो कई जगहों पर लगी टोटियां गायब मिलीं। इसके बाद उन्होंने अमेठी कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। परिसर से जुड़े सीसीटीवी फुटेज, आने-जाने के रास्तों और अन्य संभावित सुरागों की गहन पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और रात में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि ऐसे घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

संक्षेप

## श्रवण मिश्र का हुआ 1 एसपीएलटी-10 सीजन 3 में चयन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कादीपुर छोटे से गांव मोहम्मदाबाद के श्रवण मिश्र ने अपनी प्रतिभा के दम पर प्रदेश का नाम एक बार फिर रोशन किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष मिश्र के भतीजे श्रवण का चयन 1 एसपीएलटी-10 सीजन 3 में दिल्ली सुपर हीरो टीम के लिए हुआ है। टीम के ओनर अभिनेता सलमान खान और उनकी बहन अर्पिता खान ने उन्हें बेस प्राइस पर खरीदते हुए बड़े मंच पर अवसर प्रदान किया है। श्रवण मिश्र इससे पहले दुबई कैपिटल टीम के रिजर्व खिलाड़ी रह चुके हैं और टीम के नेट बॉलर के रूप में भी उन्होंने अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखाई है। सबसे खास बात यह है कि उन्होंने इसी वर्ष दुबई में हुए एशिया कप एवं चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम को प्रैक्टिस कराई, जिसमें टीम विजयी रही। उनकी इस उपलब्धि से गांव से लेकर पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। परिजनों, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों ने चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में मंगला प्रसाद तिवारी, सुनील पांडेय, डॉ. श्रवण मिश्र, राजमणि वर्मा, राजीव कुमार, प्रदीप कुमार प्रधान सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। लोगों का कहना है कि श्रवण का यह चयन क्षेत्र के युवाओं को नई प्रेरणा देगा।

## कथावाचक सुमंत कृष्ण पर विद्युत चोरी की एफआईआर दर्ज

**मथुरा।** वृन्दावन कथा वाचक आचार्य सुमंत कृष्ण शास्त्री के विरुद्ध विद्युत चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। उनके द्वारा यह चोरी पागल बाबा-रुक्मणि विहार फ्लाई ओवर के समीप स्थित ब्रज धाम कॉलोनी के प्रथम फेज मे बन रहे अपने निमार्णाधीन आध्यात्मिक परिसर में की जा रही थी। जिसकी प्राथमिकी एंटी विधुत थेफ़्ट थाना मथुरा में दर्ज कराई गई है। बता दें कि सुमंत कृष्ण शास्त्री को इस समय देश की एक जानी मानी शख्सियत का करीबी माना जाता है।

## अस्पताल में मरीज के परिजनों का हंगामा

**मथुरा।** वृंदावन मथुरा मार्ग स्थित अटल्ला चुंगी के समीप ब्रज हेल्थ केयर अस्पताल में भर्ती एक मरीज के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा काटा। मौके पर पहुंचे सीनियर डॉक्टर ने परिजनों को बमुश्किल समझा बुझाकर मामला शांत कराया। ब्रज हेल्थ केयर अस्पताल परिसर में मंगलवार को उस समय अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया जब अस्पताल में भर्ती एक मरीज की पत्नी और अन्य परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही सहित गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। जानकारी के अनुसार मांट के गांव आलिया नगरा निवासी पप्पू चैधरी (40 वर्ष) इस अस्पताल में करीब एक सप्ताह से भर्ती है। उसकी हालत में अभी तक कोई सुधार न होने पर परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अपना रोष जताया। मरीज की पत्नी आशा चैधरी का कहना है कि उनके पति मथुरा स्थित एक अस्पताल में भर्ती थे। वहां उनकी तबियत कोई सुधार न होने पर यहां 3 दिसंबर को लाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती कर लिया। महिला का आरोप है कि इलाज के नाम पर उनसे रुपयों की लूट की जा रही है। इसके बाद भी उनकी हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती जा रही है।

# संभाषण प्रतियोगिताओं में जमकर बोले विद्यार्थी



- संस्कृति विवि में हुई प्रतियोगिता

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल आफ एजुकेशन द्वारा विकसित भारत /2047विषय पर विवि के विभिन्न स्कूलों के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें छात्रों ने हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत में भाषण दिए। विद्यार्थियों में विकसित भारत के लिए अपना दृष्टिकोण व्यक्त करने, सार्वजनिक मंच पर अपने विचारों को प्रस्तुत करने के कौशल, युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय प्रगति के बारे में आलोचनात्मक और रचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रेरित करने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सुश्री रिया वर्धन सक्सेना के स्वागत भाषण के साथ हुई। उन्होंने प्रतियोगिता और उसके उद्देश्यों का संक्षिप्त परिचय दिया गया। प्रतिभागियों ने भारत के विकास पर अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत किए, जिसमें शिक्षा, प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और सामाजिक सद्भाव जैसे क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया। अंग्रेजी में हुई भाषण प्रतियोगिता में तृप्ति (बी.ए. मनोविज्ञान), शिवा (बी.ए. बी.एड.), कृष (बी.ए. बी.एड.) विजेता घोषित किए गए। वहीं हिंदी संभाषण प्रतियोगिता में आशिका (बी.ए. मनोविज्ञान), सौरभ ( बीएमएस), अग्रज (बी.ए. बी.एड.) और संस्कृत संभाषण प्रतियोगिता में खुशी (बीएमएस),विजय (बीएमएस), अभिनव (बीएमएस) विजेता घोषित किए गए। विजयी सभी 9 विद्यार्थी गोरखपुर में होने वाली अंतर-राज्य प्रतियोगिता में अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्णायक सुश्री पूजा सहगल ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन कंटेंट, स्पष्टता, आत्मविश्वास और ओवरऑल प्रेजेंटेशन के आधार पर किया। छात्रों ने बेहतरीन बोलने की कला, क्रिएटिविटी और ज्ञान का प्रदर्शन किया, जो 2047 तक एक प्रगतिशील भारत के लिए उनके विजन को दिखाता है। इस इवेंट ने बौद्धिक जुड़ाव और प्रेरणा का माहौल बनाया, जिससे सभी प्रतिभागियों को भारत के भविष्य के बारे में गहराई से सोचने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विजेताओं को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट और पुरस्कार दिए गए, और सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम के समन्वयक सुश्री रिया वर्धन सक्सैना और देवांशु सिंह थे।

## शराब ठेके पर विवाद, स्कॉर्पियो सवार युवक का अपहरण और मारपीट

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत छटीकरा के समीप एक शराब के ठेके पर हुए मामूली विवाद के बाद एक स्कार्पियो सवार युवक को अगवा कर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। घटना ओमेक्स सिटी गेट के पास से शुरू हुई, जिसके बाद पीड़ित को निधिवन नाम की कॉलोनी और अनंतम कॉलोनी ले जाया गया, और आखिरकार उसे पलवल (हरियाणा) स्थित आरोपियों ने अपने गांव ले जाकर पीटा।

पीड़ित के चौमुंहा निवासी विजय सिंह ने अनुसार वह अपने साथी चैमुहां निवासी गौरव व अन्य साथियों के साथ छटीकरा स्थित शराब के ठेके पर शराब खरीदने गया था। जब उनकी स्कार्पियो गाड़ी में गाने बज रहे थे, तब पहले से ही शराब पी रहे कुछ लोग गानों पर नाचने लगे। शराब खरीदने के बाद जब उन्होंने अपनी गाड़ी आगे बढ़ाई, तो उन लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी बात पर कहा-सुनी हो गई। इसके बाद पीड़ित अपनी गाड़ी लेकर अपने गेस्ट की ओर जा रहे थे। जब वे चंद्रोदय मंदिर के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए आरोपियों ने अपनी इटियोस कार से उनकी स्कार्पियो में टक्कर मार दी। घबराकर पीड़ित ने अपनी गाड़ी ओमेक्स सिटी के गेट पर रोक ली। आरोपियों ने इसके बाद भी पीछा नहीं छोड़ा और खुली खिड़की में फिर से टक्कर मारी, जिससे गाड़ी में बैठे एक लड़के के पैर में गंभीर चोट आई। इसके बाद आरोपी अपनी गाड़ी लेकर ओमेक्स की साइड वाली रामताल जाने वाली सड़क पर चले गए। पीड़ित के मुताबिक, कुछ देर बाद आरोपी वापस लौटे और उन्होंने उनकी गाड़ी पर अपनी गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। तभी अचानक एक सफेद स्कार्पियो, एक स्विफ्ट और दो स्प्लेंडर मोटरसाइकिलों पर सवार होकर करीब 15 से 20 लोग मौके पर आ गए और उन्होंने पीड़ित को पकड़ लिया।

ओमेक्स गेट से युवक को अगवा कर लिया गया। आरोपी सबसे पहले उसे जीएलए यूनिवर्सिटी के सामने निधिवन नाम की कॉलोनी में ले गए। वहां कुछ अन्य लोग भी मौजूद थे, जिन्होंने पीड़ित को और पीटा। इसके बाद उसे अनंतम कॉलोनी ले जाया गया, जहां उसे जान से मारने की धमकी दी। अंततः आरोपी उसे सीधे अपने गांव पलवल (हरियाणा) ले गए, जहां उसे बुरी तरह पीटा गया और वह बेहोश हो गया। जब पीड़ित को होश आया, तो उसने पाया कि उसे बेहोश देखकर घबराए हुए आरोपी उसे अल्लाहपुर चैक पर छोड़कर भाग गए थे। पीड़ित ने तत्काल अपने परिजनों को कॉल की। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे और उसे वहां से ले आए। इस संबंध में थाना जैंत में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

## फिरोजाबाद ने इंदिरा क्रिकेट एकेडमी को हराकर जीती ट्रॉफी




**शिकोहाबाद।** शंभूनगर पालीवाल डिग्री कॉलेज के पीछे एकलव्य एकेडमी में चल रहे 15 दिवसीय स्वर्गीय श्री अमित यादव जी की याद में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच में बुधवार को डीसीए फिरोजाबाद और इंदिरा क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया जिसमें डीसीए फिरोजाबाद ने इंदिरा क्रिकेट एकेडमी को मात देकर फाइनल ट्रॉफी अपने नाम कर ली। पूर्व विधायक हरिओम यादव फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। टॉस जीतने के बाद पहले बैटिंग करने उतरी इंदिरा क्रिकेट एकेडमी ने 30 ओवर में 154 रन बनाये। जिसमें सर्वाधिक 230रन विक्रम और कमल ने 20 रन बनाये। जिसके जवाब में खेलने उतरी डीसीए फि रोजाबाद ने 21 ओवर में 160 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें सर्वाधिक 30 बोलो में मोहित ने 61 रन नाबाद बनाये। टूनार्मेंट का बेस्ट खिलाड़ी शिवम राठौर रहे। बेस्ट बॉलर में सौर्य यादव रहे। बेस्ट प्लेयर ऑफ टूनार्मेंट ईशांत यादव रहे। कॉमेंटेटर असलम (भोला) भाई रहे। विजेता टीम और द्वितीय टीम को में सुबोध यादव ( समाजसेवी), जोगेंद्र यादव (ब्लॉक प्रमुख) मदनपुर, विजय यादव (प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख) ट्रॉफी प्रदान की। कार्यक्रम के आयोजक विक्रम यादव और गौरव यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के समापन पर आशीष यादव, राधेश्याम यादव, विपिन यादव,गौरव यादव, विशाल पाठक, नवीन पालीवाल ,डा. राकेश पांडेय,प्रवीन पालीवाल ,गौरव यादव, धर्मेंद्र यादव ,विकास पालीवाल ,विक्रम यादव,गौरव, अक्षय यादव, विपिन यादव, राहुल यादव अजीत यादव, ज्ञानेन्द्र प्रकाश , सत्यप्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

## जीआरपी पुलिस ने बिछड़ी नाबालिग को उसके परिवार के सुपर्द किया

**टूंडला।** रेलवे स्टेशन पर अपने परिवार से बिछुड़कर आई एक 9 वर्षीय बालिका को जीआरपी पुलिस ने उसके परिवार के सुपर्द कर दिया। जीआरपी जवान गश्त पर थे तभी उनको एक नाबालिक लड़की रोते हुए प्लेटफार्म पर नम्बर-7 पर मिली। जब उससे नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम एवना पुत्री नाविद निवासी पटवारी नांगला थाना क्वारसी अलीगढ़ बताया। काफी ढूढने के बाद उसके परिजन नहीं मिले। जब बच्ची ने पिता का मोबाइल बताया तो उससे सम्पर्क कर उसको उसके परिवार के सुपर्द कर दिया। परिजनों ने बताया कि बच्ची पूर्वा एक्सप्रेस में से अचानक गायब हो गई थी।

## कार्य के दौरान बीएलओ की तबीयत बिगड़ी

**टूंडला।** नगर के बीरी सिंह कॉलेज में एस आई आर कार्य के दौरान बीएलओ की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिनको आनन फानन में स्टाफ ने हॉस्पिटल पहुंचाया। बुधवार को समय करीब 14:30 बजे बीएल ओ नीलम वर्तमान तैनाती गांधी विद्यालय जूनियर हाई स्कूल टूडली पत्नी रामसिंह निवासी शिवपुरी कोलोनी टूंडला द्वारा बीरी सिंह इंटर कोलेज में एसआईआर काम कर रही थी जिनकी काम करते समय अचानक तबीयत बिगड गयी,सुपरवाइजर बाबू हसन द्वारा आयुष्मान प्राइवेट हॉस्पिटल पुष्पा एनक्लेव कस्बा थाना टूंडला में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने बीपी हाई होने से चक्कर आने से तबीयत खराब होने की बात बताई, और इलाज शुरू किया जहां अब वो खतरे से बाहर है।

## शराब की दुकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा शराब की दुकान के कैमरे तथा दीवार तोड़कर दुकान में चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।दिनांक 04.12.2025 को लखमी चन्द्र पुत्र स्व. मुरारी लाल द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्त राधेश्याम पुत्र बहादुर सिंह निवासी भाऊ गडिया थाना नगला सिंघी फिरोजाबाद के द्वारा उसकी देशी शराब की दुकान की दीवार तोडकर दुकान से 35 पेटी व 5 क्वाटर देशी शराब चोरी कर ली गयी है व पहचान छिपाने के लिए कैमरा एवं टी.एफ.टी. तोड दिये गये हैं। तहरीर के आधार थाना टूण्डला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। बुधवार को मुखबिर खास द्वारा दी गयी सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा उक्त मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्त ललित कुमार उर्फ राधेश्याम पुत्र बहादुर को मय चोरी की 10 पेटी शराब सहति गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## आरेडिका में विशेष बाल मानसिक स्वास्थ्य और विकास मूल्यांकन कैंप का आयोजन

**रायबरेली।** आरेडिका चिकित्सालय एवं ग्लोब हेल्थ रिहेब सेंटर रायबरेली से आए चिकित्सकों द्वारा विशेष बाल मानसिक स्वास्थ्य एवं विकास मूल्यांकन कैंप का आयोजन किया गया था। इस कैंप का उद्देश्य उन विशेष बच्चों का मूल्यांकन करना था, जिन्हें बोलने, सुनने, व्यवहार या विकास संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है । स्पीच डिले, आइ कॉन्टैक्ट की कमी, संवाद में कठिनाई आदि स्थितियों से जुड़े तथा व्यवहार संबंधी समस्याओं वाले अनेक बच्चों का विशेषज्ञ द्वारा आकलन किया गया। अभिभावकों को बच्चों के विकास और व्यवहार प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ एवं घर पर अपनाए जा सकने वाले अभ्यास स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, बिहेवियर थेरेपी तथा विशेष शिक्षा से संबंधित उच्चस्तरीय परामर्श दिया गया। कैंप में बड़ी संख्या में अभिभावकों के साथ विभिन्न आयु वर्ग के कुल 45 बच्चों के साथ शामिल हुए, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विस्तृत परीक्षण किया गया। कैंप के आयोजन से अभिभावकों में जागरूकता बढ़ी तथा आरेडिका परिवार के लोगों को अपने बच्चों की विकास संबंधी स्थिति का सही मूल्यांकन प्राप्त हुआ ।

## सड़क की मरम्मत को प्रधान ने सांसद को लिखा पत्र

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** ग्राम पंचायत मीरामानिकपुर की वर्षों से जर्जर पड़ी मुख्य सड़क की मरम्मत को लेकर ग्रामीणों ने अब निर्णायक कदम उठाया है। ग्राम प्रधान उमेश कुमारी सिंह ने क्षेत्रीय सांसद माननीय रामभुआल निषाद को प्रार्थना पत्र भेजकर सड़क के शीघ्र निर्माण की मांग की है। लंबे समय से उपेक्षा के शिकार इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी परत और कीचड़ भरी सतह ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी में बड़ी बाधा बन चुकी है। प्रधान द्वारा भेजे गए प्रार्थना पत्र में उल्लेख है कि कूरेभार थाना के सामने से ग्राम मानीकपुर की ओर जाने वाली यह प्रमुख सड़क लगभग सात वर्षों से पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त है। बारिश के मौसम में इसका हाल और भी बदतर हो जाता है, जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएँ होना आम बात है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ 250 शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण




**टूंडला।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टूण्डला की टीम ने लगभग 250 शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया स्वास्थ्य परीक्षण करने वाली टीम में डॉक्टर संजय कुमार मेडिकल ऑफिसर गोविंद सिंह नर्सिंग ऑफिसर उमेश कुमार की लैब टेक्नीशियन ने बहुत गहनता से शिशुओं की जांच की इस अवसर पर शिशुओं के अभिभावकों ने भी आकर अपने शिशुओं की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी टीम द्वारा शिशुओं को पेट में कीड़े बुखार खांसी जुकाम दर्द भूख न लगना खून की जांच,शुगर की जांच आदि की गई कुछ शिशुओं को गहन परीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आने के लिए कहा गया,डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने शिशुओं को बताया कि स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए हमें नियमित व्यायाम के साथ-साथ फास्ट फूड से बचना चाहिए हड्डियों को मजबूत करने के लिए प्रतिदिन बच्चों को दूध पीना चाहिए जिससे कैल्शियम की कमी नहीं होती है हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए बच्चों को हरी सब्जियों का प्रयोग करना चाहिए एवं दूषित भोजन व दूषित पानी से बचाव करना चाहिए इस अवसर पर प्रबंधक पवन कुमार अग्रवाल ने शिशुओं से कहा कि हमें अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करना चाहिए एवं प्रतिदिन आहार में दालों का, दूध का, मक्खन का व हरी सब्जियों का प्रयोग करना चाहिए इस अवसर पर प्रधानाचार्य राममोहन श्रीवास्तव ने आई हुई टीम का हृदय से धन्यवाद दिया कार्यक्रम का आयोजन नूतन कुलश्रेष्ठ की देखरेख में संपन्न हुआ संचालन एवं शिशुओं का परीक्षण अनुशासन प्रमुख कुमारी आकांक्षा दीक्षित द्वारा किया गया इस अवसर पर नैनैश बाबू देवेन्द्र शर्मा मन्जू सक्सैना स्नेह लता शर्मा विनीता शर्मा संजना कुमारी प्रियंका दीपिका नम्रता आदि उपस्थित रहीं।

# रिफाइनरी में सेना का तकनीकी अभ्यास



**मथुरा।** भारतीय सेना की इंजीनियर्स रेजिमेंट (आर एंड पी) 8 से 13 दिसंबर 2025 के बीच इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि. की मथुरा रिफाइनरी में एक व्यापक और उन्नत तकनीकी अभ्यास कर रही है। इस संयुक्त अभ्यास का मुख्य उद्देश्य सेना के जवानों को देश की महत्वपूर्ण ऊर्जा अवसंरचना के संचालन, सुरक्षा और आपातकालीन प्रबंधन तंत्र से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना है।

अभ्यास के दौरान सेना के अधिकारी और जवान रिफाइनरी की प्रमुख प्रक्रिया इकाइयों/क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट, हाइड्रोजन जनरेशन यूनिट, ऊर्जा संरक्षण प्रणाली, टैंक फार्म क्षेत्र व पाइपलाइन इनपुट/ आउटपुट सुविधाओं का गहन अध्ययन कर रहे हैं। विशेषज्ञों की अगुवाई में विस्तृत तकनीकी प्रस्तुतीकरण, फील्ड विजिट और प्रायोगिक सत्र आयोजित हो रहे हैं, जिनसे सैनिकों को कच्चे तेल के प्रसंस्करण, ऊर्जा प्रबंधन तथा जोखिम नियंत्रण प्रक्रियाओं की गहरी समझ विकसित हो रही है। इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी के तकनीकी सेवाओं, उत्पादन, पाइपलाइन तथा अग्नि एवं सुरक्षा विभाग अभ्यास में भाग लेने वाली टुकड़ी को सतत सहयोग प्रदान कर रहे हैं। अधिकारी रिफाइनरी की उन्नत सुरक्षा प्रणाली, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल और संचालन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी साझा कर रहे हैं। इंजीनियर्स रेजिमेंट भारतीय सेना की उन चुनिंदा इकाइयों में शामिल है, जिसे ऊर्जा एवं पेट्रोलियम क्षेत्र से जुड़े संचालन, रखरखाव और संकट प्रबंधन में विशेष दक्षता प्राप्त है। युद्धकालीन परिस्थितियों या राष्ट्रीय आपदाओं के दौरान पेट्रोलियम आपूर्ति श्रृंखला की निरंतरता बनाए रखने में यह रेजिमेंट महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इंडियन ऑयल और सेना के बीच इस तरह के नियमित संयुक्त अभ्यास ऊर्जा अवसंरचना की सुरक्षा, तकनीकी समन्वय, परस्पर सहयोग और आपदा प्रबंधन क्षमता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण माने जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है बदलते वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में ऐसी साझा तैयारी देश के सामरिक हितों के लिए आज अत्यावश्यक हो गई है।

## बांके बिहारी मंदिर में का एएसआई, आईआईटी रुड़की टीम ने किया निरीक्षण

**मथुरा।** प्रसिद्ध श्री बांके बिहारी मंदिर में नए साल पर आने वाले श्रद्धालु रेलिंग व्यवस्था से कतारबद्ध होकर ठाकुरजी के दर्शन करेंगे। आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसे लेकर एएसआई व आईटीआई रुड़की की टीम बुधवार को बांके बिहारी मंदिर पहुंची। जहां विशेषज्ञों ने मंदिर प्रबंधन के साथ मंदिर परिसर में लगाई गई रेलिंग व आसपास के क्षेत्र का अत्याधुनिक मशीनों से निरीक्षण किया। यहां बताते चलें कि पिछले हफ्तों में बनाई गई उच्च-पावर कमेटी की ओर से प्रस्तावित रेलिंग व्यवस्था के लिए यह सर्वे व्यापक रूप से किया गया।

पिछली बैठक में तय हुआ था कि नए साल से मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालु रेलिंग के माध्यम से कतारबद्ध होकर प्रवेश करेंगे। निरीक्षण दल ने मंदिर के दो नंबर गेट और तीन नंबर गेट के आसपास की जमीन, मार्ग और सार्वजनिक सुरक्षा व भीड़ नियंत्रण की संभावना को बारीकी से परखा। कमेटी सदस्य दिनेश गोस्वामी ने बताया कि रेलिंग ट्रैक के लिए चुनी गई लोकेशन की जमीनी-स्थिति, भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज का निरीक्षण किया गया। ज्ञात हो कि मंदिर परिसर में पहले भी एक बड़ा गड्ढा हो चुका था, जिसे कोरोना दौर में भरवाया गया था, जिसमें करीब 70 से 80 लाख रुपये खर्च किए गए थे। अब, रेलिंग जैसी स्थायी व्यवस्था से दर्शन के दौरान किसी दुर्घटना या असुविधा की संभावना को न्यूनतम करने की कोशिश की जा रही है। ऐसे में आने वाले त्यौहारों व श्रद्धा-मय दिनों में भक्तों को सुरक्षित, और सम्मानजनक दर्शन सुविधा मिल सके। इस दौरान एएसआई के डिप्टी डायरेक्टर राज नारायण सिंह, हाई पावर टेम्पल मेनेजमेंट कमेटी के सदस्य दिनेश गोस्वामी, मंदिर प्रबंधक मुनीश शर्मा व टीम के विशेषज्ञ मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं ने गांवों को शिकोहाबाद में शामिल न होने के विरोध में की जमकर नारेबाजी



**शिकोहाबाद।** तहसील के 70 ग्राम सभा की रजिस्ट्री कार्य जसराना तहसील से अब तक शिकोहाबाद तहसील में स्थानांतरण न होने के विरोध में बुधवार को अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्य ठप्प कर अनिश्चित काल के लिए हड़ताल पर चले गए। इस दौरान बार एसोशिएशन के अध्यक्ष हरिओम यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुये विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बार के अध्यक्ष ने कहा कि जब सिरसागंज सहित अन्य तहसील का परिसीमन हुआ था उस समय प्रशासन ने वायदा किया था कि सिरसागंज तहसील के गठन के बाद तहसील जसराना में शामिल 70 गावों की रजिस्ट्री कार्य शिकोहाबाद सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में होगा। लेकिन सिरसागंज तहसील में शिकोहाबाद तहसील के गांव उसमें शामिल हो गए। लेकिन अब तक तहसील जसराना में शामिल गांव अब तक तहसील में शामिल नहीं किए। जब तक प्रशासन अधिवक्ताओं की मांग नहीं मानेगा तब तक रजिस्ट्री कार्य को नही होने देगे। प्रशासन से मांग है कि अधिवक्ताओं की मांग पर गंभीरता से विचार किया जाए। तथा तहसील जसराना के गांव की रजिस्ट्री का काम शिकोहाबाद स्थानांतरण किया जाए। विरोध करने वालों के उम्मेदबाबू महासचिव, शिवकुमार शर्मा, ब्रजेश चन्द्र, कपिल श्रीवास्तव, के पी सिंह, महेश कुलश्रेष्ठ, विनय यादव, सुभाष चन्द्र, कृष्ण औतार यादव, अनिल शर्मा, रवीन्द्र राजपूत, पंकज वघेल, जयकुमार, निश्चल श्रीवास्तव, पवन, धर्मवीर आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षक ही वह सेतु हैं जो दिव्यांग विद्यार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ते हैं : डॉ. संतोष अंश

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज के बी.एड. विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर समावेशी शिक्षा रू दिव्यांग शिक्षार्थियों के अधिकार और शिक्षक की भूमिका विषय पर एक सारगर्भित एवं जागरूकता-परक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. भारती सिंह ने की। उन्होंने कहा कि समावेशी शिक्षा मानवाधिकारों की सच्ची अभिव्यक्ति है। हर बच्चे के भीतर सीखने की क्षमता होती है, बस शिक्षक को उसे पहचानने और अवसर देने की आवश्यकता होती है। असिस्टेंट प्रोफेसर शांतिलता कुमारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगता किसी विद्यार्थी की सीखने की क्षमता को कम नहीं करती; बाधा केवल समाज की सोच और शिक्षण वातावरण में होती है। शिक्षक यदि सहयोगी दृष्टिकोण अपनाएँ, तो कक्षा हर बच्चे के लिए सहज बन सकती है। डॉ. संतोष अंश ने कहा कि समावेशी शिक्षा से ही हम ऐसा समाज बना सकते हैं जहाँ किसी भी बच्चे को उसकी कमी के आधार पर अलग-थलग न किया जाए। शिक्षक ही वह सेतु हैं जो दिव्यांग विद्यार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ते हैं। शिक्षकों को लचीली पद्धतियों को अपनाना चाहिए ताकि हर विद्यार्थी समान रूप से सीख सके। बी.एड. द्वितीय वर्ष की आर्चिता सिंह ने कहा कि समावेशी शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि हर बच्चे को सम्मान और सुरक्षा का वातावरण मिले। एक सच्चा शिक्षक वही है जो विद्यार्थी की कमजोरी नहीं, उसकी क्षमता को पहचानता है। अनुभवी सिंह ने कहा कि दिव्यांग शिक्षार्थियों को केवल सहानुभूति की नहीं, अवसर और उपयुक्त संसाधनों की आवश्यकता होती है। विद्यालयों में रैम्प, ब्रेल पुस्तकों, श्रवण-सहायक उपकरणों जैसी सुविधाएँ अनिवार्य होनी चाहिए।

# एनडीआरएफ व रेलवे की संयुक्त मॉक ड्रिल संपन्न




**मथुरा।** आगरा मण्डल के मथुरा जंक्शन पर मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के मार्गदर्शन में 8वीं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), गाजियाबाद एवं रेलवे द्वारा संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित की गयी। इस संयुक्त मॉक ड्रिल में रेलवे के परिचालन, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, इंजीनियरिंग, मेडिकल, सिविल डिफेंस, स्काउट एवं गाइड, एआरटी/आगरा, एआरएमवी/आगरा, के साथ मथुरा जनपद के पुलिस प्रशासन, अग्निशमन एवं चिकित्सा विभाग ने मिलकर कार्य किया।

संयुक्त मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपात स्थति में रेलवे आपदा प्रबंधन टीम, एनडीआरएफ और जिला प्रशासन के साथ मिलकर त्वरित रूप से कार्य कर अधिक से अधिक जीवन को बचाकर जानमाल की क्षति को कम करना होता है । इस संयुक्त मॉक ड्रिल में अपर मण्डल रेल प्रबंधक/इंफ्रा, प्रनव कुमार,वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, आफताब अहमद, डिप्टी कमान्डेंट/एनडीआरएफ, रविन्द्र कुमार; जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन, चिकित्सा विभाग व अग्निशमन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि एनडीआरएफ विभिन्न प्राकृतिक और मानव-निर्मित आपदाओं के दौरान लोगों और जान-माल की रक्षा करती है। एनडीआरएफ विशेष टीमों को संगठित, प्रशिक्षित और सुसज्जित करती है और आपदाग्रस्त क्षेत्रों में त्वरित और कुशल प्रतिक्रिया देती है। यह विशेष बल बाढ़, भूकंप, सुनामी, चक्रवात, रासायनिक दुर्घटनाओं और अन्य आपातकालीन स्थितियों में काम करता है और राज्य व जिला अधिकारियों की मदद करता है। जन संपर्क अधिकारी कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि आपातकालीन स्थतियों में स्थानीय संसाधन और त्वरित कार्यवाई की अहम्-भूमिका होती है। रेलवे से सूचना मिलते ही रेलवे के संबंधित विभाग एवं जिला प्रशासन की टीमें सक्रिय हो गयी। इस तरह की तैयारिया हमें दक्ष बनाती है। इस तरह के अभ्यास मंडल में किये जाते हैं। इस संयुक्त मॉक ड्रिल में रेलवे, एनडीआरएफ एवं सिविल प्रशासन के लगभग 150 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

## आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में फिरोजाबाद ने हासिल किया प्रथम स्थान

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन की एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली आईजीआरएस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के त्वरित निस्तारण, पारदर्शिता और जनसेवा के प्रति निष्ठा रखने पर जनपद फिरोजाबाद द्वारा प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता हमारी संयुक्त पुलिस टीम वर्क का परिणाम है। जनता की शिकायतों का त्वरित व समयबद्ध समाधान ही हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आईजीआरएस शाखा में तैनात निरीक्षक उमेश कुमार शर्मा प्रभारी आईजीआरएस, आरक्षी अभिषेक द्विवेदी, आरक्षी रजत उपाध्याय, महिला आरक्षी दीपा कुमारी, महिला आरक्षी सुधा को प्रशस्ति पत्र तथा नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।




# दक्षिण अफ्रीका व भारत के दूसरे मैच में गिल पर रहेगी नजर



मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़)। अभी तक सबसे छोटे प्रारूप में अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने घरेलू मैदान पर फॉर्म में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पांच मैचों की इस श्रृंखला के पहले दो मैचों के बीच केवल एक दिन का अंतराल है और ऐसे में गिल को सीधे मैदान पर उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

भारत ने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से करारी शिकस्त दी लेकिन सितंबर में एशिया कप में टी20 टीम में वापसी करने वाले गिल का औसत प्रदर्शन अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में कप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन टी20 में वह अपनी इस सफलता को नहीं दोहरा पाए हैं जिससे उन पर दबाव बनना स्वाभाविक है। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, फिर भी टीम प्रबंधन ने गिल की टी20 सलामी बल्लेबाज के रूप में क्षमता पर अधिक भरोसा दिखाया। इसके बाद संजू की टीम में जगह अनिश्चित हो गई। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल आसानी से वह भूमिका निभा सकते हैं जो विराट कोहली ने पिछले साल टी20 विश्व कप तक भारत के लिए निभाई थी। भारतीय टीम में आठवें नंबर तक बल्लेबाजी के विकल्प मौजूद हैं और उसने अब अपने निडर दृष्टिकोण को और मजबूत कर लिया है, जिससे एक सूत्रधार के लिए बहुत कम जगह बची है। गिल निश्चित रूप से पावरप्ले में अभिषेक शर्मा की तरह आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं और इसलिए उन्हें यह पता लगाना होगा कि वह अपनी भूमिका कैसे अच्छी तरह निभा सकते हैं। गिल के अलावा कप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भी अगले साल फरवरी मार्च में होने वाले विश्व कप से पहले चिंता का विषय बना हुआ है। उनका विश्व कप से पहले फॉर्म में लौटना भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

न्यू चंडीगढ़ के ठंडे वातावरण में भारत का अपने विजयी संयोजन में कोई बदलाव करने की संभावना नहीं है। चोट से उबरकर राष्ट्रीय टीम में वापसी करते हुए हार्दिक पंड्या ने अदद ऑलराउंडर के रूप में अपनी स्थिति को फिर से साबित कर दिया। कटक में पहले मैच में उनकी 28 गेंदों में खेली गई 59 रन की पारी ने मुश्किल विकेट पर बहुत बड़ा अंतर पैदा किया। वह अपने इस प्रदर्शन को यहां भी जारी रखने के लिए उत्सुक होंगे। पहले मैच में खेलने वाली टीम से यह भी संकेत मिला कि दो प्रमुख गेंदबाज अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव एक साथ अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं हो सकते हैं क्योंकि टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक अच्छे बल्लेबाज को रखने के पक्ष में है।

# चोटें आपकी मानसिक मजबूती की परीक्षा लेती हैं, दमदार वापसी चाहता था : हार्दिक



कटक। भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का मानना है कि चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने के बाद वह सकारात्मक मानसिकता से ही दमदार और बेहतर वापसी करने में सफल रहे। एशिया कप के दौरान चोटिल होने वाले इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम में शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 28 गेंद पर नाबाद 59 रन की तूफानी पारी खेली और फिर 16 रन देकर एक विकेट लिया।

भारत ने इस मैच में 101 रन से बड़ी जीत हासिल की। हार्दिक ने बीसीसीआई टीवी पर जारी किए गए एक वीडियो में कहा, मेरी सोच यह थी कि मैं पहले की तुलना में अधिक दमदार और बेहतर वापसी करूं। चोटें मानसिक रूप से आपकी परीक्षा लेती हैं और साथ ही कई तरह के संदेह भी पैदा करती हैं। इससे उबरने में अपने करीबी लोगों का भी बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा मैंने खुद को मजबूत बनाए रखा जिससे मुझे अधिक आत्मविश्वास मिला तथा खुद पर भरोसा करने और अपनी क्षमताओं पर पूरी तरह से विश्वास करने में मदद मिली है। मुझे एक खिलाड़ी के रूप में खुद पर पूरा भरोसा है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर आप खुद पर विश्वास नहीं करते हैं, तो दूसरे आप पर कैसे विश्वास करेंगे।

टी20 विश्व कप में भारतीय अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी हार्दिक ने कहा कि वह ऐसे इंसान हैं जो आत्मविश्वास अपने भीतर से प्राप्त करता है और लोग क्या सोच रहे हैं इसकी ज्यादा परवाह नहीं करता है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैं जीवन में बेहद ईमानदार और यथार्थवादी इंसान रहा हूं जिससे मुझे बहुत मदद मिली है। मुझे घुमा फिरा कर बात करना पसंद नहीं है। मैं इसकी परवाह नहीं करता कि अन्य लोग मेरे बारे में क्या सोच रहे हैं।

मैं हमेशा इस पर ध्यान देता हूं कि मैं खुद के बारे में क्या सोच रहा हूं। हार्दिक ने कहा अब वो समय आ गया है जब हार्दिक पंड्या सिर्फ खेल खेलना चाहता है, मैदान पर हर पल का आनंद लेना चाहता है। अब बड़ा और बेहतर बनना ही मेरे जीवन का ध्येय है। पंड्या का कहना है कि दर्शकों के समर्थन से उन्हें नई ऊर्जा मिलती है, जो उन्हें उम्मीदों पर खरा उतरने में मदद करती है। उन्होंने कहा आपको एक रॉकस्टार होना चाहिए। आप आते हैं, 10 मिनट तक परफॉर्म करते हैं और भीड़ पागल हो जाती है, मुझे लगता है कि यही मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा रही है। मैंने जिंदगी में कई मुश्किलों का सामना किया और उनसे सबक लिया। इसलिए जब भी मैं मैदान पर उतरता हूं तो मुझे लगता है कि दर्शक बस मेरा ही इंतजार कर रहे हैं। वे मुझे बल्लेबाजी करते हुए देखने के लिए ही इंतजार कर रहे हैं।

## संक्षेप

### भारतीय निशानेबाजी लीग 16 फरवरी से

नयी दिल्ली। भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) के पहले सत्र का आयोजन अगले साल 16 से 26 फरवरी तक किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से टकराव से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ( आईएसएसएफ) के 2026 कैलेंडर के हिसाब से तारीखें तय की गई हैं। लीग को इससे पहले 2026 की शुरुआत तक टाल दिया गया था। फ्रेंचाइजी आधारित इस लीग में कई शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज पिस्टल, राइफल और शॉटगन वर्ग में मिश्रित टीम प्रारूप में मुकाबला करेंगे। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने विज्ञप्ति में कहा, एसएलआई हमारे खेल के लिए एक मील का पत्थर है जो फ्रेंचाइजी आधारित, खिलाड़ियों को तरजीह देने वाला है और अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व के लिए वैश्विक कैलेंडर के हिसाब से है।

### कुराश राष्ट्रीय शिविर में 1.12 करोड़ की वित्तीय सहायता मिली

नयी दिल्ली। अगले वर्ष होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के तहत भारत की कुराश टीम भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के गांधीनगर स्थित क्षेत्रीय केंद्र में 25 दिन के सीनियर राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है। इस 25 दिवसीय शिविर की शुरुआत 21 नवंबर को हुई जिसे साइ की टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप (टीएजीजी) योजना के तहत स्वीकृत किया गया है। शिविर में शामिल कुल 52 सदस्यों में 48 खिलाड़ी और चार कोच हैं। इन्हें राष्ट्रीय खेल महासंघों की सहायता (एएनएसएफ) योजना के अंतर्गत 1.12 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। शिविर का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को ट्रेनिंग सुविधाओं तक पूर्ण पहुंच उपलब्ध कराना, कोचिंग और खेल विज्ञान सहायता प्रदान करना है। खेल मंत्रालय ने कुराश के राष्ट्रीय खेल महासंघ की मान्यता रद्द कर दी है लेकिन इसके बावजूद साइ यह सुनिश्चित कर रहा है कि भारत के कुराश खिलाड़ी अच्छी ट्रेनिंग जारी रख सकें।

### अगले साल भारत में होगी राष्ट्रमंडल खो खो चैंपियनशिप

नयी दिल्ली। अगले साल नौ से 14 मार्च तक भारत में होने वाली पहली राष्ट्रमंडल खो खो चैंपियनशिप में 24 से ज्यादा देश शिरकत करेंगे। हालांकि इसके लिए भारत में जगह अभी तय नहीं हुई है। राष्ट्रमंडल खेल (सीएस) की भारत में चैंपियनशिप के लिए मंजूरी मिलने के बाद भारतीय खो खो महासंघ जगह तय करने के लिए कई राज्यों से बात कर रहा है। इस टूर्नामेंट में पुरुषों की 16 और इतनी ही महिलाओं की टीम हिस्सा लेंगी।

यह टूर्नामेंट इस साल जनवरी में दिल्ली में हुए पहले खो खो विश्व कप की तरह होगा जिसमें 23 देशों ने हिस्सा लिया था। अहमदाबाद को हाल में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए मेजबान शहर के तौर पर आधिकारिक रूप से पुष्टि किए जाने के बाद यह भारत में पहला राष्ट्रमंडल खो खो टूर्नामेंट होगा। खो खो महासंघ के महासचिव उपकार सिंह विर्क ने कहा, हम जगह को फाइनल करने के लिए कई राज्यों से बात कर रहे हैं।

# वेस्टइंडीज 205 रन पर आउट

## टिकनर को अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे माइकल रे से अच्छा सहयोग मिला




एजेंसी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर के चोटिल होने से पहले किए गए शानदार प्रदर्शन की मदद से वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन बुधवार को यहां पहली पारी में 205 रन पर आउट कर दिया। टिकनर ने 32 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन क्षेत्ररक्षण करते समय वह गिर गए और उनके कंधे में चोट लग गई।

इसके बाद उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया। टिकनर को अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे माइकल रे से अच्छा सहयोग मिला। उन्होंने 65 रन देकर तीन विकेट लिए जिससे वेस्टइंडीज की टीम 75 ओवर में ही सिमट गई। न्यूजीलैंड ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 24 रन बनाए हैं। उस समय डेवोन कॉनवे 16 और कप्तान टॉम लैथम सात रन पर खेल रहे थे। न्यूजीलैंड इस तरह से वेस्टइंडीज से पहली पारी में 181 रन पीछे है। टिकनर की चोट से न्यूजीलैंड के चोटिल खिलाड़ियों की सूची में एक और नाम जुड़ गया है। उसकी टीम पहले से ही मैट हेनरी, विल ओरूर्क, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ और काइल जैमीसन जैसे तेज गेंदबाजों के बिना खेल रही हैं। विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इस मैच में नहीं खेल रहे हैं।

उनकी जगह मिशेल हे को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिला। कुछ विषम परिस्थितियों के बावजूद पहले टेस्ट को ड्रा कराने वाली वेस्टइंडीज की टीम आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरी लेकिन उसके बल्लेबाज क्राइस्टचर्च में दूसरी पारी की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाए। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद अच्छी शुरुआत की। जॉन कैंपबेल (44) और ब्रैंडन किंग (33) ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े, जो 21 पारियों में वेस्टइंडीज की तरफ से पहले विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है।

लंच के समय वेस्टइंडीज का स्कोर दो विकेट पर 92 रन और चायकाल तक चार विकेट पर 175 रन था लेकिन इसके बाद उसकी पारी लड़खड़ा गई। उसने अपने आखिरी छह विकेट 29 रन के अंदर गंवाए। पहले टेस्ट की पहली पारी में अर्धशतक और दूसरी पारी में शतक बनाने वाले शाई होप ने टीम की तरफ से सर्वाधिक 48 रन बनाए।

### अर्शदीप-कुलदीप को एक साथ फिट करना मुश्किल

मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़)। ऑस्ट्रेलिया में खेले गए आखिरी तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में जितेश शर्मा को अंतिम एकादश में शामिल करना अगर प्रयोग जैसा लग रहा था तो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन पर उन्हें प्राथमिकता देना अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले टीम प्रबंधन की सोच को स्पष्ट करता है। सैमसन की जगह निचले क्रम के किसी विशेषज्ञ फिनिशर को तरजीह देने के लिए थिंक टैंक को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। सैमसन को शुभमन गिल की वापसी के बाद बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष स्थान से हटा दिया गया था, जिसमें उनकी कोई गलती नहीं थी। तब से वह अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जितेश टीम में फिनिशर की अपनी भूमिका को अपनी रोजी-रोटी मानते हैं।

# कोहली आईसीसी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर, रोहित शीर्ष पर बरकरार




दुबई। भारत के महान क्रिकेटर विराट कोहली सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाज का स्थान फिर हासिल करने की कवायद में आगे बढ़ते हुए बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। कोहली अप्रैल 2021 में पाकिस्तान के बाबर आजम द्वारा शीर्ष से हटाए जाने के बाद से दोबारा एकदिवसीय बल्लेबाजों सूची में नंबर एक स्थान हासिल नहीं कर पाए हैं। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत दाएं हाथ का यह बल्लेबाज एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करने के करीब पहुंच गया है। सैंतीस साल के कोहली को तीन मैच में 302 रन बनाने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया और वह नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के सुधार से टीम के अपने साथी रोहित शर्मा के बाद दूसरे स्थान पर आ गए।

रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में 146 रन बनाकर रैंकिंग के शीर्ष पर अपनी जगह बरकरार रखी। कोहली विशाखापत्तनम में श्रृंखला के आखिरी मैच में नाबाद 65 रन की पारी की बदौलत रोहित से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे हैं। रोहित के 781 जबकि कोहली के 773 अंक हैं। शुभमन गिल चोट के कारण तीन मैच की श्रृंखला में नहीं खेल पाने के बावजूद पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में टीम की अगुआई करने वाले लोकेश राहुल दो स्थान के फायदे से 12वें पायदान पर हैं। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में तीन स्थान के फायदे से तीसरे नंबर पर आ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक (तीन पायदान ऊपर 13वें स्थान पर), एडेन मारक्रम (चार पायदान ऊपर 25वें स्थान पर) और तेम्बा बावुमा (तीन पायदान ऊपर 37वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अक्षर पटेल (दो पायदान ऊपर 13वें स्थान पर), अर्शदीप सिंह (तीन पायदान ऊपर 20वें स्थान पर) और जसप्रीत बुमराह (छह पायदान ऊपर 25वें स्थान पर) की भारत की तिकड़ी ने कटक में पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 101 रन की जीत के बाद रैंकिंग में सुधार किया।

यशस्वी जायसवाल टेस्ट रैंकिंग में आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय बल्लेबाज बने हुए हैं। गिल और ऋषभ पंत एक-एक पायदान आगे बढ़कर क्रमशः 11वें और 13वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है।

# उद्घाटन मैच में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश के सामने होगी हिंदुस्तान टाइम्स की चुनौती

लखनऊ। पिछले संस्करण की विजेता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश व हिंदुस्तान टाइम्स के बीच मैच से 13 दिसंबर से एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग 2025 की शुरूआत होगी। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) के तत्वावधान में होने वाली लीग का उद्घाटन मैच केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर सुबह नौ बजे से खेला जाएगा। दिन के दूसरे मैच में दोपहर 12 बजे से मेजबान एलएसजेए एकादश व मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश के बीच टक्कर होगी। लीग का ड्रा बुधवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में प्रतिभागी टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में पूर्व भारतीय क्रिकेटर ज्ञानेंद्र पाण्डेय ने निकाला। एलएसजेए के सचिव एसएम अरशद ने बताया कि लीग कम नाकआउट आधार पर होने वाली लीग का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर होगा जबकि कुछ मैच चौक स्टेडियम पर भी खेले जाएंगे। लीग का फाइनल मुकाबला 19 दिसंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शाम 4 बजे से दूधिया रोशनी में खेला जाएगा। इस लीग में आठ टीमें भाग ले रही है। पूल ए में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश, हिंदुस्तान टाइम्स, डी-एआईआर एकादश व दैनिक जागरण और पूल बी में टाइम्स ऑफ इंडिया, कम्बाइंड मीडिया एकादश, एलएसजेए एकादश और मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश को जगह मिली है। दोनों पूल की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल का टिकट हासिल करेंगी।

> एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग 2025 की शुरूआत 13 दिसंबर से

### सूर्यकुमार का कप्तानी में सहज रवैया : स्टेन

कटक। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका सहज रवैया खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। स्टेन ने जियोस्टार पर कहा जब आपको अपनी टीम का समर्थन मिल रहा होता है और आप अपने माहौल में सहज महसूस करते हैं, तो आप अपने खिलाड़ियों के साथ खुलकर बातचीत कर सकते हैं। आपको अपनी जगह या कप्तानी को लेकर कोई खतरा महसूस नहीं होता। उन्होंने कहा जब आप टीम को सर्वोपरि रखते हैं। जब आप यह कहते हैं किसी खिलाड़ी के लिए व्यक्तिगत रूप से सर्वश्रेष्ठ क्या है। टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ क्या है। हर कोई इसी तरह का कप्तान चाहता है, जो आत्मविश्वास से भरा हो, मिलनसार हो और व्यापक हित के लिए समायोजन करने को तैयार हो। चाहे यह सिर्फ एक मैच या श्रृंखला के लिए ही क्यों न हो।

# फुटबॉल : लिवरपूल ने इंटर मिलान को हराया




एजेंसी

लंदन। स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह को टीम से बाहर किए जाने के बावजूद लिवरपूल ने पेनल्टी पर किए गए गोल के दम पर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में इंटर मिलान को 1-0 से हराकर आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत हासिल की। बार्सिलोना और बायर्न म्यूनिख ने भी शानदार वापसी करते हुए जीत का जश्न मनाया, जबकि चेल्सी को हार का सामना करना पड़ा। लिवरपूल की तरफ से नियमित पेनल्टी लेने वाले सालाह के टीम से बाहर होने के कारण डोमिनिक स्ज़ोबोस्ज़लाई को यह भूमिका निभानी पड़ी।

उन्होंने हालांकि टीम को निराश नहीं किया और 88वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके प्रतियोगिता में अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों में शामिल इंटर मिलान के विजय अभियान पर रोक लगाई। लिवरपूल के लिए यह जीत महत्वपूर्ण थी क्योंकि वह सभी प्रतियोगिताओं में पिछले छह मैचों में केवल एक मैच में ही जीत हासिल कर पाया था। इस जीत से टीम आठवें स्थान पर पहुंच गई है और राउंड ऑफ 16 में सीधे प्रवेश करने की दौड़ में शामिल हो गई है। इंटर मिलान पांचवें स्थान पर खिसक गया है। बायर्न म्यूनिख के 17 वर्षीय मिडफील्डर लेनार्ट कार्ल ने चैंपियंस लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिससे उनकी टीम ने स्पोर्टिंग लिस्बन पर 3-1 से जीत हासिल की। इससे बायर्न आर्सेनल के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। कार्ल ने चैंपियंस लीग के चार मैचों में तीसरा गोल किया।

> बार्सिलोना और बायर्न म्यूनिख भी जीते

### मेस्सी को एमएलएस का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया

फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)। इंटर मियामी के स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में लगातार दूसरी बार साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अर्जेंटीना के इस 38 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन से उनकी टीम इंटर मियामी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार हासिल करने में सफल रही। एमएलएस कप चैंपियन टीम के कप्तान मेस्सी एमएलएस के इतिहास में लगातार दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (एमवीपी) का खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मंगलवार को उन्हें लीग के इस साल के सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान का विजेता घोषित किया गया। मेस्सी ने अपने साथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके बिना यह पुरस्कार जीतना संभव नहीं था।

# जूनियर विश्व कप : भारत ने जीता कांस्य पदक



एजेंसी

चेन्नई। आखिरी 11 मिनट में चार गोल करके भारत ने 2021 की चैम्पियन अर्जेंटीना को बुधवार को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में 4-2 से हराकर नौ साल बाद जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप में पदक जीत लिया। दो बार (होबार्ट 2001 और लखनऊ 2016) में चैम्पियन रही भारतीय टीम ने आखिरी बार नौ साल पहले कोई पदक जीता था। पिछले दो बार टीम कांस्य पदक का मुकाबला हारकर चौथे स्थान पर रही थी। भारत के लिये अंकित पाल (49वां), मनमीत सिंह (52वां), शारदानंद तिवारी (57वां) और अनमोल इक्का (58वां) ने गोल दागे। वहीं अजेंटीना के लिये निकोलस रौद्रिगेज (पांचवां) और सैंटियागो फर्नांडिस (44 वां) ने गोल किये। तीन क्वार्टर तक दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए आखिरी क्वार्टर में दनादन चार गोल करके खचाखच भरे मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में मानो जान फूंक दी। पहले 49वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को अंकित ने गोल में बदलकर भारत का खाता खोला। वहीं 52वें मिनट में भारत को फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर अनमोल इक्का के शॉट पर गेंद डिफ्लैक्ट होकर मनमीत की स्टिक से टकराकर गोल के भीतर गई। स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद लग रहा था कि मैच शूटआउट में जायेगा लेकिन आखिरी सीटी बजने से तीन मिनट बाकी रहते भारत को अहम पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे शारदानंद तिवारी ने गोल में बदलकर पहली बार भारत को बढत दिलाई। अर्जेंटीना को अगले मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस टूर्नामेंट की खोज रहे गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने एक बार फिर शानदार बचाव किया। भारत को 58वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को अनमोल इक्का ने गोल में बदला।

# महिला में हिमाचल व पुरुषों में पंजाब ने जीती ट्रॉफी

खेल संवाददाता




लखनऊ। दमदार मुकाबला, तेज अटैक और हर गोल पर उठते शोर के बीच हिमाचल प्रदेश ने 37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल (पुरुष व महिला) चैंपियनशिप के महिला वर्ग के खिताबी मुकाबले में मेजबान उत्तर प्रदेश का सपना तोड़ते हुए 33-19 से दमदार जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में पंजाब की टीम ने तेज खेल व सटीक रणनीति की बदौलत राजस्थान को 32-23 से हराते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देशीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया गया। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एमएलसी विजय पाठक एवं विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिजीत सरकार ने विजेता, उपविजेता व तीसरे स्थान पर रही टीमों को ट्रॉफी व पदक प्रदान कर सम्मानित किया। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने विजेताओं सहित प्रतिभागी टीमों में शामिल खिलाड़ियों को बधाई दी और आयोजन में सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डा. सुमंत पाण्डेय, केडी सिंह बाबू स्टेडियम के हैंडबॉल कोच मो. तौहीद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

> 37वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल (पुरुष व महिला) चैंपियनशिप

महिला वर्ग के फाइनल में हिमाचल प्रदेश ने मेजबान उत्तर प्रदेश को 33-19 से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच में शुरू में दोनों ही टीमों के मध्य कांटे की टक्कर हुई। इस दौरान मेजबान लड़कियों ने भी खासी फुर्ती दिखाई लेकिन हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ियों ने अपने अनुभव व तालमेल के सहारे दबाव बनाया और मध्यांतर तक 18-9 की मजबूत बढ़त बना ली। मध्यांतर के बाद हिमाचल की खिलाड़ियों ने आक्रामक अंदाज अपनाया जबकि यूपी की खिलाड़ियों ने वापसी की कोशिश की लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर चूक टीम पर भारी पड़ी।

# ओमान, न्यूजीलैंड से समझौता जल्द

## मुक्त व्यापार को लेकर चल रहा अंतिम विचार मंथन : गोयल

एजेंसी



जयपुर। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि ओमान और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए बातचीत अपने अंतिम चरण में है और दोनों के जल्द ही संपन्न होने की उम्मीद है। उन्होंने संकेत दिया कि दक्षिण अमेरिकी देश चिली के साथ भी व्यापार समझौते के लिए बातचीत जल्द पूरी हो जाएगी।

मंत्री ने कहा कि ओमान के साथ समझौते के लिए बातचीत अंतिम चरण में है और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले शुक्रवार को नयी दिल्ली आ रहे हैं। मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत अंतिम चरण में पहुंच रही है। इस बीच, वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि गहन वार्ता के तीन दौर (नवंबर 2023-मार्च 2024) के बाद दोनों पक्ष सीईपीए (व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता) के सभी घटकों पर एक समझौते पर पहुंच गए हैं जिसमें पाठ्य एवं बाजार पहुंच प्रस्ताव शामिल हैं। इसमें कहा गया कि मार्च 2024 में मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्तुत एक प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप आगे की बातचीत की आवश्यकता पड़ी। चौथे दौर (सितंबर 2024) और पांचवें दौर (13-14 जनवरी 2025) में संशोधित प्रस्तावों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें कहा गया, प्रासंगिक प्राधिकारी की स्वीकृति के बाद, हस्ताक्षर व पुष्टि के लिए मंत्रिमंडल नोट का मसौदा संबंधित मंत्रालयों को भेजा गया। दोनों पक्ष अब आंतरिक अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं। इजराइल के साथ व्यापार समझौते पर गोयल ने कहा कि उन्होंने इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के साथ हाल ही में बैठक की थी और दोनों पक्षों ने प्रस्तावित समझौते के लिए अपने मुख्य वार्ताकारों को नियुक्त कर दिया है। तेल अवीव में दोनों देशों ने समझौते के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने हेतु संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर पिछले महीने हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा हमें उम्मीद है कि इजराइल के साथ पहले चरण की शुरुआत होगी।

गोयल प्रवासी राजस्थानी दिवस में हिस्सा लेने यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हमने व्यापार से संबंधित मुद्दों पर विभिन्न देशों के नेताओं के साथ कई बैठकें की हैं। मंत्री ने कहा भारत व्यापार एवं वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है। कई देश भारत के साथ व्यापार समझौते करने को इच्छुक हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत और इजराइल 2010 से एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत कर रहे हैं। इसमें 280 शुल्क श्रेणियों या उत्पाद श्रेणियों को शामिल करने वाले 10 दौर पूरे हो चुके हैं। इसके अलावा, इसमें कहा गया कि भारत-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर तीन जुलाई 2025 को माले में हस्ताक्षर किए गए थे। टीओआर आगामी एफटीए वार्ताओं के लिए ढांचा एवं दायरा निर्धारित करता है। समझौते पर वार्ता शुरू हो चुकी है। भारत और कतर भी मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करने हेतु एक टीओआर को अंतिम रूप दे रहे हैं।

# पाकिस्तान और भारत आपस में लड़ रहे थे, मैंने युद्ध खत्म करवाया : ट्रंप



न्यूयॉर्क/ पेंसिल्वेनिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दावे को फिर से दोहराते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान में जंग छिड़ी हुई थी और उन्होंने ही परमाणु हथियारों से लैस दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष को समाप्त कराया। ट्रंप अब तक लगभग 70 बार यह दावा कर चुके हैं कि उन्होंने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष को रुकवाया था। ट्रंप ने मंगलवार को पेंसिल्वेनिया के माउंट पोकोनो में अर्थव्यवस्था पर एक रैली में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा दस महीनों में मैंने आठ युद्ध समाप्त करवाए जिनमें कोसोवो (और) सर्बिया, पाकिस्तान और भारत, इजराइल और ईरान, मिस्र और इथियोपिया आर्मेनिया और अजरबैजान शामिल हैं, वे आपस में लड़ रहे थे।

भारत ने छह और सात मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसके तहत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया था। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद संघर्ष समाप्त करने के लिए 10 मई को सहमति बनी। भारत ने संघर्ष के समाधान में किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से लगातार इनकार किया है। इसी बीच, ट्रंप ने कहा कि कंबोडिया और थाईलैंड में फिर से लड़ाई शुरू हो गई है और कल वह उन देशों को फोन करेंगे। ट्रंप ने कहा ऐसा कौन कह सकता है कि मैं एक फोन कॉल करके थाईलैंड और कंबोडिया जैसे दो बेहद शक्तिशाली देशों के बीच जारी युद्ध को रोक दूंगा? वे आपस में लड़ रहे हैं। लेकिन मैं यह करूंगा। इसलिए हम ताकत के बल पर शांति स्थापित कर रहे हैं।

## संक्षेप

### भारत में रेल यात्रा पड़ोसी देशों की तुलना में किफायती : वैष्णव

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि पड़ोसी देशों की तुलना में भारत में रेल टिकट की कीमतें सबसे सस्ती हैं, और भारतीय रेल ने इस बाबत पिछले साल 60,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी थी। लोकसभा में कांग्रेस सदस्य एम के विष्णु प्रसाद के एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए रेल मंत्री ने यह बात कही। कांग्रेस सांसद ने पूछा था कि क्या सरकार कोविड महामारी से पहले की तरह वरिष्ठ नागरिकों को रेल टिकट पर मिलने वाली छूट को बहाल करने की योजना बना रही है। उत्तर में वैष्णव ने कहा कि भारत में टिकटों की कीमतें विकसित देशों की कीमतों का लगभग पांच या 10 प्रतिशत हैं। मंत्री ने प्रश्नकाल के दौरान कहा, पड़ोसी देशों की तुलना में भी टिकट का मूल्य बहुत, बहुत सस्ता रखा गया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल, भारतीय रेलवे ने लगभग 60,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी थी ताकि यात्री परिवहन सस्ता बना रहे। वैष्णव ने कहा, हमारे पड़ोसी देशों की तुलना में भी, भारत अपने नागरिकों या यात्रियों को सबसे सस्ता परिवहन साधन उपलब्ध करा रहा है।

# नेतन्याहू ने किया पीएम मोदी को फोन

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। नेतन्याहू ने मोदी को टेलीफोन किया और पश्चिम एशिया की स्थिति पर अपने विचार साझा किए। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्र में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की, जिसमें गाजा शांति योजना का शीघ्र कार्यान्वयन भी शामिल है। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी में प्रगति पर संतोष जताया और परस्पर लाभ के लिए इन संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने आतंकवाद की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के सभी रूपों को कतई बर्दाश्त नहीं करने के अपने दृष्टिकोण को दोहराया।

> पश्चिम एशिया की स्थिति से अवगत कराया

# रास में विपक्ष ने वंदे मातरम में दो अंतरे रखने के निर्णय को तुष्टीकरण बताने पर जतायी कड़ी आपत्ति

एजेंसी



नयी दिल्ली। राज्यसभा में बुधवार को कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के सदस्यों ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम को तुष्टीकरण के कारण संक्षिप्त करने के सत्तारूढ़ भाजपा के नेताओं के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि इतिहास को विकृत करके पेश नहीं किया जाना चाहिए और इससे आजादी की लड़ाई में कुर्बानी देने वालों का अपमान होता है। कांग्रेस के जयराम रमेश ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि लोग इतिहास में राजनीति को घुसा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हिस्टोरियन (इतिहासकार) बनना चाहते हैं किंतु डिस्टोरियन (विकृत करने वाले) बन गये हैं। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना के 150 बरस पूरे होने पर उच्च सदन में मंगलवार को इस चर्चा की शुरूआत करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि यदि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के दो टुकड़े न किए जाते तो देश का विभाजन भी नहीं होता। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि बाबू राजेन्द्र प्रसाद ने 28 सितंबर 1937 को सरदार वल्लभ भाई पटेल को एक पत्र लिखकर कहा था कि वंदे मातरम्‌ को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में जो राय है उसे देखते हुए कांग्रेस की कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) में कोई रुख अपनाया जाए।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त संबंधी समिति को लेकर पीएम पर भरोसा नहीं : वेणुगोपाल

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर रखने पर बुधवार को सरकार को आड़े हाथ लिया, जिस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से रविशंकर प्रसाद ने कहा कि जब प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चुनी हुई सरकार पर न्यूक्लियर बटन का भरोसा किया जा सकता है, तो इन नियुक्तियों के समय ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता।

चुनाव सुधारों पर लोकसभा में चर्चा में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस के वेणुगोपाल ने दावा किया कि हाल के वर्षों में निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया था कि निष्पक्ष चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग का तटस्थ होना जरूरी है। वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार ने इसके उलट किया और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) एवं निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) के चयन की समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर कर दिया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि कानून मंत्री को इस पर जवाब देना चाहिए। उनके बाद पूर्व कानून मंत्री और भाजपा सांसद प्रसाद ने कहा, जब प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार पर न्यूक्लियर बटन का भरोसा किया जा सकता है, तो एक अच्छे सीईसी या ईसी को चुनते समय ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जब संसद ने अपनी समझ से चयन समिति के संबंध में कानून पारित किया है, जिसमें प्रधान न्यायाधीश को शामिल नहीं किया गया है, तो न्यायपालिका को हर चीज़ में क्यों शामिल किया जाना चाहिए। प्रसाद ने दावा किया कि वेणुगोपाल भी इस बात से सहमत थे कि उच्चतम न्यायालय की पीठ द्वारा प्रस्तावित चयन समिति सिर्फ एक अंतरिम व्यवस्था थी। भाजपा नेता का न्यूक्लियर बटन से संकेत देश द्वारा अत्यंत असामान्य स्थिति में परमाणु हथियार चलाने की अनुमति देने के निर्णय से था।

# बनारसी कारीगरों का अस्तित्व खतरे में : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को बनारसी कारीगरों के दर्द का उल्लेख किया और कहा कि वह इस विषय को सड़क से लेकर संसद तक उठाएंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने बनारसी कारीगरों के एक समूह से पिछले दिनों मुलाकात की थी। उन्होंने इस बातचीत का वीडियो बुधवार को जारी किया।

राहुल ने अपने व्हाट्सऐप चैनल पर पोस्ट किया कल मैंने संसद में बनारसी साड़ियों की खूबसूरती, उसकी संस्कृति और इतिहास के बारे में बात की, उनके धागों में ही हिन्दुस्तान की आत्मा गुथी हुई है। बनारसी सिल्क साड़ियां और बनारसी कढ़ाई का नाम लेते ही भारत की समृद्ध कला आंखों में उतर आती है। सदियों से चली आ रही यह परंपरा केवल कपड़ा नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता, हमारे त्योहारों और हमारे उत्सवों की पहचान है। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले जन संसद में बनारस के कढ़ाई कारीगर भाइयों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात हुई, उनका दर्द वही है जो भारत के करोड़ों छोटे कारीगरों, दस्तकारों और हुनरमंदों की आज की दास्तान है। उन्होंने कहा उनकी शिकायत उस वक्त है और जब उनके सांसद खुद प्रधानमंत्री मोदी हैं। कांग्रेस नेता ने कहा सरकारी उपेक्षा के शिकार ये कारीगर अपना परंपरागत काम छोड़ कर मजदूरी करने, रिक्शा चलाने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बेरोज़गारी बनारस की सबसे कड़वी सच्चाई बन चुकी है।

> सड़क से संसद तक उठाऊंगा उनकी आवाज

खासकर युवाओं के लिए रोजगार के सारे अवसर खत्म हो गए हैं। मजबूरी में वो अपने शहर, अपना घर छोड़कर दूसरे राज्यों और शहरों में काम की तलाश में भटक रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार कुछ चंद पूंजीपतियों को बढ़ावा देकर बाजार पर उनका ही एकाधिकार तैयार कर रही है और छोटे कारीगरों का व्यापार, उनका अस्तित्व, दोनों खतरे में डाल रही है। राहुल गांधी ने कहा मैंने बार-बार कहा है, भारत को रोजगार और सम्मानजनक आजीविका देने के लिए उत्पादन के लोकतांत्रिक मॉडलै जरूरी है।

# सरकार भारतीय डाक की व्यावसायिक प्रक्रिया में सुधार पर काम कर रही है : सिंधिया

नयी दिल्ली। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि भारतीय डाक को अधिक डिजिटल अनुकूल बनाने और बेहतर सेवा वितरण के लिए सरकार इसकी व्यावसायिक प्रक्रिया में सुधार लाने को लेकर काम कर रही है। सिंधिया ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि वर्तमान में देश भर में 1.64 लाख डाकघर हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले 11 वर्षों में डाक नेटवर्क के विस्तार के लिए काम किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम भारतीय डाक की संपूर्ण व्यावसायिक प्रक्रिया में सुधार में जुटे हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# दिसंबर का पहला हफ्ता फिल्मों के लिए हुआ लकी



मुंबई। रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। इसके बाद यह बात सामने आई है कि पिछले कुछ सालों में दिसंबर का पहला हफ्ता बॉक्स ऑफिस के लिए लकी साबित हो रहा है। लगातार तीसरे साल दिसंबर के पहले हफ्ते में रिलीज हुई फिल्मों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। 2023 में 'एनिमल, 2024 में 'पुष्पा 2' और 2025 में 'धुरंधर' इन तीनों सालों में इसी हफ्ते रिलीज फिल्मों ने थिएटर्स में शानदार बिजनेस किया। 1 दिसंबर को रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' ने बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड बना दिए। ओपनिंग डे पर फिल्म ने दुनियाभर में 116 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म 100 करोड़ रुपए के बजट में बनी थी और इसने वर्ल्डवाइड 915 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की। यह अपने बजट का 9 गुना से अधिक रहा, जिससे यह रणबीर कपूर के करियर की सबसे सफल फिल्मों में से एक बन गई। वहीं, विक्की कौशल की फिल्म 'सैम बहादुर' भी 1 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। फिल्म का अनुमानित बजट लगभग 55 करोड़ रुपए था और इसने वर्ल्डवाइड करीब 128.17 करोड़ रुपए की कमाई की। भारत में इसका कुल नेट कलेक्शन लगभग 76.6 करोड़ रुपए रहा। सैम बहादुर ने एनिमल जैसी बड़ी फिल्म से टक्कर के बावजूद अच्छा प्रदर्शन किया।

> पछले तीन सालों में रिलीज हुई 'एनिमल, 'पुष्पा 2' और 'धुरंधर' ने किया शानदार प्रदर्शन

अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' 5 दिसंबर 2024 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई। फिल्म का बजट लगभग 500 करोड़ रुपए था, जबकि इसने वर्ल्डवाइड 1800 करोड़ रुपए से अधिक का कलेक्शन किया। भारत में इसका कुल नेट कलेक्शन अनुमानित रूप से 1234 करोड़ रुपए रहा। अब 2025 में आदित्य धर निर्देशित 'धुरंधर' भी शानदार कमाई कर रही है। 5 दिसंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने महज 5 दिनों में ही 150 करोड़ रुपए कमा लिए। वहीं, इसने दुनिया भर में लगभग 225 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है।

## रेमो की फिल्म में दिखेंगे जितेंद्र कुमार

**मुंबई।** एक्टर जितेंद्र कुमार अब एक नए अवतार में नजर आने वाले हैं। उनकी अगली रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'टेढ़ी हैं पर मेरी हैं' का टीजर रिलीज हुआ है, जिसमें वे गुलाब हकीम का किरदार निभा रहे हैं। रेमो डिसूजा इस फिल्म को प्रेजेंट कर रहे हैं। यह एक फनी और क्यूट लव स्टोरी है। फिल्म में जितेंद्र कुमार के अपोजिट आरजे महवश नजर आएंगी। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को जयेश प्रधान डायरेक्ट कर रहे हैं और प्रदीप सिंह ने लिखा है। फिल्म को इशान शिल्पी वर्मा, विशाल त्यागी और अनवर अली खान प्रोड्यूस कर रहे हैं, जबकि म्यूजिक इस्माइल दरबार देंगे। फिल्म को लेकर रेमो डिसूजा ने कहा, फिल्ममेकर के तौर पर मुझे हमेशा ऐसी कहानियां पसंद आई हैं जो रियल लाइफ से जुड़ी हों।

# कबीर सिंह के गाने बेखयाली पर विवाद



**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर अमाल मलिक अपने एक दावे को लेकर विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। अमाल ने अपने एक इंटरव्यू में 'कबीर सिंह' के सुपरहिट गाना बेखयाली को लेकर दावा किया था कि ये गाना उन्होंने बनाया था, जिसे चुरा लिया गया। अब इस गाने के बनाने वाली म्यूजिक कंपोजर जोड़ी सचेत और परंपरा ने पूरी कंट्रोवर्सी पर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने अमाल मलिक को फटकार लगाते हुए माफी की मांग की है। साथ ही, कोर्ट में जाने की भी बात कही है। सचेत और परंपरा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो जारी किया है।

> अमाल मलिक के दावे पर भड़के सचेत-परंपरा, ये हमारा गाना, आपको शर्म आनी चाहिए, माफी मांगे

# रेखा को रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मिला अवॉर्ड



मुंबई। बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस रेखा को सऊदी अरब के जेद्दा में हुए रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में ऑनरी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सिनेमा में उनके लंबे योगदान के लिए दिया गया। रेखा 7 दिसंबर को फेस्टिवल में शामिल हुईं। इस मौके पर उनकी 1981 में रिलीज हुई मशहूर फिल्म उमराव जान की स्क्रीनिंग रखी गई। यह फिल्म फेस्टिवल के ट्रेजर्स स्ट्रैंड सेक्शन में दिखाई गई। यह सेक्शन उन फिल्मों के लिए बनाया गया है जिन्हें दोबारा रिस्टोर कर दिखाया जाता है। इन फिल्मों ने सिनेमा के इतिहास में अपनी खास पहचान बनाई है। स्क्रीनिंग के दौरान हॉल में भारी भीड़ थी। दर्शकों, मीडिया और अंतरराष्ट्रीय फिल्म जगत के लोगों ने रेखा का स्वागत किया। फिल्म के डायरेक्टर मुजफ्फर अली भी इस मौके पर मौजूद थे। वहीं संगीतकार खय्याम के परिवार को भी याद किया गया। फिल्म उमराव जान के निर्देशक मुजफ्फर अली के साथ अभिनेत्री रेखा। कार्यक्रम में रेखा ने कहा, मैं ज्यादा बोलने वाली नहीं हूं। उमराव जान के डायलॉग्स ने भी वही कहा जो मेरी आंखें महसूस करती थीं। मेरी मां हमेशा कहती थीं कि अपनी उपलब्धियों के बारे में बात मत करो, बस ऐसा जीवन जियो जिससे लोग सीखें। मैंने वही सीखा कि क्या नहीं करना चाहिए। इसलिए मैंने यह मौका नहीं छोड़ा और इस फेस्टिवल में आई। रेखा ने आगे कहा, 'हर बात से ज्यादा असर खामोशी में होता है।

> सिनेमा में योगदान के लिए एक्ट्रेस को किया गया सम्मानित




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com